धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
24.12.2024
* नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौस, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 163



क्रिसमस को ले कर राजधानी रांची एक से एक चरणी तैयार

## न्यूज डायरी

### आज मध्यरात्रि प्रभु यीशु लेंगे जन्म

**रांची।** मंगलवार की मध्यरात्रि प्रभु यीशु जन्म लेंगे। इसके बाद क्रिसमस का जश्न शुरू होगा। मसीही समाज के लोग प्रभु यीशु मसीह के स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए हैं। घरों व चर्चा की साफ-सफाई की जा रही है। पुरोहित व मसीही समुदाय अनुयायियों के घर-घर जाकर प्रभु के आगमन पर उनके स्वागत के लिए तैयार रहने का संदेश दे रहे हैं। क्रिसमस को लेकर पूरे शहर को सजाया गया है। राजधानी के सभी चर्च रंग बिरंगी झालरों, स्टार, क्रिसमस ट्री, पुष्प आदि से सजाया गया है। चर्च के बगल में चरनी बनायी जा रही है जहां प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव मनेगा।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरायी, दो की मौत

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र के कुलडा जंगल के पास सोमवार को एक तेज रफ्तार इनोवा कार ने सड़क किनारे एक पेड़ को जारदार टक्कर मार दी। इससे कार पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे में चालक मामूली रूप से घायल हुआ। मृतकों में आशीष कुमार सिंह (31) और अरशद अली (30) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार आशीष कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के हुरहुरी गांव का रहने वाला था। वर्तमान में डोरंडा मणिटोला में रहता था, जबकि अरशद अली डोरंडा दर्जी मुहल्ला का रहने वाला था।

### प्रियांक कानूनगो बने एनएचआरसी के सदस्य

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का सदस्य नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 4(1) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए कानूनगो को एनएचआरसी का सदस्य नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी।

### ईंट भट्ठे की दीवार गिरी 4 बच्चों की दर्दनाक मौत

**नयी दिल्ली।** हरियाणा के हिसार जिले के नारनौंद के पास बुढ़ाना गांव में एक दुखद हादसा हुआ, जिसमें ईंट भट्ठे में दीवार गिरने से 7 बच्चे दब गये। इस हादसे में 4 बच्चों की मौत हो गयी। इन बच्चों की उम्र 3 महीने से 9 साल के बीच बताई जा रही है। रात को भट्ठे की चिमनी से जुड़ी दीवार गिर गयी, इसमें मजदूरों के परिवार दब गये।

### भारत ने बंगलादेश का अनुरोध खारिज किया

**नयी दिल्ली।** भारत ने सोमवार को पुष्टि की कि उसे बंगलादेश से एक राजनयिक नोट मिला है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस भेजने का अनुरोध किया गया है। भारत यह अनुरोध ठुकरा दिया और कहा कि उसे इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करनी है। बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। साथ ही भारत को एक पत्र लिख कर हसीना को ढाका वापस भेजने का आग्रह किया था।

### तीसरी आंख




## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने स्कूली शिक्षा में बड़ा बदलाव, नो डिटेंशन पॉलिसी खत्म

# 5वीं-8वीं में फेल छात्रों को नहीं मिलेगा प्रमोशन

### दो माह के भीतर पास करनी होगी परीक्षा, निष्कासन नहीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का फैसला लिया है। शिक्षा मंत्रालय के इस नये नियमों के तहत 5वीं और 8वीं कक्षा के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा में असफल होने पर फेल किया जा सकेगा। उन्हे प्रमोशन नहीं मिलेगा। नयेनियम के तहत अब ऐसे फेल बच्चों को दोबारा से उस कक्षा को पास करना होगा।

हालांकि स्कूल छात्रों को स्कूल से निष्कासित नहीं कर सकते हैं। इन छात्रों को दो महीने के भीतर पुनः परीक्षा का अवसर मिलेगा। पास होने के लिए उन्हें दोबारा परीक्षा देनी होगी और जब तक वे पास नहीं होते पदोन्नत नहीं किया जायेगा। यदि वे इस पुनः परीक्षा में भी सफल नहीं हो पाते, तो उन्हें अगली कक्षा में प्रमोट नहीं किया जायेगा।

**गिर रहा था शिक्षा का स्तर :** यह बदलाव पहले से चल रही व्यवस्था का हिस्सा है, जिसमें 8वीं कक्षा तक विद्यार्थियों को बिना परीक्षा के अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था।

इस व्यवस्था के कारण स्कूली शिक्षा का स्तर गिरता गया, जिसका असर 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा परिणामों पर भी पड़ा।



**राज्यों को कुछ छूट :** नयी व्यवस्था के तहत, राज्य सरकारों को यह अधिकार मिलेगा कि वे चाहें तो 5वीं और 8वीं कक्षा के लिए बोर्ड परीक्षा आयोजित करवा सकती हैं। यह नया नियम 'निशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार संशोधन नियम 2024' के तहत जारी किया गया है, जिसे शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा अधिसूचित किया गया है। यह नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होते ही लागू हो गये हैं।

### शिक्षा में सुधार का महत्वपूर्ण कदम

इस नये बदलाव पर विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव शिक्षा के स्तर में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नयी शिक्षा नीति के तहत ऐसे कई बदलाव किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य छात्रों को उनके अध्ययन में अधिक गंभीरता से काम करने का अवसर देना और शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाना है। इस पॉलिसी को खत्म करने का मुख्य उद्देश्य एकेडमिक परफॉर्मेंस में सुधार लाना है। इसके साथ ही इससे छात्रों की सीखने की क्षमता में भी विकास होगा जिसके चलते केंद्र सरकार की ओर से यह अहम फैसला लिया गया गया है। केंद्र सरकार की ओर से 5वीं से लेकर 8वीं तक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि इन कक्षाओं को बुनियादी शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इस नीति के खत्म करने से छात्रों को अधिक सीखने पर जोर दिया जायेगा।

## समीक्षा बैठक में अफसरों पर भड़की मंत्री शिल्पी नेहा, कहा

# पूरी जानकारी के साथ बैठक में आयें

- राज्य स्तरीय रबी फसल कार्यशाला में अधिकारियों की लापरवाही से नाराज हुई मंत्री
- गोड्डा के जिला कृषि पदाधिकारी को शो-कॉज




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सोमवार को विभागीय अधिकारियों के जवाब से नाराज दिखीं। जिला कृषि पदाधिकारियों के पास कृषि मंत्री के सवाल का जवाब नहीं था। कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजना और उसके लाभुकों की सही जानकारी देने में जिला कृषि पदाधिकारी फिसड्डी साबित हुये। दरअसल रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में रबी फसल पर राज्य स्तरीय कर्मशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को रबी फसल की सही जानकारी देना और उन्नत कृषि की ओर कदम बढ़ाना रहा। विभागीय सचिव अबूबक्कर सिद्दिखी ने कहा कि कृषि विभाग में काम करना एक बेहतर अवसर है। किसानों से मिलकर जमीनी, हकीकत को जानकर किसानों को सरकार की योजना का लाभ दिया जा सकता है। बीएयू ने झारखंड की भूमि के अनुसार बीज तैयार किए हैं, जिसका लाभ राज्य के किसानों को दिया जा सकता है।

**मंत्री के सवालों में गच्चा खा गये अधिकारी :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जब कर्मशाला को संबोधित करना शुरू किया तो उन्होंने सबसे पहले जिला कृषि पदाधिकारी से विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में सवाल पूछना शुरू किया।

### मक्खी मारने दफ्तर नहीं आयें

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने यहां तक कह दिया की अधिकारी मक्खी मारने के लिए दफ्तर नहीं आयें। इसके साथ ही गोड्डा जिला कृषि पदाधिकारी के कर्मशाला से अनुपस्थित रहने पर शोकॉज करने का निर्देश दिया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया है कि वो जब भी इस तरह की कार्यशाला में शिरकत करने आयें, तो पूरी तैयारी के साथ आयें। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पहले ही विभागीय अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन फील्ड विजिट करने का निर्देश दिया गया था। इसे हर हाल में पूरा करना है। 31 दिसंबर तक अलग-अलग कार्यशाला आयोजित करने का लक्ष्य दिया गया है। उसके बाद 2 से 3 जनवरी तक राज्य कृषि निदेशक तक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। इस रिपोर्ट में धरातल पर योजना की हकीकत और लाभुकों की संख्या को विशेष तौर पर अंकित किया जाएगा।

## मंईयां सम्मान राशि 28 को, सीएम ने की समीक्षा बैठक

# किसी महिला को असुविधा नहीं हो अफसर इसका ख्याल रखें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना की राशि 28 दिसंबर को लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर किये जायेंगे। इसके तहत आयोजित समारोह की तैयारियों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को अपने आवासीय कार्यालय में बैठक की। बैठक में सीएम ने अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। समारोह का आयोजन 28 को राजधानी के नामकुम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन करने की तैयारी की है। बैठक में सीएम ने निदेर्शन दिया कि अधिकारी इस बात का ख्याल रखें कि कार्यक्रम में शामिल होने वाली किसी भी महिला को किसी भी तरह की असुविधा ना हो। जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जानकारी ली। सूत्रों के मुताबिक, तीन लाख से अधिक लाभार्थियों को रांची लाने की तैयारी है। उनके रांची आने और लौटने को लेकर तैयारी भी की जा रही है। साथ ही कार्यक्रम के दौरान उनके लिए जलपान की व्यवस्था भी की जायेगी।



**परीक्षा तैयारी की भी समीक्षा :** सोमवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने जेएसएससी की सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगित परीक्षा-2023 की भी समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अलका तिवारी, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कई विभागों के सचिवों के साथ रांची के डीसी मंजूनाथ भंजत्री, एसएसपी चंदन सिन्हा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मोहन भागवत पर भड़के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, कहा

# राजनीतिक सुविधानुसार बयान दे रहे संघ प्रमुख

**एजेंसी**

**हरिद्वार।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर निशाना साधा है। मोहन भागवत की नसीहत पर भड़के शंकराचार्य ने कहा कि जब उन्हें सत्ता प्राप्त करनी थी, तब वह मंदिर-मंदिर करते थे। अब सत्ता मिल गयी तो मंदिर नहीं ढूंढ़ने की नसीहत दे रहे हैं। उन्होंने संघ प्रमुख पर राजनीतिक सुविधा के अनुसार बयान देने का भी आरोप लगाया।

शंकराचार्य ने कहा, 'भागवत जी अपनी सुविधा की बात कर रहे हैं कि जब हमको जरूरत थी तब हमने इसको बढ़ा लिया और जब जरूरत है घटा लें। शंकराचार्य ने कहा कि, न्याय सुविधा नहीं देखता बल्कि सच्चाई देखता है। इसलिए सच्चाई सामने आनी जरूरी है। इसी के साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने संभल सर्वे पर बोलते हुए कहा कि जो कुछ सच है अब सामने आ रहा है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा,जो भी इतिहास हम पढ़ते आ रहे हैं या जो हमनें जो सुना है उसी के साक्ष्य अब निकलकर सामने आ रहे हैं। ये जो मंदिरों को तोड़कर मस्जिद बनायी गयी ये राजनीतिक इस्लाम था। ये धार्मिक इस्लाम नहीं था। धार्मिक इस्लाम कभी ऐसा नहीं कर सकता। किसी की जमीन को कब्जा करके उसपर अगर नमाज पढ़ी जाये तो जो धार्मिक इस्लाम है उसके अनुसार खुदा उसको कबूल ही नहीं करता। ये राजनीतिक इस्लाम था। वहीं, शंकराचार्य ने कहा कि, 'जो राजनीतिक इस्लाम को मानने वाले लोग हैं उनको दिक्कत हो सकती है लेकिन जो धार्मिक इस्लाम के लोग हैं, शरीयत के अनुसार जीवन जीने वाले लोग हैं उनको इसका स्वागत करता चाहिए।



### भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवाद पर चिंता जतायी थी

दरअसल, बीते दिनों संघ प्रमुख मोहन भागवत ने लगातार सामने आ रहे मंदिर-मस्जिद विवादों पर चिंता जाहिर की थी। 19 दिसंबर को पुणे महाराष्ट्र में एक कार्यक्रम में बोलते हुए आरएसएस चीफ भागवत ने कहा था कि राम मंदिर हिंदुओं की आस्था का स्थान है। राम मंदिर होना चाहिए था और वो हुआ। लेकिन हर दिन नए-नए मुद्दे उठाना सही नहीं है। हमें दुनिया को ये दिखाना चाहिए कि हम लोग सद्भाव में रह सकते हैं।

### फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल नहीं रहे

**मुंबई।** मशहूर फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल (90) का सोमवार की शाम 6:30 बजे उनका निधन हो गया। वह कथित तौर पर वे किडनी संबंधी समस्याओं से भी पीड़ित थे। इस खबर की पुष्टि उनकी बेटी पिया बेनेगल ने की। वेलकम टू सज्जनपुर के निर्देशक श्याम बेनेगल ने 14 दिसंबर को अपना 90वां जन्मदिन परिवार और दोस्तों के साथ मनाया था। इस समारोह में अभिनेता कुलभूषण खरबंदा, नसीरुद्दीन शाह, दिव्या दत्ता, शबाना आजमी, राजित कपूर, अतुल तिवारी, अभिनेता-निर्देशक और शशि कपूर के बेटे कुणाल कपूर सहित कई लोग शामिल हुए थे। बेनेगल को 1976 में पद्म श्री और 1991 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

## मोदी ने रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र बांटे

# डेढ़ साल में दस लाख युवाओं को स्थायी नौकरी का बना रिकार्ड



सीबीसीआई के क्रिसमस समारोह में सभी क्षेत्रों के ईसाई एक साथ आए। आध्यात्मिक भजनों और गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियां भी हुईं।

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों तथा निर्णयों के कारण ग्रामीण भारत में भी रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। सरकार रोजगार मेलों जैसी पहलों के माध्यम से भारत की युवा प्रतिभाओं के पूर्ण उपयोग को प्राथमिकता दे रही है। पिछले 10 वर्षों में, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सरकारी नौकरियों के लिए एक ठोस प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में लगभग 10 लाख स्थायी सरकारी नौकरियां दी गयी। यह एक रिकॉर्ड है। ये नौकरियां पूरी पारदर्शिता के साथ दी जा रही हैं और नये भर्ती लोग समर्पण और ईमानदारी के साथ देश की सेवा कर रहे हैं।

**देश का विकास युवाओं से ही :** पीएम मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के हजारों युवाओं के लिए एक नयी शुरूआत है। उन्होंने कहा, आपके वर्षों के सपने पूरे हुए हैं, वर्षों की मेहनत रंग लाई है। 2024 का यह जाने वाला वर्ष आपके लिए नयी खुशियां लेकर आये।

उन्होंने कहा कि किसी देश का विकास उसके युवाओं की कड़ी मेहनत, क्षमता और नेतृत्व पर निर्भर करता है। भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि देश की नीतियां और निर्णय अपने प्रतिभाशाली युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं को सबसे आगे रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।

# नये साल से पहले हांड़ कंपायेगी ठंड, आइएमडी का अलर्ट

## दिल्ली समेत सात राज्यों में ओलावृष्टि , झारखंड समेत कई राज्यों में कोहरा, शीतलहर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने अपने बुलेटिन में कहा है कि नया साल शुरू होने से पहले ठंड उत्तर भारत में हांड़ कंपकपाने जा रही है। आइएमडी ने कहा है कि इसी हफ्ते 26 से एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और आसपास के मैदानी इलाकों में बड़े पैमाने पर असर डालने जा रही है। इसकी वजह से 28 दिसंबर तक अरब सागर के साथ-साथ बंगाल की खाड़ी से उच्च नमी प्राप्त होगी। 27 से 29 दिसंबर के दौरान पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में छिटपुट वर्षा और बर्फबारी होने की संभावना है। पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी होने से मैदानी इलाकों में शीतलहर का प्रकोप और बढ़ सकता है। कश्मीर घाटी में सर्दी का सितम जारी है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 27 को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़-दिल्ली समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में गरज के साथ ओलावृष्टि के आसार हैं।



### झारखंड समेत कई राज्यों में रहेगा कोहरा

मौसम अधिकारियों ने कहा कि 24 तक उत्तर प्रदेश और ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में, 24-27 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश, 26 तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और 25 दिसंबर तक राजस्थान में देर रात और तड़के घना कोहरा छाये रहने के आसार हैं। कश्मीर में शून्य से नीचे के तापमान के कारण जलापूर्ति लाइन में पानी जम चुका है, जबकि कई जलाशयों की सतह पर बर्फ की पतली परत जम गयी है। मौसम विभाग ने पर्यटकों/यात्रियों को प्रशासन द्वारा जारी परामर्श का पालन करने की सलाह दी है।

# एसटी, एससी छात्र-छात्राओं के लिए रांची तथा दिल्ली में कोचिंग सुविधा की योजना बनायें : मंत्री

## साईकिल वितरण का कार्य बच्चों के नामांकन के साथ ही संपन्न करें

- गुमला जिला प्रशासन को संवेदक का भुगतान रोकने और काली सूची में डालने का निर्देश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एसटी, एससी एवं ओबीसी कल्याण मंत्री चमरा लिण्डा ने सोमवार को मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक कर विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री ने आनेवाले समय के लिए एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश आदिवासी कल्याण आयुक्त को दिया। मंत्री ने कहा कि आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ टीम वर्क में काम करते हुए हम उस लक्ष्य को हासिल करें, जो हमें सुकून दे सके। बैठक में मंत्री ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे कई महत्वकांक्षी योजनाओं की समीक्षा करते हुए आदिवासी कल्याण आयुक्त को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। मंत्री ने कहा कि एसटी, एससी के कल्याणार्थ राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की स्थिति का गंभीरता पूर्वक आकलन कर सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लाभुकों को मिले, इस निमित्त प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार राज्य में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास को कटिबद्ध है।

**लापरवाही बरतने वाले संवेदकों का भुगतान रोकें तथा काली सूची में डालें**

चमरा लिण्डा ने विगत दिनों गुमला जिला के विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर जिला कल्याण कार्यालय द्वारा निष्पादित निविदा के तय मानकों के अनुरूप राशन एवं बैग-जूता आदि की आपूर्ति को गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाये जाने पर दोषी संवेदकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए भुगतान पर रोक और संवेदक को काली सूची में डालने का निदेश गुमला जिला प्रशासन को दिया है। साथ ही विभागीय मंत्री ने बताया कि गुमला जिला के कई विद्यालयों में भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुरूप नहीं था, दूध और फल की आपूर्ति नहीं हो रही है। आदिवासी कल्याण आयुक्त ने तत्काल जिला कल्याण पदाधिकारी को जांच करने और स्पष्टीकरण तीन दिनों के भीतर समर्पित करने का निदेश दिया।

**आदिवासी हेल्थ एटलस तैयार किया जाये**

मंत्री ने कहा कि आदिवासी की शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कल्याण विभाग की योजना महत्वपूर्ण है। पूरे राज्य में आदिवासी हेल्थ एटलस तैयार किया जाये। इससे उनके लिए स्वास्थ्य योजना तैयार की जा सकेगी। सभी ग्रामीण कल्याण अस्पतालों में सिकल सेल के उपचार की पूर्ण व्यवस्था बहाल की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि कल्याण विभाग संचालित विद्यालयों के बच्चों को राज्य के भीतर और पूरे देश में एक्सपोजर विजिट कराया जाये। मंत्री ने कहा कि 2024-25 शैक्षणिक सत्र के लिए आदिवासी और अनुसूचित जाति के लिए राशि की उपलब्धता के आधार पर छात्रवृत्ति वितरण मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाये। मंत्री ने निर्देश दिया कि अगले शैक्षणिक सत्र 2025-26 का अगस्त-सितम्बर तक छात्रवृत्ति वितरण पूर्ण हो इसके लिए कार्या योजना तैयार की जाये। सत्र 2025-26 में साईकिल वितरण का कार्य बच्चों के नामांकन के साथ पूरा किया जाये, ताकि पूरे सत्र बच्चे उसका उपयोग कर सकें।

### सत्र 2023-24 के पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु 157 करोड़ रुपये विमुक्त करने का प्रस्ताव अनुमोदित

मंत्री ने कहा कि मुख्यालय एवं क्षेत्रीय अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को क्षेत्र भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप हो रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के लिए चल रही योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करें। उन्होंने वित्त विभाग से पिछड़ी जाति के लम्बित 2023-24 सत्र के पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 157 करोड़ विमुक्त किए जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर वित्त विभाग विभाग भेजने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि आदिवासियों, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण कोचिंग की सुविधा रांची और दिल्ली में प्राप्त हो इसके लिए योजना तैयार की जाये। मंत्री ने कहा कि सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में टेली मेडिसीन की भी सुविधा शुरू की जाए इसके लिए भी योजना तैयार की जाये।

## लाभुकों में नमक व चीनी का वितरण नहीं होने पर बीएसओ, एमओ व डीलरों को शो-कॉज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) प्रदीप भगत ने सोमवार को आपूर्ति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की। समाहरणालय में आयोजित बैठक में जिला के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ), पणन पदाधिकारी (एमओ) व सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित थे। डीएसओ ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित नमक का पीडीएस दुकानों से वितरण की समीक्षा की। जिले के 6 प्रखंड और रांची अनुभाजन क्षेत्र में आवंटित नमक का शत प्रतिशत वितरण लाभुकों के बीच नहीं होने पर डीएसओ ने संबंधित बीएसओ और एमओ को शो-कॉज किया है। नामकुम, रातू, चान्हो, सिल्ली, मांडर, कांके व रांची (सीआर) में आवंटित नमक का शत प्रतिशत वितरण नहीं होने पर उन्होंने बीएसओ और एमओ को सख्त चेतावनी देते हुए 26 दिसंबर तक स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया गया।

**चीनी की राशि जमा नहीं करने पर डीलरों से मांगा जवाब :** डीएसओ ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित चीनी की अनुदानित राशि जमा नहीं करने पर संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से भी स्पष्टीकरण मांगा है। डीएसओ ने कहा कि 26 दिसंबर तक स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करने पर संबंधित डीलरों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस दौरान शत-प्रतिशत आवंटित चीनी के विरुद्ध राशि जमा करते हुए निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत लाभुकों के बीच चीनी का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### सीएम सहित 12 आरोपियों ने लगायी कोर्ट में हाजिरी

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार को बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित 12 आरोपियों ने हाजिरी लगाई। जेल में बंद आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। जमानत पर चल रह आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। पेशी के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन, बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाह, हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार की न्यायिक हिरासत अवधि 4 जनवरी तक बढ़ा दी है।अगली पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही की जायेगी।

## पत्रकार बंधुओं की हरसंभव मदद हमारी प्राथमिकता : डॉ इरफान अंसारी

- पत्रकार रंजीत तिवारी से मिलने असरफी अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री
- सड़क दुर्घटना में घायल पत्रकार का इलाज होगा मुफ्त, मंत्री ने दिए सख्त निर्देश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सोमवार को धनबाद के असरफी अस्पताल पहुंचे, जहां जामताड़ा के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत तिवारी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद भर्ती हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मंत्री डॉ अंसारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल पत्रकार को जामताड़ा से धनबाद रेफर कराया और समुचित इलाज की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की। मौके पर पहुंचे डॉ अंसारी ने कहा कि पत्रकार समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। जब वे मुसीबत में होते हैं, तो सबसे पहले हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उनकी हर संभव मदद करें। रंजीत जी की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, इसलिए मैंने सिविल सर्जन को स्पष्ट निर्देश दिया है कि उनके इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी और परिवार को एक भी पैसा नहीं देना होगा।

डॉ अंसारी की पहल के बाद स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला अस्पताल पहुंचा। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से यह सुनिश्चित करने को कहा कि मरीज को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने इस बात पर नाराजगी व्यक्त की कि अस्पताल का मालिक मौके पर उपस्थित क्यों नहीं है और मरीज की स्थिति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डॉ अंसारी ने मौके पर यह भी घोषणा की कि स्वास्थ्य विभाग का नया रोडमैप तैयार किया जा रहा है, जिसे 14 तारीख के बाद सार्वजनिक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राज्य के प्रत्येक प्रखंड में बेहतर और समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे मरीजों को इलाज के लिए अन्यत्र जाने की आवश्यकता न पड़े। श्री रंजीत तिवारी की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और उनका इलाज पूरी तरह से निःशुल्क किया जाएगा।

मंत्री डॉ अंसारी की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि झारखंड सरकार पत्रकार और आम जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## राज्य में निवेश को बढ़ावा देने और निवेशकों को आमंत्रित करने का रोडमैप तैयार करें : उद्योग मंत्री

- विभागीय समीक्षा में संजय यादव ने कहा, रिक्त पदों को भरने के लिए जल्द कदम उठाये जायेंगे
- उद्योग विभाग अंतर्गत विभिन्न निदेशालयों, संस्थाओं के कार्यों की ली गई जानकारी , पदाधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे। विकसित राज्य की श्रेणी में खड़ा रहे। इसके लिए जरूरी है कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाये और इसके लिए विभागीय स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस के मद्देनजर आज उद्योग विभाग एवं विभाग के अंतर्गत विभिन्न निदेशालयों एवं संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की जा रही है और पदाधिकारियों से विचार विमर्श किया जा रहा है। वह सोमवार को प्रोजेक्ट बिल्डिंग में उद्योग विभाग के पदाधिकारियों के साथ विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के क्रम में विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों की बात सामने आने पर मंत्री ने कहा कि रिक्त पदों की सूची जल्द उपलब्ध करा दें, ताकि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विचार विमर्श कर जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कदम उठाये जायें।

**मुख्यमंत्री के विकसित झारखंड की परिकल्पना को करना है साकार :** मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और मेरी सोच है कि झारखंड में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाये। राज्य में अधिक से अधिक उद्योग लगे। निवेशक झारखंड आयें और उद्योग लगायें। सरकार उन्हें हर सुविधाएं मुहैया कराएगी । उन्होंने कहा कि राज्य में उद्योगों के विकास के लिए यह भी जरूरी है कि बिचौलियों से सावधान रहा जाये।

इस अवसर पर उद्योग विभाग, हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प, निदेशालय, जियाडा, ज़िडको, झारखंड माटीकला बोर्ड, मुख्यमंत्री लघु, कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड, झारक्राफ्ट, झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र सिंह, अपर सचिव उद्योग, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, निदेशक हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प निदेशालय आकांक्षा रंजन, प्रबंध निदेशक जियाडा, प्रबंध निदेशक ज़िडको, प्रबंध निदेशक झारक्राफ्ट, प्रबंध निदेशक, झारखंड माटीकला बोर्ड, सीईओ, मुख्यमंत्री लघु, कुटीर एवं उद्यम विकास बोर्ड, सीईओ झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड सहित विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राहुल गांधी मामले में हुई आंशिक सुनवाई



रांचीा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में मानहानि का सामना कर रहे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थित से छूट की मांग वाली याचिका पर अब 13 जनवरी को पुनरू सुनवाई होगी। एमपीध्एमएलए कोर्ट अपना सुरक्षित आदेश सोमवार को नहीं सुना सका। अदालत ने 9 दिसंबर को याचिका पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। लेकिन, कोर्ट नहीं बैठने के कारण आदेश टल गया है। अमित शाह पर टिप्पणी करने के मामले में एमपीध्एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को उपस्थित होने के लिये समन जारी किया है। याचिकाकर्ता की ओर से पिछली सुनवाई में अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने बहस की है। समन जारी होने के बाद उनकी ओर से सीआरपीसी की धारा 205 के तहत व्यक्तिगत उपस्थित से छूट के लिये 14 अगस्त को याचिका दाखिल की है। राहुल गांधी के खिलाफ नवीन झा ने सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया है। इसमें कहा गया है कि राहुल गांधी की टिप्पणी से भाजपा की छवि खराब हुई है। इसलिए इन पर कानूनी कार्रवाई की जाये। राहुल गांधी ने दिल्ली के कांग्रेस के अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में एक आरोपी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है।

## बाबा साहेब अंबेडकर पर गृह मंत्री की टिप्पणी सोची-समझी रणनीति का हिस्सा : रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा में देश के गृहमंत्री अमित शाह की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लेकर की गई टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस 24 दिसंबर, मंगलवार को देशभर के साथ प्रदेश के सभी जिलों में अंबेडकर सम्मान मार्च निकलेगी। रांची में यह सम्मान मार्च कांग्रेस भवन से डीसी कार्यालय तक निकाली जाएगी। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी। इस मौके पर मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, सोनाल शांति, खुर्शीद हसन रूमी, जगदीश साहु, शान्तनू मिश्रा उपस्थित थे।




**गृहमंत्री ने अंबेडकर किया अपमान :** रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के लिए जो अपमानजनक टिप्पणी की है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। अब बीजेपी या अमित शाह इस पर जितना भी सफाई दें इस बात से फर्क नहीं पड़ता। क्योंकि छुपा हुआ एजेंडा उजागर हो गया है कि ये लोग बाबा साहब और उनके बनाए गए संविधान से नफरत करते हैं।

**संसद में मणिपुर पर चर्चा से इनकार :** रामेश्वर उरांव ने कहा कि कांग्रेस के कई सांसद सदन में अडानी और मणिपुर पर चर्चा करना चाहते थे, लेकिन बीजेपी ने उसे नकार दिया। बीजेपी अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रही है। लोकतंत्र के लिए ये संकेत सही नहीं है कि सदन में सरकार मुद्दों पर बात नहीं करें। उन्होंने कहा कि अंबेडकर को लेकर जो बयान अमित शाह ने दिया है वह स्लीप ऑफ टंग नहीं है, बल्कि उनके दिल की बात जुबां पर आ गई है।

**बीजेपी संविधान बदलना चाहती है :** रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार का नारा बीजेपी इसलिए दे रही थी क्योंकि उनका इरादा बाबा साहब के संविधान को बदल कर आरक्षण खत्म करने का था, लेकिन देश की जनता ने ऐसा नहीं होने दिया। रामेश्वर उरांव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन की यह सामूहिक मांग है कि अमित शाह इस्तीफा दें या पीएम मोदी उन्हें अपने कैबिनेट से हटाएं।

**आज राज्य के सभी जिले में अंबेडकर सम्मान मार्च :** झारखंड कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि अमित शाह के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बारे में जो अपमानजनक और अभद्र टिप्पणी की गई है उसके विरोध में कांग्रेस कार्यालय से डीसी कार्यालय तक कल अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डोरंडा स्थित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद अंबेडकर सम्मान मार्च में शामिल होंगे। मार्च के बाद कांग्रेस के नेता हर जिले के डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेंगे।

## झारखंड पहुंचे यूपी के मंत्री, बताया

# महाकुंभ को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए यूपी सरकार प्रतिबद्ध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** यूपी के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ आयोजित है। महाकुंभ में सभी को आमंत्रित करने उत्तर प्रदेश के मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री सुरेश राही झारखंड पहुंचे है। सोमवार को रांची के लालपुर स्थित होटल रैनडीव ने मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्य मंत्री सुरेश राही ने संवाददाता सम्मेलन कर सभी को महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने बताया कि यूपी सरकार के एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री देश के सभी राज्य की राजधानी जाकर वहां के राज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत आम लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि राज्यपाल से मंगलवार को मिलकर उन्हें महाकुंभ के लिए आमंत्रित करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री से अभी समय नहीं मिलने की बात भी उन्होंने कही। संवाददाता सम्मेलन में मंत्रियों ने महाकुंभ का प्रचार-प्रसार किया। उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**महाकुंभ नगरी में बनाए गए हैं 35 पुराने और नए पक्के घाट :** मंत्रियों ने बताया कि महाकुंभ नगरी में 35 पुराने और नए पक्के घाट बनाए गए हैं, जो श्रद्धालुओं के स्नान में काफी सहायक साबित होंगे। 12 किलोमीटर क्षेत्र में फैले सभी 44 घाटों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुंबई की मरीन ड्राइव की तर्ज पर गंगा किनारे लगभग 15.25 किलोमीटर क्षेत्र में संगम से नागवासुकी मंदिर तक, सूरदास से छतनाग तक, कर्जन ब्रिज के समीप से महावीर पुरी तक रिवर फ्रंट का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर को अपग्रेड किया गया है। इससे भीड़ प्रबंधन में सहायता मिलेगी। सीसीटीवी कैमरों को देखने के लिए 52 सीटर चार व्यूइंग सेंटर स्थापित किए गए हैं।



### क्लीन कुंभ और ग्रीन कुंभ के लिए संकल्प

इसके तहत विभिन्न दोना विक्रेताओं की दुकानों का आवंटन, 400 स्कूलों के प्राचार्य के साथ बैठक और 4 लाख बच्चे प्रयागराज को करेंगे स्वच्छता के लिए जागरूक। ग्रीन महाकुंभ के लिए 3 लाख पौधों का रोपण भी किया गया है। स्वास्थ के क्षेत्र में परेड ग्राउंड में 100 बेड का अस्पताल बनाया गया है। 20 बेड के दो और 8 बेड के छोटे अस्पताल तैयार किए गए है। मेला क्षेत्र में 10-10 बेड के दो आईसीयू आर्मी हॉस्पिटल द्वारा बनाए गए है। जिनमें 24 घंटे डॉक्टर तैनात रहेंगे। इनमें 291 एमबीबीएस, 90 आयुर्वेदिक और स्पेशलिस्ट, 182 नर्स तैनात रहेंगे।

### मंत्रियों ने बताई प्रयागराज महाकुंभ की विशेषता

**दिव्य और भव्य आयोजन:** महाकुंभ-2025 को 2019 के महाकुंभ से भी अधिक दिव्य और भव्य बनाने का लक्ष्य है।

**अत्याधुनिक सुविधाएं:** महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठाए जा रहे हैं।

**स्वच्छ और सुरक्षित:** महाकुंभ को स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित एवं डिजिटल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**पर्यावरण संरक्षण :** सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ का संकल्प लिया गया है और पूरे प्रयागराज में करीब तीन लाख पौधों का रोपण किया गया है।

**स्वास्थ्य सुविधाएं:** तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य देखभाल के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की बड़े पैमाने पर तैनाती की गई है और अस्पतालों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

**डिजिटल सुविधाएं :** महाकुंभ की वेबसाइट, ऐप, एआई चैट बॉट, क्यूआर आधारित पास, डिजिटल साइनेज, स्वचालित राशन आपूर्ति प्रणाली आदि जैसी डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

पर्यटकों की सुविधाएं: स्मार्ट पार्किंग, रिवर फ्रंट, इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर आदि जैसी सुविधाएं पर्यटकों के लिए उपलब्ध होंगी। 101 स्मार्ट पार्किंग की व्यवस्था है, जिसमें प्रतिदिन 5 लाख वाहन पार्क किए जाएंगे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की उपस्थिति में सैकड़ों युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कंग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में पूर्व प्रदेश सचिव ईश्वर आनंद के प्रयास से विकास कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में युवा साथियों ने कांग्रेस का दामन था। जिसमें रामू,विकास, सूचित झा, प्रियांशु मिश्रा, विश्वनाथ ठाकुर, सुनील ठाकुर,अजय करमाली, मनोज कुमार, कुणाल बर्मन, लोकेश, अमित, राजेश कुमार पंकज, सुनील ठाकुर, इमरोज खान, आसिफ अंसारी, पिंटू कुमार, छोटू, जीमन मुंडा, राजू, आसिफ अंसारी, शकील खान, एचडी कामिल, रोहित टोप्पो शामिल है। मौके पर केशव महतो कमलेश ने सभी को माला एवं कांग्रेस का पप्ता पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर श्री कमलेश ने कहा कि समाज के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है कल के झारखंड का भविष्य आज का युवा ही तय करेगा, इसके लिए जरूरी है कि जनता की समस्याओं को जड़ से जानकर उसके समाधान की दिशा में प्रयास करें। सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है जरूरत सिर्फ एक नेक पहल और उचित मार्गदर्शन की है। राजनीतिक प्रतिनिधि और कार्यकताओं पर जनता की जिम्मेवारियां होती हैं। इस जिम्मेवारी को निभाने में कतई कभी पीछे नहीं हटना है। इसमें संगठन का भरपूर सहयोग मिलता रहेगा।

स्पीड न्यूज

## विश्व सर्वभाषा कवि सम्मेलन में झारखंड की डॉ. ममता मनीष सिन्हा सम्मानित

**रांची।** झारखंड की साहित्यकार व कवयित्री डॉ. ममता मनीष सिन्हा को प्रसार भारती आकाशवाणी भारत द्वारा आयोजित विश्व के सबसे बड़े सर्वभाषा कवि सम्मेलन में सम्मानित किया गया है। इस सम्मेलन को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी मुंबई में आयोजित हुआ था।इनका चयन संथाली भाषा की अनुवादक के रूप में हुआ। उन्होंने प्रसिद्ध संथाली कवि अनल हेंब्रम की संथाली कविता 'आलम पंजाइयां' का हिंदी अनुवाद 'मुझे मत करो तलाश' शीर्षक से किया है।

## सर्वोदय किड्स स्कूल ने मनाया क्रिसमस के साथ वार्षिक उत्सव

**रांची।** बूटी मोड स्थित आनंद बिहार में सर्वोदय किड्स स्कूल में सोमवार को क्रिसमस के साथ-साथ वार्षिक उत्सव भी धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्या नहाने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर बच्चों के बीच कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिंदी और अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता के साथ क्राफ्ट ,आर्ट बेस्ट स्टूडेंट्स आदि का पुरस्कार बच्चों के बीच दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने फिल्मी गीत पर नित्य कर लोगों को झूम ने में मजबूर कर दिया। मौके रानी, मीणा , बबिता, रिंकू, सलोनी, रेनू , निधि, ज्योति आदि मौजूद थी।

## जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में क्रिसमस उत्सव का भव्य आयोजन

**रांची।** जीडी गोयनका टॉडलर हाउस, हरमू में सोमवार को क्रिसमस का भव्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्हे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से त्योहार की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. इरम नेहाल के नेतृत्व में किया गया, जिनकी प्रेरणा से यह दिन बच्चों के लिए यादगार बना। शिक्षिकाओं सुमन और अर्चना ने बच्चों को क्रिसमस के महत्व से अवगत कराया और उन्हें सांता क्लॉज, गाने और कहानियों के माध्यम से त्योहार का आनंद लेने के लिए प्रेरित किया। पूरे स्कूल परिसर को क्रिसमस ट्री, रोशनी और सजावटी सामग्रियों से सजाया गया था, जिसने त्योहार के माहौल को और भी खास बना दिया। बच्चों के बीच मिठाइयां और उपहार वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान खिल उठी।

## जेसी दिवाकर पांडे ने बिरसा मुण्डा केंद्रीय कारा एवं बाल संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा एवं बाल संप्रेक्षण गृह, डुमरदगा का निरीक्षण न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने सोमवार को किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, चंदन, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, एलएडीसी चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तवा, एलएडीसी सहायक, सौरभ पांडेय एवं वीरेद्र प्रताप, बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेलर व अन्य पदाधिकारी, बाल संप्रेक्षण गृह के पदाधिकारी, पीएलवी व अन्य उपस्थित थे। ज्ञात हो कि दिवाकर पांडे ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में एन.आई.ओ.एस. एवं इग्नू के शिक्षा केंद्र का भी उदघाटन किया। उन्होंने जेल में स्थित सभी वार्डों का निरीक्षण किया साथ ही जेल के कीचन का भी निरीक्षण किया। वहां के बंदियों के समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त किये एवं जेल के बंदियों के समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए दिशा-निर्देश दिये। जेल में केओस्क लगाने के लिए जेल सुप्रींटेंडेंट को भी निर्देश दिये। संबंधित पदाधिकारियों से उन्होंने कहा कि कैदियों को भी सरकार की ओर मिलने वाली सुविधाएं पाने का हक है। हमें उनपर गहण मंथन करने की आवश्यकता हैं। हर हाल में उनको उनकी सुविधाओं से जोड़ा जाएं।

# चर्च सजकर तैयार, आज रात विशेष मिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के जीईएल चर्च, सीएनआई चर्च और संत मरिया महागिरजाघरों में क्रिससम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। क्रिसमस को लेकर चर्च के अलावा मदर हाउस, उर्सलाईन कान्वेंट व मनरेसा हाउस समेत मिशनरी संस्थाओं को लाइट औ? चमचमाती प्लास्टिक पेपर व क्रिसमस ट्री से संवारा गया है। 24 की रात को सभी मिशनरी स्थानों पर विशेष मिस्सा आयोजित की जायेगी।

**संत मरिया महागिरजाघर चर्च :** पुरूलिया रोड स्थित संत महागिरजाघर चर्च को क्रिसमस त्यौहार को लेकर पूरी तरह से सजाया गया है। चर्च के मुख्य गेट के सामने क्रिसमस ट्री रखा गया है। चर्च परिसर में बड़ा टेंट लगाया गया है। चर्च के अंदर बेदी को फूलों से संवारा जा चुका है। रंग बिरंगा गुब्बारा दीवालों पर टांगा जा चुका है। चर्च परिसर को सफेद पट्टी से सजाया गया है, जो शांति को प्रदर्शित किया है। बेदी के ठीक सामने भी एक छोटा चरनी बनाया गया है। इससे लोगों को प्रभु यीशु का आगमन का एहसास होगा। 24 दिसम्बर की रात 10.30 बजे आर्चबिशप विसेंट आइंद चरनी आशिष करेंगे। इसके बाद विशेष मिस्सा होगी। इसके बाद यीशु चुबंन कार्यक्रम होगा।



**जीईएल चर्च :** मेनरोड स्थित जीईएल चर्च को बेहतरीन लाइटों से सजाया गया है। विश्वासियों के स्वागत के लिए चर्च के मुख्य गेट के सामने क्रिसमस ट्री रखा गया है। बेदी के आसपास फूल, रंग बिरंगा लाइटों से चर्च परिसर को चमका दिया गया है। रात को दिन जैसा नजर आ रहा है। पेड़ों में टिमटिमाते तारे और अलग-अलग प्रकार के लाइटों से संवारा जा चुका है, जो विश्वासियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यह हाल बहुबाजार स्थित राजधानी के सबसे पुरानी चर्चों में से एक संत पौल्स कथिड्रल चर्च है। 24 दिसम्बर शाम पांच बजे जागरण होगी। इसके बाद परमेश्वर आराधना होगी।

### - आर्चबिशप का संदेश -
### ईश्वर सभी से प्यार करते हैं



फादर बुल्के पथ स्थित बिशप हाउस में आर्च बिशप विसेंट आइंद ने सोमवार को मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्रिसमस त्यौहार सभी समुदाय से मिलकर मनाने का त्यौहार है। फादर ने कहा कि क्रिसमस का महोत्सव मना रहे हैं,इसका अर्थ है,एक दूसरे से प्यार करें। ईश्वर ने संसार को बनाया है। ईश्वर सभी से प्यार करते हैं। इस वजह से परमेश्वर ने अपने पुत्र यीशु को धरती पर भेजा। इसका संसार में एक ही मिशन है। परमेश्वर की इच्छा को पूरी करना है तो लोगों की सहायता करें और असहाय लोगों के साथ हमेशा खड़े रहें। खासकर वैसे लोगों के साथ खड़ा रहिए जो समाज के द्वारा दबाये जाते हैं. जो तुच्छ समझे जाते थे। बिशप ने कहा, प्रत्येक जन ईश्वर की संतान हैं।

## छविरंजन समेत छह आरोपियों की हिरासत अवधि छह जनवरी तक बढ़ी

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत 6 की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीसी के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 6 जनवरी निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई पर लंबित है। आरोपियों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली और मो सद्दाम न्यायिक हिरासत में है। जबकि कारोबारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रेम प्रकाश को जमानत प्राप्त है। वहीं एक आरोपी पुनीत भार्गव फरार चल रहा है।

## जेसीआई के अध्यक्ष बने प्रतीक जैन और सचिव सन्नी केडिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई की वर्ष 2025 की नई टीम का चुनाव सोमवार को हुआ। इस चुनाव में सदस्यों ने मत प्रक्रिया के माध्यम से जेसी प्रतीक जैन को अपना नया अध्यक्ष चुना। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सभी सदस्यों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। नई कार्यकारिणी में 6 उपाध्यक्ष चुने गए हैं, जिनमें जेसी निखिल अग्रवाल, जेसी निशांत मोदी, जेसी अभिषेक जैन, जेसी मयंक अग्रवाल, जेसी साकेत अग्रवाल और जेसी तरुण अग्रवाल शामिल हैं। सचिव का पदभार जेसी सन्नी केडिया संभालेंगे, जबकि सह सचिव के रूप में जेसी सौरभ जलान का चयन हुआ है। कोषाध्यक्ष के रूप में जेसी कौशल मुरारका चुने गए हैं। इस चुनाव में टर्म 2025 के लिए 20 नए निदेशक भी चुने गए है। चुनाव प्रक्रिया पूर्व अध्यक्ष जेसी अरविंद राजगढ़िया के नेतृत्व में संपन्न हुई। इसमें सभी पूर्व अध्यक्षों के साथ जेसी विशाल पोद्दार और जेसी अनंत जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी जेसी अमन पोद्दार ने दी।

# सीएमपीडीआई में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई के कांफ्रेंस हॉल में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम)- नराकास, रांची की बैठक 23 दिसंबर को हुई। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक व अध्यक्ष नराकास (उपक्रम) मनोज कुमार ने इसकी अध्यक्षता की। इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, उप निदेशक (पूर्व क्षेत्र, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय) विचित्रसेन गुप्त और संस्थान के महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कडम्बार सहित रांची शहर स्थित लगभग 26 पीएसयू के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि नराकास की परिकल्पना एक ऐसे संयुक्त मंच के रूप में की गई है, जहां आपसी विचार विमर्श से राजभाषा कार्यान्वयन को गति दी जा सके। इसकी प्रगति के मार्ग में आने वाली बाधाओं को पारस्परिक प्रयासों से दूर किया जा सके। इसी बुनियादी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सीएमपीडीआई द्वारा नराकास की विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहा है। इन सभी गतिविधियों में सदस्य कार्यालयों की सहभागिता रहती है, जो निश्चित तौर पर प्रशंसनीय है। श्री कुमार ने कहा कि नराकास की इन बैठकों में एक दूसरे से सुझाव लेकर प्रत्येक कार्यालय अपने स्तर पर इन पर अमल कर राजभाषा कार्यान्वयन को गति देते हैं। ऐसा ही एक सुझाव था कि नराकास वार्षिक पुरस्कार योजना के अंतर्गत विजेता कार्यालयों द्वारा राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं। उन्हें इस बैठक सभी सदस्य कार्यालयों के समक्ष प्रस्तुत करना। इस क्रम में नराकास वार्षिक पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के विजेताओं द्वारा जो पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। उससे सभी कार्यालय अपनी गतिविधियों का मूल्यांकन कर पाएंगे।

## सैकड़ों युवाओं ने थामा राजद का दामन

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय रांची में सैकड़ों युवाओं ने आजसू छोड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय तथा युवा हृदय सम्राट तेजस्वी यादव के कार्यों एवं विचारों से प्रभावित होकर राजद की सदस्यता ग्रहण की। सभी को झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने सदस्यता ग्रहण कराई तथा स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के विचारधारा एवं संघर्षों से प्रेरित होकर तथा युवा हृदय सम्राट तेजस्वी यादव के कार्यों को देखते हुए लोगों का रूझान राजद के तरफ बढ़ा है और लगातार राजद में शामिल हो रहे हैं। ये हमारे लिए गर्व की बात है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में आजसू के आशुतोष कुमार सिन्हा, आनंद यादव, जय यादव, बब्लू मंडल, दीपक मंडल, शिवम यादव,अनिराज आनंद, नीरज यादव, अंकित ठाकुर, मनीष कुमार समेत सैकड़ों युवा शामिल रहे। कार्यक्रम में राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव,प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### एक्वा वर्ल्ड का कार्निवल 27 से 2 जनवरी तक

**रांची।** एक्वा वर्ल्ड के तत्वावधान में नव वर्ष के अवसर पर न्यू ईयर फेट कार्निवल 2025 का आयोजन किया जा रहा है। एक्वा वर्ल्ड के प्रबंध निदेशक प्रतुल शाह देव ने बताया कि यह आयोजन 27 दिसंबरए 2024 से 2 जनवरी 2025 तक चलेगा। कार्निवल सुबह 11 से रात 9 तक खुला रहेगा। कार्निवल 2025 में सभी वर्गों के मनोरंजन का ख्याल रखा गया है। उन्होंने बताया कि बच्चे किड्स फैशन शो, फैंसी ड्रेस, मैजिक शो, ईटिंग कंपटीशन, दंगल टाइम, पेंटिंग कंपटीशन आदि में हिस्सा लेंगे। युवाओं और बड़ों के लिये बेस्ट हेयर स्टाइल कंपटीशन, बेस्ट साड़ी कंपटीशन, बेस्ट हैंडबैग कंपटीशन, तू मान मेरी जान, कपल डांस कंपटीशन, ट्विंकल एंड टैंगल बेस्ट ज्वैलरी कंपटीशन आदि में हिस्सा लेने का अवसर रहेगा।

## मत्स्य उत्पादन में 3.7 लाख एमटी का है लक्ष्य : डॉ एचएन द्विवेदी

### मत्स्य निदेशक ने कहा कि शत-प्रतिशत लाभुकों को मिले योजनाओं का लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मत्स्य निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने कहा है कि 3.7 लाख एमटी मछली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। डॉ द्विवेदी सोमवार को शालीमार स्थित मत्स्य अनुसंधान प्रशिक्षण केंद्र में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य उत्पादन का लक्ष्य 3०73 लाख मिट्रिक टन निर्धारित है । इसके विरुद्ध अब तक 2.10 लाख मिट्रिक टन मछली उत्पादन हुआ है। मत्स्य उत्पादन के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विभाग लक्ष्य से 1.63 लाख मिट्रिक टन पीछे है। डॉ द्विवेदी ने इसे जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश सभी जिलों के मत्स्य पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने लाभुकों को शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ देने की बात कही। विभागीय योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये व्यय का भी प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित झारखंड सरकार के मत्स्य विभाग की योजनाओं के कार्यान्वयन की गति तेज करने व निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के लिये निर्देश दिया।

इस अवसर पर विभाग के उप निदेशक मनोज कुमार ठाकुर, उप निदेशक शंभू प्रसाद यादव, उप निदेशक अमरेंद्र कुमार, उप निदेशक मरियम मुर्मू, उप निदेशक रवि रंजन, उप निदेशक संजय गुप्ता, रांची जिला मत्स्य पदाधिकारी जयंत रंजन, रामगढ़ जिला मत्स्य पदाधिकारी अरूप चौधरी सहित अन्य जिलों के मत्स्य पदाधिकारी मौजूद थे। उक्त जानकारी मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

## फोटोग्राफरों के लिए वर्कशॉप का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रातू रोड रांची स्थित कृष्णा इन बैंकट हॉल में सोमवार को जे.पी.ए.के द्वारा फूजीफिल्म वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें जे.पी.ए.मेंबर के साथ झारखंड के दूसरे जिले के भी फोटोग्राफरों ने भाग लिया। इस वर्कशॉप में फूजीफिल्म कैमरा के बारे में तकनीकी जानकारी दी गई और वेडिंग फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में आने वाली समस्याओं एवं उसके समाधान की जानकारी फूजीफिल्म के जाने-माने मेंटोर अर्घ्य चटर्जी द्वारा दिया गया । इस कार्यक्रम में जे.पी.ए. अध्यक्ष के सुरेंद्र कुमार मुन्ना, सचिव राजीव रंजन आदि उपस्थित थे।

## बाबा साहब को नीचा दिखाने में कांग्रेस ने कोई कसर नहीं छोड़ी : संजय सेठ

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि एनडीए ने बाबा साहब का किया सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी बड़ा निशाना साधा है। श्री सेठ ने भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि राहुल गांधी ने लोकतंत्र को कलंकित करने में कोई कसर नहीं छोड़ा। यह कांग्रेस पार्टी का पुराना इतिहास है। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू से लेकर आज सोनिया गांधी, राहुल गांधी तक सभी ने एक ही परंपरा का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों संसद सत्र के दौरान जो दृश्य भारत ही नहीं पूरी दुनिया ने देखा, वह लोकतंत्र को कलंकित करने वाला था। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस मसल पावर से देश को चलाना चाहती है। कांग्रेस सत्ता के बगैर बिना पानी की मछली की तरह छटपटा रही है।

## पूर्व पार्षद वेद प्रकाश हत्याकांड का मुख्य आरोपी सत्यम पाठक गिरफ्तार!

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** धुर्वा के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश हत्याकांड का मुख्य आरोपी सत्यम पाठक को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सत्यम पाठक को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया, जब वो पंडरा स्थित अपने घर आया था।

हालांकि गिरफ्तारी की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि वेद प्रकाश सिंह पर अपराधियों ने उस वक्त हमला किया था, जब वे सात जुलाई की शाम धुर्वा बस स्टैंड के पास स्थित एक चाय दुकान में बैठे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन अपराधी वहां आये। एक अपराधी पैदल ही हाथ में देशी कप्ता लिए वेद सिंह के पीछे पहुंचा और उस पर गोली चलाना शुरू कर दी। गोलीबारी में वेद सिंह को तीन गोली लगी। जबकि दो अपराधी बाइक पर ही बैठे थे।

गोलीबारी के समय चाय दुकान में भगदड़ मच गयी थी। इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी सत्यम पाठक और धीरज मिश्रा अभी भी फरार चल रहा था।

पुलिस दोनों को गिरफ्तार नहीं कर पायी थी। हालांकि रांची पुलिस ने यूपी के गाजीपुर के रहने वाले राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## केंद्रीय रोजगार मेला : झारखंड के 327 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केंद्र सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रोजगार मेला के 14वें चरण के तहत सोमवार को रांची के धुर्वा स्थित सैम्बो सीआरपीएफ कैंप में रोजगार मेला लगाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के हाथों 327 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर आईजी साकेत कुमार और सीआरपीएफ के डीआइजी डीएन लाल समेत कई अधिकारियों ने नियुक्ति पत्र पाने वाले अभ्यर्थियों को बधाई दी। पीएम मोदी ने भी ऑनलाइन माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित किया। उन्होंने देशभर में 71 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया।

**नियुक्ति पत्र विरासत है : सेठ**

रांची में रोजगार मेले में मुख्य अतिथि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नियुक्ति पत्र पाने वाले युवाओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि यह देश कोई साधारण भूमि नहीं है, यह भारत की भूमि है। जहां राम का जन्म हुआ, कृष्ण का जन्म हुआ, वाल्मीकि का जन्म हुआ, यह अनेक संतों की जन्मभूमि है। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति पत्र जो आपको मिला है, वह किसी साधारण व्यक्ति से नहीं मिला है। बल्कि यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिला है। मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र आजीवन विरासत है, जिसे आपकी आने वाली पीढ़ियां आजीवन संभाल कर रखेंगी।

## बढ़ती ठंड के बावजूद लगभग 10 हजार लोगों ने उठाया खादी मेले का आनंद

### विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर दी जा रही है सरकारी योजनाओं की जानकारी






खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी एवं सरस मेले में ठंड के बावजूद सोमवार को रांची एवं रांची के आसपास से भी लोग मेले में खरीदारी करने पहुंचे। मेले में तकरीबन 10 हजार लोगों ने खरीदारी की। झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, के स्टॉल में कोकुन से सूत कताई से लेकर बुनाई तथा रेडिमेड कपड़ा बिक्री केंद्र तक कैसे पहुंचता है, के सफर का जीवंत प्रदर्शन किया गया है। खादी बोर्ड के स्टॉल में रेशमी सूती एवं तांत की साड़ियां, उनी वस्त्र, उनी, रेशमी, सूती बंडी, कंबल, डिजाईनर परिधान एवं ग्रामोद्योगी उत्पाद प्राप्त किये जा सकते है। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए हैं। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है लोग इन स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। मत्स्य निदेशालय के द्वारा लगाए गए स्टॉल पर एक्वेरियम निर्माण सह रंगीन मछली पालन के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के स्टॉल पर अबुआ साथी हेल्पलाइन नंबर 9430328080 के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही हैं। कला एवं संस्कृति विभाग के द्वारा मेले में हरिशंकर प्रसाद सिंह, मखदुमपुर, जहानाबाद द्वारा भोजपुरी गीत की प्रस्तुती दी गई। बच्चों के लिए आयोजित चॉकलेट रेस प्रतियोगिता में आज ग्रुप अ (पांच से नौ आयु वर्ग में) प्रथम स्थान अर्जित आनंद, द्वितीय स्थान एडम एल्विन एवं तृतीय स्थान देव कुमार ने प्राप्त किया।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की उपस्थिति में सैकड़ों युवाओं ने पार्टी का दामन थामा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कंग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में पूर्व प्रदेश सचिव ईश्वर आनंद के प्रयास से विकास कुमार के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में युवा साथियों ने कांग्रेस का दामन था।

जिसमें रामू,विकास, सूचित झा, प्रियांशु मिश्रा, विश्वनाथ ठाकुर, सुनील ठाकुर,अजय करमाली, मनोज कुमार, कुणाल बर्मन, लोकेश, अमित, राजेश कुमार पंकज, सुनील ठाकुर, इमरोज खान, आसिफ अंसारी, पिंटू कुमार, छोटू, जीमन मुंडा, राजू, आसिफ अंसारी, शकील खान, एचडी कामिल, रोहित टोप्पो शामिल है। मौके पर केशव महतो कमलेश ने सभी को माला एवं कांग्रेस का पप्ता पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर श्री कमलेश ने कहा कि समाज के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है कल के झारखंड का भविष्य आज का युवा ही तय करेगा, इसके लिए जरूरी है कि जनता की समस्याओं को जड़ से जानकर उसके समाधान की दिशा में प्रयास करें। सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है जरूरत सिर्फ एक नेक पहल और उचित मार्गदर्शन की है। राजनीतिक प्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं पर जनता की जिम्मेवारियां होती हैं। इस जिम्मेवारी को निभाने में कतई कभी पीछे नहीं हटना है। इसमें संगठन का भरपूर सहयोग मिलता रहेगा।

### एसडीओ ने किया सदर हॉस्पिटल और सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

# वार्ड-वार टीकाकरण कार्यक्रम में तेजी लाने की आवश्यकता है

- डॉक्टर की संख्या में बढ़ाने पर किया जा सकता है विचार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** डीसी के निर्देश पर सोमवार को सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सदर अस्पताल और सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस (जिला स्कूल) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन और स्कूल प्रबंधन के कई निर्देश भी दिया।

सदर हॉस्पिटल के निरीक्षण में सफाई व्यवस्था, दवाओं की उपलब्ध्ता और मरीजों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया गया। एसडीओ ने निबंधन कांउटर, ऑर्थो, गाइनी और इमरजेंसी के ओपीडी, टीबी और एड्स के सेंटर का निरीक्षण किया। एसडीओ ने अस्पताल के साफ-सफाई, डॉक्टर और नर्स की उपस्थिति व भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई। निरीक्षण के समय डीपीएम हेल्थ एवं डिप्टी सुप्रिटेंडेंट मौजूद थे।

अस्तापल में ऑर्थों के ओपीडी के लिए अलग से रजिस्ट्रेशन कांउटर स्थापित है और कार्यरत है। लेकिन उसके लिए मुख्य द्वार से अलग से संकेत की आवश्कता है, ताकि मरीजों को सहयोग हो सके।

**डॉक्टर की संख्या में बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है :** इमरजेंसी वार्ड में डॉग बाइट के अधिक मामले पाए गये। प्रतिमाह 5500 से अधिक डॉग बाइट के केस आ रहे हैं। इस संबंध में नगर निगम के अपर प्रशासक से अनुरोध है कि वार्ड-वार टीकाकरण कार्यक्रम आदि के संबंध में तेजी लाने की आवश्यकता है। टीबी वार्ड के निरीक्षण में पाया गया कि एमडीआर और एक्सडीआर के संबंध में जागरूकता लाई जा सकती है। टीबी के मरीजों में डीएसटी 55 प्रतिशत ही है। जबकि यह 80 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। इसके लिए नियमित निगरानी की आवश्कयता है। एड्स के लिए आईसीआाईसी कार्यरत है और प्रतिवर्ष 40 से 50 पॉजेटिव मरीज पाये जा रहे हैं। इनके समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल में ही एआरटी सेंटर कार्यरत करने पर विचार किया जा सकता है।

## खबर एक नजर में

### आईएसएम के डायरेक्टर से मिला एनएसयूआइ का डेलिगेशान, सौंपा ज्ञापन



**रांची।** एनएसयूआइ का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) के निदेशक डॉ वीएस तिवारी से मिला। एनएसयूआई के उपाध्यक्ष अमन अहमद ने एमबीए बैच (2023-2025) की ओर से सेमेस्टर-2 की परीक्षाओं के बाद एक औद्योगिक भ्रमण आयोजित करने के लिए स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। अमन अहमद ने बताया कि औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यावसाय के संचालन के बारे में जानने का मौका मिलेगा, जो कक्षाओं में सीखने और वास्तविक दुनिया के बीच की खाई को पाटने में मदद करेगा। उद्योग के पेशेवरों के साथ बातचीत करने से छात्रों की वर्तमान बाजार के रुझान, चुनौतियों और सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में समझ बढ़ेगी। इससे उनके निर्णय लेने, आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान कौशल में भी सुधार होगा, जो उनके भविष्य के करियर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।जानकारी के मुताबिक आईएमएस निदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही औद्योगिक भ्रमण के लिए तारीखों और स्थलों का चयन किया जाएगा।प्रतिनिधिमंडल में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव पवन कुमार, पूर्व जिला महासचिव प्रिंस राज, पूर्व जिला सचिव सरफराज अहमद, शाबान अंसारी, गुलशन सिंह, तान्या कुमारी, आर्यन सिंह समेत अन्य छात्र भी शामिल थे।

### खादी एवं सरस महोत्सव की शाम में गजल की महफिल जमी




**रांची।** झारखंड की मशहूर गजल गायिका डॉक्टर मृणालिनी अखौरी ने मेले के मंच पर गजलों की प्रस्तुति देकर मेले की रौनक में चार चांद लगा दिया। काफी संख्या में गजलों के चाहने वाले दर्शक दीर्घा में गजलों का आनंद लेते हुए नजर आये। कार्यक्रम में उन्होंने सबसे पहले जगजीत सिंह साहब की मशहूर गजल तुमको देखा तो यह ख्याल आया गया। उसके बाद होठों से छू लो... तुम मेरा गीत अमर कर दो, इस गजल के साथ ही दर्शकों की फरमाइश पर मृणालिनी ने लगातार एक से बढ़कर एक गजलों की प्रस्तुति दी जैसे यह दौलत भी ले लो यह शोहरत भी ले लो, चांदी जैसा रंग है , तेरा होश वालों को खबर क्या बेखुदी क्या चीज है, और कार्यक्रम के अंत में दर्शकों की पुरजोर फरमाइश पर मृणालिनी अघोरी ने दमा दम मस्त कलंदर गाकर बिल्कुल समा बांध दिया मेले मैं घूमने वाले लोगों ने भीड़ लगाकर इस सूफी गीत का काफी आनंद लिया कार्यक्रम में उनके साथ रांची के मशहूर कलाकारों ने संगत किया, तबले पर संजीव कुमार पाठक कीबोर्ड पर दीपक कुमार विद और ऑक्टोपैड पर अतनु चटर्जी ने साथ दिया।

## राज्य का सबसे बड़ा राधा-कृष्ण मंदिर राजधानी में बनकर तैयार

- 5 जनवरी को होगा भव्य उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्य का सबसे बडा राधा-कृष्ण का मंदिर राँची मे बनकर तैयार हो गया है। 5 जनवरी को राजधानी रांची के पुंदाग स्थिति श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर का शुभ उद्घाटन परमहंस संत शिरोमणि डॉ. स्वामी श्री श्री 108 सदानंद महाराज के हाथों होगा। मौके पर प्रणामी समाज के 20 संत महात्मा भी मौजूद रहेंगे। राधा-कृष्ण का यह मंदिर राज्य का सबसे बड़ा मंदिर है।

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर, पुंदाग में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर उनके महाभारत काल तक की झांकियां प्रदर्शित की जाएगी। इसी मंदिर के एक तल्ले पर सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार)अवस्थित है, जहां मानसिक रूप से कमजोर एवं निराश्रय तथा दिव्यांग प्रभु जी की सेवा की जाती है और उनको आश्रय तथा भोजन सेवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

## डीएवी स्वणरिखा ग्लोबल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**रांची।** डीएवी स्वर्णरेखा ग्लोबल स्कूल दाऊ टोला पिठौरिया में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक डॉक्टर प्रकाश सिंह मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि डॉक्टर पी.आर लाहा एवं डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर मंजू सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका भाव्या मलिक एवं उप प्रचार्या शिवानी झा ने मशाल प्रज्वलित कर खेल को आरंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 100 मीटर दौड़, कबड्डी, खो-खो, म्यूजिकल चेयर आदि की प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय निदेशक अजय कुमार एवं प्रशासक प्रभारी राजेश श्रीवास्तव समेत सभी कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में इंटर-स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दो दिवसीय तृतीय शीतकालीन अंतर-स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आज विधिवत समापन किया गया। कार्यक्रम में शहर के चार प्रतिष्ठित स्कूलों ने भाग लिया, जिनमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, प्रगति पथ, रांची, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, गांधीनगर, सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, ओल्ड एच.बी. रोड और टेंडर हार्ट स्कूल, तुपुदाना शामिल थे। टूर्नामेंट का उद्घाटन स्कूल की शैक्षणिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता, प्राचार्य रंजीत कुमार ठाकुर, शैक्षणिक समन्वयक रवि शेखर एवं जूनियर विंग प्रभारी राज किशोर शर्मा ने किया।

पहले दिन खेले गए अंडर 15 बालकों के मैच में, डीएवी पब्लिक स्कूल, गांधी नगर ने विजेता ट्रॉफी जीती, जबकि टेंडर हार्ट स्कूल और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। आज खेले गए अंडर 19 बालकों के फाइनल मैच में एक बार फिर डीएवी पब्लिक स्कूल, गांधी नगर विजेता ट्रॉफी हासिल कर शीर्ष स्थान पर रहा। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने रनर-अप ट्रॉफी हासिल की और सुरेंद्र नाथ सेंटेनरी स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह में प्राचार्य रणजीत कुमार ठाकुर ने मुख्य अतिथि दिनेश कुमार, एक प्रसिद्ध फुटबॉल और लॉनबॉल खिलाड़ी, डबल गोल्ड मेडलिस्ट, नेशनल गेम्स, गोवा, 2023 और सिल्वर मेडलिस्ट, कॉमन वेल्थ गेम्स, 2022 का स्वागत किया। मुख्य अतिथि दिनेश कुमार ने विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## डीपीएस, रांची में एलुमनी मीट का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में एलुमनी मीट (बैच 1999) का आयोजन सोमवार को किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों, सेवानिवृत्त शिक्षको को पुरानी यादों, सौहार्द और यादगार बातचीत से भरे एक दिन के लिए एक साथ लाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक मधुर स्वागत गीत के साथ हुई। इसके बाद पूर्व छात्रों और सेवानिवृत्त संकाय सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.के. झा ने कहा, हमारे पूर्व छात्र डीपीएस रांची का गौरव हैं और उनकी उपलब्धियां हमारे छात्रों को ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती हैं।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आर.के. झा द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों ने धन्यवाद ज्ञापन में अपनी यादें साझा कीं। वर्तमान छात्रों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक छटा बिखेर दी।

इस कार्यक्रम में एक पैनल चर्चा के दौरान पूर्व छात्रों के बीच एक आकर्षक बातचीत हुई। पूर्व छात्रों ने अपने पेशेवर अनुभव साझा किए और छात्रों को मार्गदर्शन दिया, जिससे वे प्रेरित हुए।

डीपीएस रांची के प्राचार्य, डॉ. आर.के. झा ने अपने समापन भाषण में सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और आजीवन संबंधों को बढ़ावा देने में ऐसी सभाओं के महत्व को दोहराया।

### डीएसपीएमयू के भूगर्भशास्त्र विभाग में हुआ व्याख्यान



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के भूगर्भशास्त्र विभाग में सोमवार को ग्लोबल वार्मिंग विषय पर एक वृहत व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, बिहार के पूर्व कुलपति प्रो डॉ सुरेश प्रसाद सिंह आमंत्रित थे। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इसके अलावा उन्होंने पृथ्वी के लिए न्यूनतम आवश्यक तापमान की चर्चा करते हुए उपलब्ध खनिज संसाधनों का उल्लेख किया और उनके उपयोग और संरक्षण के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि कैसे हम इन खनिज संसाधनों का सही प्रयोग कर सकते है। इस अवसर डीन, साइंस डॉ ईश्वरी प्रसाद गुप्ता ने भी उपरोक्त विषय पर विस्तर से प्रकाश डाला। मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ अपर्णा सिन्हा के अलावा विभागीय शिक्षिका ज्योति वर्मा, रितिका टुडू और अनिल कुमार उपस्थित थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मैथ्स क्विज आयोजित

- बाल वर्ग में माधव सदन एवं किशोर वर्ग में कल्पना सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की याद में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर धुर्वा में मैथ्स क्विज का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई बाल वर्ग और किशोर वर्ग। बाल वर्ग में प्रथम स्थान माधव सदन ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर तिलका मांझी सदन रहा। तृतीय स्थान कल्पना चावला को प्राप्त हुआ।

किशोर वर्ग में प्रथम स्थान कल्पना सदन, द्वितीय स्थान बरसा सदन एवं स्थान केशव सदन ने प्राप्त किया। क्विज में विजेता भैया बहनों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर गणित आचार्य राजा शांतनु सिंह ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए गणित के क्षेत्र में उनके योगदान को भैया-बहनों के साथ साझा किया।

विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार ने इस तरह के आयोजनों को भैया-बहनों के लिए गणित के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।

इस अवसर पर विद्यालय की उप प्राचार्य सुश्री मीना कुमारी, उत्तर माध्यमिक खंड के प्रभारी राकेश पांडे, राजकुमार सिंह, माध्यमिक खंड के आचार्य सुनील कुमार ठाकुर, ऋषभ कुमार, ऋषिकेश मिश्रा एवं राधिकेश ओझा मौजूद थे।

## सरला बिरला स्कूल में 'फनथॉन 2024' मिनी स्पोर्ट्स डे की धूम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, में 'फनथॉन 2024' मिनी स्पोर्ट्स डे बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और प्राचार्या परमजीत कौर ने गुब्बारे उड़ाकर किया। मुख्य अतिथि के रूप में जुझार सिंह, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं स्पेशल ओलंपिक भारत, झारखंड, आस्था उरांव, वुशु के क्षेत्र में राष्ट्रीय खेल स्वर्ण पदक विजेता और लवली चैबे, लॉन बॉल के क्षेत्र में राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता उपस्थित थीं। इसके बाद कई खेलों का आयोजन किया गया, जैसे टेल रेस, क्रैब रेस, मैट रेस और कोन रेस। बच्चों के साथ उनके माता-पिता ने भी 'सेग्रीगेट द बॉल', 'ड्रैग द रिंग' और 'स्कॉर्पियन रेस' जैसे खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने 'दीपशिखा' संस्था के बच्चों के साथ एक टीम गेम में भी भाग लिया। यह संस्था बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए कार्य करती है।

सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता 'क्षितिज' का समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों के 2000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। 500 से अधिक पुरस्कार वितरित किये गये। साथ ही, वीर बाल दिवस के अवसर पर सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों, साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी मेहमानों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नन्हे खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने खेल-एकीकृत शिक्षा के महत्व पर जोर दिया जो एनसीएफ 2022-फाउंडेशन स्टेज और एनईपी 2020 का एक अभिन्न अंग है।

### पासवा का प्रतिनिधि मंडल झारखंड के आर्च बिशप विंसेंट आइंद से मिला, दी क्रिसमस की बधाई



**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में बिशप हाउस पहुँचकर आर्चबिशप विन्सेन्ट आइन्द से मुलाकात कर क्रिसमस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पासवा के प्रतिनिधिमंडल ने आर्चबिशप के साथ केक काटा, अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर क्रिसमस के उत्सव की बधाई दी। मीडिया कर्मियों से बात करते हुए अपने संदेश में आर्च बिशप ने कहा हमें आशावादी बने रहना चाहिए। हमारे राज्य में नई सरकार की अगवाई में शांतिपूर्ण प्रशासन और शासन काम कर सके, सभी को लेते हुए एक साथ आगे बढ़ते हुए हम लोगों के लिए एक अच्छा वातावरण और शौहार्द कायम कर सके,यही प्रार्थना करते हैं। हमारा राज्य सही दिशा में उन्नति कर सके आपसी प्रेम बनी रहे। नए वर्ष की शुरूआत हो रही है,2025 पूरे देशवासियों और राज्य वासियों के लिए खुशहाली व खुशियां लेकर आये। प्रतिनिधि मंडल में पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, प्रदेश उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, प्रदेश पासवा महासचिव नीरज कुमार,सलाहकार श्री मेंहुल दूबे,रांची महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, पासवा की मनीषा त्रिपाठी, डेजी मुस्कान, नमिता जैन, रंजीता पाण्डेय, प्रेम कुमार, विशाल सिंह,प्राची सिन्हा सहित पासवा पदाधिकारी सम्मिलित थे।

## बच्चों में भविष्य के वैज्ञानिक की झलक दिखती है : राजीव रंजन

- निर्मला कॉन्वेंट में साइंस कम आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जिबिशन आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातू में सोमवार को क्राफ्ट एंड साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। स्कूल की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा तथा शिक्षकों ने मुख्य अतिथि राजीव रंजन प्रसाद (अध्यक्ष, गौ सेवा आयोग, झारखंड सरकार) तथा विशिष्ट अतिथि सुरजीत कुमार (एडिशनल एसपी), बसंती लकड़ा (वार्ड पार्षद) तथा मनोज कुमार (थाना प्रभारी बरियातू) को बुके देकर सम्मानित किया। साइंस एग्जीबिशन के अवसर पर प्रदर्शनी के रूप विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने सपनों एवं अपने प्रतिभा को कला कृति के माध्यम से व्यक्त किया। इसमें नए पद्धतियों के प्रयोग पर बल देते हुए वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर प्यूरीफाइंग, हाइड्रोलिक ब्रिज, ऊर्जा के लिए सोलर सिस्टम का अधिकाधिक उपयोग, डार्क हाउस के माध्यम से ग्रहों एवं नक्षत्रों की स्थिति एवं कार्य, रांची के व्यस्ततम क्षेत्र को जाम से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था, हवाई अड्डा का प्रारूप इत्यादि का प्रदर्शन सह डेमोंस्ट्रेशन किया। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल को देखकर मुख्य अतिथि तथा अभिभावकों ने कहा कि बच्चों में भविष्य के वैज्ञानिक की झलक दिखती है ।

मौके पर मुख्य अतिथि श्री प्रसाद ने ज्ञान को भाषा के बंधन से मुक्त कर ज्ञान प्रसार करने को कहा एवं बच्चों से कहा कि वे अपने पाठ्यक्रम को दैनिक जीवन के घटनाओं से जोड़कर अध्धयन करें। वहीं विशिष्ट अतिथि सुरजीत कुमार ने कहा कि राष्ट्र को सुदृढ़ तथा आत्मनिर्भर बनाना है तो हमें बच्चों की प्रतिभा निखारने पर विशेष ध्यान देना होगा।

बसंती लकड़ा ने कहा कि परिवार, समाज, राष्ट्र इत्यादि का सुदृढ़ीकरण करने की जिम्मेवारी न सिर्फ अभिभावकों की है, बल्कि इसका दायित्व छात्रों को है। इसलिए छात्रों को चाहिए कि एक निि्रत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए खुद को समर्पित कर दें।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय के बच्चों के अंदर अनेकानेक प्रकार की प्रतिभाएं छुपी होती है, जिसके प्रस्तुतीकरण के लिए उन्हें मौका दिया जाना चाहिये।

कार्यक्रम के अंत में विज्ञान सह आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में विजई छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव रंजन प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि सुरजीत कुमार, बसंती लकड़ा एवं मनोज कुमार के द्वारा सम्मानित तथा पुरस्कृत किया गया।

मौके पर विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा तथा सभी शिक्षक-शिक्षिका अनामिका छेत्री,आशुतोष कुमार, निधि कुमारी, किरण कुमारी, निशा कुमारी इत्यादि सहित विद्यार्थी एवं सैकड़ों की संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## नीरजा सहाय में राष्ट्रीय गणित दिवस मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में भारतीय गणितज्ञ श्रीराम निवास रामानुजन के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। रामानुजन एक महान भारतीय गणितज्ञ थे ,उनका जन्म 22 दिसंबर 1887 को हुआ था। इन्हें आधुनिक काल के महानतम गणित विचारों में गिना जाता है । रामानुजन को गणित के जादूगर के नाम से भी जाना जाता है। स्कूल में इस अवसर पर पिछले तीन दिनों से गणित के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्या महोदया श्रीमती किरण यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कक्षा तीसरी से कक्षा सातवीं तक के विद्यार्थियों ने गणित के विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे मैथ टेबल रेस, क्रॉसवर्ड पजल, सुडोकू प्रतियोगिता, रूबिक क्यूब प्रतियोगिता में भाग लिया। टेबल रेस प्रतियोगिता में प्रथम कक्षा चौथी अ की साक्षी ,द्वितीय सुधांशु कक्षा चौथी अ और तृतीय अखिल उरांव कक्षा तीसरी अ के विजेता रहे। बच्चे प्रतियोगिता के साथ-साथ गणित के जटिल प्रश्नों को समाधान करने के गुण सीखे। इस अवसर पर गणित विभागाध्यक्ष जीसी वर्मा ने अपने भाषण में रामानुजन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनकी प्रतिभा का वर्णन किया, तथा बच्चों को गणित के प्रति प्रोत्साहित किया।

साथ ही शांति के प्रतीक ईसा मसीह के जन्मोत्सव को बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर नर्सरी और एलजी के बच्चों में रैंप वॉक किया, तथा यूकेजी के बच्चों ने समूह गान प्रस्तुत किया। कक्षा तीसरी और पांचवी के बच्चों ने ईसा मसीह की जीवनी पर आधारित नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर प्राचार्या किरण यादव ने बच्चों को ईसा मसीह का संदेश देते हुए कहा कि हमें भी अमन और शांति समाज में फैलाना चाहिए तथा सभी के साथ मिलजुल कर रहना चाहिए। 23 दिसंबर श्रद्धानंद बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है । इस अवसर पर शिक्षिका घटा गिरी के नेतृत्व में कक्षा नवमी के बच्चों ने आर्य विद्या मंदिर से लेकर फिरायालाल चौक तक प्रभात फेरी के लिए गये।

# ओरमांझी में किसान ने खेत से उठाया धान

**प्रशासन की पहल**

## धान उठाने को थाना व अंचल का चक्कर लगा रहा था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के हेंदेबिल्ली का किसान धनेश्वर महतो अपने खेत में पड़े धान की फसल का उठाव किया। गांव के स्व सावना गंझु के बेटे तुलसी गंझु, विरेंद्र गंझु व शंकर गंझु द्वार जमीन पर अपना दावा करते हुए किसान को उसके खेत से धान उठाने नही दिया जा रहा है। वहीं खेत में तैयार फसल को उसने काट भी लिया था। किसान अपने बेटा व बेटी के साथ थाना व अंचल का चक्कर लगा रहा था। ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा कार्रवायी करते हुए किसान को उसके खेत से धान उठवाने में पहल की गई। किसान धनेश्वर महतो ने बताया कि खाता 24, प्लाट संख्या 279 व 307 में 1.10 एकड़ जमीन है। उसे उसके पिता लुदू महतो द्वारा खरिदा गया है। खेती करने के दौरान किसी प्रकार का विवाद नही हुआ। जब फसल तैयर हुआ और काट लिया तब दस्तवेज का जाली ठहराते हुए जमीन पर दावा किया गया था। विवाद होने पर ओरमांझी थाना द्वारा धारा 144 लगा दिया गया था। विवाद का निपटारा न्यायलय अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा किया जा चूका है। जिसमें दस्तवेज का सही ठहराया गया है। बावजूद फिर से विवाद कर धान की फसल को खेत से उठाने नही दिया जा रहा था। खेत से धान उठाव करने के बाद किसान अपने स्वजनों के साथ पुलिस प्रशासन के प्रति अभार जताया गया। वहीं थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने कहा जब किसान फसल लगा रहा था, तब किसी प्रकार की आपति नही हुई। दो पक्ष को समझा दिया गया है। जमीन का विवाद है, तो उसके लिए न्यालय में जाए। विवाद करने वालों पर पुलिस कानूनी कार्रवायी करेगी।


अपने स्वजनों के साथ खेत से धान ले जाते किसान।

# जेएसएलपीएस आम सभा सह सलाहकार समिति की बैठक

## बीडीओ ने जेंडर सीआरपी को दिया प्रशस्ति पत्र

- घरेलू हिंसा रोकने पर हुयी चर्चा
- शैक्षणिक माहौल की वकालत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड सभागार में सोमवार को जेएसएलपीएस की वार्षिक आम सभा सह सलाहकार समिति की बैठक बीडीओ एसके चौरसिया की अध्यक्षता में हुयी। इसमें बीपीएम कुणाल प्रसाद समेत सीएलएफ के ईसी व सीएलएफ के एसएसी सदस्यों ने हिस्सा लिया। चौरसिया ने महिलाओं से घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने, खुद को सशक्त बनाते हुये अत्याचार रोकने व आत्मनिर्भरता के लिये प्रेरित किया और सावित्री बाई फुले योजना की जानकारी दी। वहीं, कुणाल प्रसाद ने कौशल विकास, रोजगार के जरिये सशक्त बनने, डायन प्रथा, घरेलू हिंसा, सामाजिक कुर्तियां को दूर कर शैक्षणिक माहौल बनाने की जोरदार वकालत की। इस दौरान जेंडर सीआरपी को उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र दिया गया। मौके पर सीसी सुषमा देवी, बीएपी ममता देवी, एफटीसी प्रभात कुमार, शिव महली व ग्राम संगठन की एसएसी बहनें मौजूद थे।



सीआरपी को प्रशस्ति पत्र देते बीडीओ।

## स्पीड न्यूज

### किसानों ने केक काटकर किसान दिवस मनाया



**सिकिदिरी।** नीम फूल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के किसानों ने सोमवार को प्रखंड के बदरी गांव में किसान दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन जे फार्म सर्विसेज के सौजन्य से किया गया था। कार्यक्रम में 200 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस मौके पर पौधारोपण की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया सहदेव बेदिया,विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया उपस्थित थे। इस मौके पर किसानों ने केक काटा। मौके पर सोनू यादव, तारकेश्वर गोप, राहुल, पंचमी देवी, उजाला देवी, ठाकुरदास करमाली, दीपेंद्र बेदिया, हरिलाल बेदिया, सीईओ आलोक राज बैठा उपस्थित थे।

### सेवानिवृत शिक्षक को दी गयी विदाई


सेवानिवृत शिक्षक व उपस्थित मुखिया।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती स्कूल राकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम ओरमांझी के शिक्षक मनोज कुमार पांडेय सेवानिवृत हो गए हैं। सोमवार को विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मुखिया बिरेंद्र मुंडा 22 वर्ष तक सेवा देने व गांव में शिक्षा का महौल बनाने का प्रयास के लिए अभार जताया और कहा मनोज कुमार पांडेय से शिक्षा लेकर गांव के कई युवा आज सफल जीवन व्यतित कर रहे हैं। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य रमेश महतो, शंकर मुंडा, प्रबंध समिति के सदस्य, शिक्षक व छात्र-छात्राओं के अलावे ग्रामीण उपस्थित थें।

### इटकी में कांग्रेस ने अमित शाह का पुतला फूंका


पुतला दहन करते कांग्रेसी।

**इटकी।** इटकी प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को इटकी बाजार में संसद भवन में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर को लेकर अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ जम कर नारेबाजी की और मुदार्बाद के नारे लगाए। इससे पूर्व कांग्रेसियों ने स्टेशन रोड से गृह मंत्री अमित शाह के पुतला के साथ विरोध मार्च निकाला, विभिन्न मार्गों से होकर इटकी बाजार टांड स्थित पुतला दहन कार्यक्रम में पुतला फूंका गया। प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, प्रदेश डेलीगेट सह इटकी प्रखंड प्रभारी मजकूर सिद्दीकी, अबुमाज टीकू, नरेश साहू, अबरार इमाम, मंजर आलम, विष्णु महली, अहमद अंसारी, ताहिर अंसारी, राजेश तिर्की, मास्टर अलीहसन, शिशु गोप, अजय गोप, कलीम अंसारी, लाला खान सहित अन्य मौजूद थे।

आसपास की खबरें पेज 9 पर भी देखें

## नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**ठाकुरगांव।** हर्षित हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रातु के तत्वाधान में सोमवार को ठाकुरगांव पंचायत सचिवालय में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुखिया सचिन पाहन ने किया। मौके पर डॉ हरिंद्र हिमांशु व डॉ प्रियंका श्रीवास्तव ने 210 मरीजों का जांच किया। साथ ही नि :शुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ हिमांशु ने कहा कि ऐसा शिविर अन्य गांवों में भी आयोजित किया जायेगा। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

# डॉ आंबेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी मुल्क के लोगों को मंजूर नही : अफसर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** संविधान निमार्ता डॉ भीम राव अम्बेडकर पर अपमानजनक टिप्पणी मुल्क के लोगों को मंजूर नहीं। गृह मंत्री अमित शाह नैतिकता के आधार पर देश से माफी मांगे और तत्काल इस्तीफा दे उक्त बातें मुस्लिम अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अफसर इमाम व उपाध्यक्ष मुर्तजा आलम ने सोमवार को स्थानीय पत्रकारों से प्रेस वार्ता में संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के रचियता महान विचारक और भारतीय समाज को दिशा देने वाले डॉ अंबेडकर के प्रति देश के मंदिर सांसद भवन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अपमानित करना भारतीय संविधान का अपमान करना है। जिस संविधान की सपथ लेकर अमित शाह गृह मंत्री बने उसी संविधान के निमार्ता डॉ अंबेडकर के प्रति अमर्यादित टिप्पणी कर संविधान का मखौल उड़ाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में गृह मंत्री का ओंछी टिप्पणी से ऐसा प्रतीत होता है की उनका दिमागी संतुलन गड़बड़ा गया है। डॉ अंबेडकर के प्रति टिप्पणी को मुस्लिम अधिकार मंच जरा भी बर्दास्त नही करेगी। यदि अपनी गलती पर माफी नहीं मांगते है तो चरणबद्ध आंदोलन होगा।




# ग्रामीणों ने रेंजर को तीन सूत्री ज्ञापन सौंपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिपरवार।** किच्टो पंचायत अंतर्गत ग्राम बन्हे देवी मंडप समीप रविवार को ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभा की बैठक किया गया। बैठक कि अध्यक्षता अंगद महतो ने किया। इस बैठक में वन प्रमंडल हजारीबाग पश्चिमी के सहायक वन संरक्षक एके परमार सहित बड़कागांव वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी और बड़कागांव रेंज के सिपाही शामिल थे। मौके पर आए सहायक वन संरक्षक एके परमार ने ग्रामीणों को बन्हे वन क्षेत्र में पौधा रोपण करना चाहते है। जिसे ग्रामीणों ने सहमति देने से साफ इनकार कर दिया। चुकी बन्हे आदिवासी बहुल गांव है और यहां के ग्रामीण काफी गरीब है जिसकी चलते 70% आबादी जीविकापार्जन के लिए वन भूमि पर निर्भर है। वही बन्हे वन क्षेत्र कई ग्रामीण वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत टंडवा अंचल में वन पट्टा के लिए लम्बे समय से आवेदन लंबित रहने का कारण बताया। ग्रामीणों ने एसीएफ एके परमार सहित बड़कागांव रेंजर दीपक यादव को तीन सूत्री ज्ञापन सौंपा।

मौके पर मुंशी टाना भगत, बल्कू टाना भगत, रूपलाल महतो, अंगद महतो, भोला गंझू, अजेय गंझू, मुनेश्वर महतो, सतेंद्र उरांव, जयराम उरांव, नारायण गंझू, शशि तिर्की, सुशीला देवी, आशा देवी चिंता देवी, बुधनी देवी बसंती देवी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।



# सीडीपीओ कार्यालय में शोक सभा का आयोजन

**नामकुम।** सोमवार को प्रखंड के सीडीपीओ कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विगत दिन हार्ट अटैक से मृत कोचा टोली की सेविका उपमा लकड़ा की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुंदरी तिर्की ने कहा कि उपमा की असामयिक निधन से परिवार और संगठन की अपूरणीय क्षति हुई है। वहीँ सीडीपीओ सविता कुमारी वर्मा ने कहा कि उपमा की मृत्यु परियोजना की क्षति है। भगवान शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करे। कार्यक्रम पश्चात सेविकाओं सहित परियोजना कर्मियों ने मृत परिवार के सहायतार्थ सहयोग राशि जमा की गई। जिसे मृतका के परिजनों को प्रदान किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से संध्या कुमारी,चंदना सिंह, आशा कुमारी, रेणु कुमारी, बहालेन कच्छप, सरोज तिर्की, सोनी बेक, नेहा सिंह, एंजेलिना लकड़ा, लक्ष्मी कुमारी आदि उपस्थित थी।

# पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन किसानो के बीच मनायें

**अनगड़ा।** कुच्चू पंचायत अंतर्गत बदरी गाँव में सोमवार को नीम फूल फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी एवं जे फार्म सर्विस सेंटर के सयुंक्त तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर किसान दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड जेएलकेएम के केन्द्रीय सचिव बालेश्वर बेदिया उपस्थित थे किसान दिवस पर अतिथियों एवं किसानों ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किये, और केक काटकर जन्मदिन मनाया। नीम फूल फार्मर प्रोड्युसर कम्पनी के द्वारा अतिथियों एवं कम्पनी से जुड़े प्रगतिशील किसानों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। एवं किसानों के हाथों से पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर प्राथमिक विद्यालय बदरी में एक आम का पौधा लगाया गया इसके पूर्व नीम फूल फार्मर प्रड्यूसर कम्पनी के सीईओ आलोक बैंठा ने कम्पनी से किसानों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे जानकारी दिये एवं किसानों को कम लागत में अत्यधिक आय के लिए टपक सिचाई अपनाने के लिए प्रोत्साहित किये कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया ने कहा कि हमारे क्षेत्र नीम फूल फार्मर प्रोड्युसर कम्पनी के द्वारा किसानों को खेती करने के लिए कम दर पर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है और आधुनिक विधि से खेती करने के लिए जागरूक कर रही है जो सराहनीय है बालेश्वर बेदिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार करने लिए किसानों को आगे बढ़ाना होगा देश के असली अन्नदाता किसान, ही है। मौके पर नीम फूल फार्मर प्रड्यूसर कम्पनी के वोर्ड डायरेक्टर सदस्य पंचमी देवी, उज्जला देवी, ठाकुर दास करमाली हरिलाल बेदिया, दीपेंद्र बेदिया, संगीता देवी, कल्पना देवी, सोनू कुमार, तारकेश्वर कुमार, रीता देवी, पार्वती देवी, सीमा देवी, पार्वती कुमारी, गणेश बेदिया, प्रमेश्वर बेदिया, आदि उपस्थित थे।

## बीएड कॉलेज में क्रिसमस गैदरिंग आयोजित

# प्रेम के प्रतीक थे यीशु मसीहः डॉ दशरथ



नृत्य करती छात्रायें।

- अटल ने स्वागत गीत गाया
- सामूहिक तौर पर कटा केक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड के उषामातु स्थित समर्पणदीप बीएड कॉलेज में सोमवार को क्रिसमस गैदरिंग आयोजित किया गया। इसकी शुरूआत प्रभारी प्राचार्य डॉ दशरथ महतो ने की। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के संदेशों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया और कहा कि वह प्रेम के प्रतीक थे। अटल ने स्वागत गीत गाया। प्रबंधन समिति के सदस्य, सहायक प्राध्यापक व प्रशिक्षुओं ने केक काटा। विद्यार्थियों ने मनमोहक कला की छटा बिखेरी। दर्शक और श्रोताओं ने इसका जमकर लुत्फ उठाया। हंसी-ठिठौली भी हुयी। संचालन अंशु और पूजा ने किया। वहीं, धन्यवाद ज्ञापन डॉ शशि कुमारी तिर्की ने दिया।

**इन्होंने निभायी भूमिका**

अभिषेक सिंह, एनके गुप्ता, विकास पोद्दार, जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ आनंद कुमार भगत, वासिफ शाह, अच्युतानंद मिश्र, डॉ सजीत कुमार महतो, कन्हाई महतो, अनिल साहु, दिनेश महतो, सत्यभामा देवी, शिवराज भगत, लक्ष्मी, अभिलाषा, सीमा, कुंदन, प्रिसिला, तैयब, अंकिता, नीलम, रूट, अंजली, नूतन, सोनम, प्रियंका, राखी, साक्षी, उषा, खुशबू, बरखा, सुरेन्द्र, जीत व फुलदेव आदि।

# डॉ भीमराव अंबेडकर पूरे देश के लिए आदर्शः करमा उरांव

## अपमानजनक टिप्पणी और राहुल पर एफआईआर के विरोध में शाह का पुतला दहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कांग्रेस कमिटी के बैनर तले सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में व प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव के नेतृत्व में एक जुलूस निकाला गया। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। जुलूस बेड़ो प्रखंड मुख्यालय परिसर से शुरू होकर लोह रदगा रोड होते हुए महावीर चौक पहुंचा और एक कार्यक्रम में बदल गया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकताओं ने गृह मंत्री के बयान की कड़ी निंदा किया। साथ ही डॉ भीमराव अंबेडकर के ऊपर की गई अपमानजनक टिप्पणी व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध गलत एफआईआर के विरोध में गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर पूरे देश के लिये आदर्श हैं।उनका अपमान पूरे भारत का अपमान है। उप प्रमुख मुदस्सीर हक ने प्रधानमंत्री से गृह मंत्री अमित शाह को अविलंब मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि नफरत की राजनीति में भारत का विकास का नींव नहीं रखा जा सकता। वहीं मौके पर प्रभारी के रूप में मंगलेश्वर उरांव, जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मुदस्सिर हक, करमा उरांव, नवल किशोर सिंह, बिरशु तिर्की, पंचु मिंज, फहीम हक, सरोज लकड़ा, मन्कु कुजूर, मंटू उरांव, कुदूस नेजाम अंसारी, रबूल, परवीन मिंज, रियाज, बिश्वनाथ लाल, मजीद, राजेश गोप, सुरेश उरांव, रसीद मीर, मुस्लिम, संजय कच्छप, माहेश्वरा गोप, चीना, सुरेश उरांव, बिना, इम्तियाज आलम, सराफत व रवि उरांव समेत दर्जनों कार्यकर्ता आदि मौजूद थे।




## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा

**ई-प्रोक्युरमेंट सूचना**

अतिअल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/06//2024-25 (3rd Call)

ग्रामीण कार्य विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदकों से निम्न वर्णित कार्यो का **Double Bid System** अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है जो अंततः लोक निर्माण विभाग के प्रपत्र **F2** एकरारनामा में वर्णित शर्तो के साथ अंकित की जायेगी।

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :-

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 04 | सिमडेगा प्रखण्ड के पिथरा पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय रिंगडी से शिव मंदिर रिंगडी ग्रासियस किन्डो के घर तक 1550 फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 24.87117 | 55800 | 5000 | छः माह |
| 07 | सिमडेगा प्रखण्ड के कुल्लुकेरा पंचायत के रावणखोल से हाथीबाड़ी पथ गोस्नर तोपनो के खेत के पास 1x4.55x2.05 पुलिया एवं 85 फीट गार्डवाल निर्माण। | 24.98996 | 50000 | 5000 | छः माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.12.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय-दिनांक 27.12.2024 से दिनांक 03.01.2025 को अपराह्न 3:00बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, सिमडेगा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 04.01.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः-कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।

PR.NO.342673 Simdega(24-25):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-32 / 2024-25

2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 03.01.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.01.2025 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Installation to False Celling Laying Verandah North and South area in I.G Residence Building at Hazaribag | 245300/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 2 | Renovation of A-Type Qtr No -07 Anil kumar(NH) fourth Grade staff Quarter near Sarvoday colony Hazaribag | 242500/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 3 | Emergent of Ineer and Outer Painting of Building (Registrar Building) for the Dispensary facility situated in the premises of Civil Court at Hazaribag | 242950/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 4 | Emergent work of Installation of Curtain Hooks and Pipes in all the courts rooms of civil courts, Hazaribag | 245900/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 5 | Emergent work for Construction of Five DG Sets Bed in civil court Hazaribag, District- Hazaribagh | 249700/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 6 | Emergent work for Construction of Centralized Electrical System of Civil wok in civil court Hazaribag, District- Hazaribagh. | 249200/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 7 | Installation Deep Bore Well (8"x6") Dia to BCD Office in Campus at Hazaribag | 249850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 8 | Renovation of Sergeant Major Residence Near Jheel A.P.P Work ,Hazaribag | 248000/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 9 | Renovation of Sergeant Major Residence Near Jheel ,Hazaribag | 247000/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |

निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 342658 Building (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : 06 / 2024-25 दिनांक 23.12.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रॉंची। |
| 2. | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 3. | परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक – 28.12.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि | दिनांक – 30.12.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक – 30.12.2023 अपराह्न 4.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 7. | निविदा प्राप्ति का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |
| 8. | निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़। |

9.कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र. | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Boundary wall & General item, at Navoday Vidyalay patratu in Patratu Block under D.W & S. Division Ramgarh for the year 2024-25 | RMG/ GR-No.-1 | 23.08722 | 46500.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 2 | Construction of 02 Nos. HYDT, distribution of pipe line including house connection, Drain & Soak pit at Navoday Vidyalay patratu in Patratu Block under D.W & S. Division Ramgarh for the year 2024-25 | RMG/ GR-No.-2 | 17.67773 | 35500.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 3 | Construction of P.C.C Road at Navoday Vidyalay Patratu From Road no. 05 To Vidyalay Gate Block Patratu under D.W & S. Division Ramgarh for the year 2024-25 | RMG/ GR-No.-3 | 21.88526 | 44000.00 | 5000.00 | 3 Months |
| 4 | Construction of 200 x165mm dia x 180mtr depth High Yield Drilled Tube well with installation of IM-II extra deep hand pump, lowering 32mm G.I. pipe with platform & Drain with Submersible Motor pump at Near Santosh Yadav , Budh Bazar Imligach Block Patratu under D.W & S. Division, Ramgarh for the year 2024-25 | RMG/ GR-No.-4 | 4.23570 | 8500.00 | 750.00 | 1 Month. |

(क) निविदा का विस्तृत नियम एवं शर्ते पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
(ख) परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ के पक्ष में भुगतेय होगा।
(ग) पथ निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2146(S) दिनांक 09.09.2020 एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रॉंची के पत्रांक 2133 रॉंची दिनांक 28.09.2020 में निहित प्रावधान लागू रहेगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़

PR 342704 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

# विश्व व्यापार में पिछड़ा

अमेरिका वैश्विक व्यापार में बहुत बड़ी हिस्सेदारी रखता है, जबकि भारत की हिस्सेदारी केवल 1 प्रतिशत है। भारत को अधिकांश सामान जैसे कच्चा तेल और फार्मा उद्योग के लिए आवश्यक सामग्री आयात करनी पड़ती है। दरअसल, हम अमेरिका और चीन पर अत्यधिक निर्भर हैं, हालांकि चीन के उत्पादों के निर्यात कम करने की कोशिशों के बावजूद व्यापारिक निर्भरता कम नहीं हुई है। भारत ने आशा व्यक्त की थी कि कोविड महामारी के बाद चीन की कमजोर स्थिति के चलते वह विदेशी निवेश को आकर्षित कर सकेगा। ट्रम्प ने चीन से आयात पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाने की घोषणा की थी, और कनाडा, मैक्सिको से भी आयात पर शुल्क लगाया गया था, जबकि हाल ही में चेतावनी को छोड़ दें तो भारत के विरुद्ध इतने बड़े स्तर पर ऐसा कदम शायद ही उठाया गया हो। चीन के आर्थिक संकट में निवेशक वहां पैसा लगाने से हतोत्साहित हो रहे हैं, जिससे चीन प्लस वन रणनीति को लागू करने की बात की जाती रही है, ताकि भारत एक आकर्षक निवेश स्थल बने। भारत को इसमें सीमित सफलता मिली है। इसके मुकाबले, वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया और मलेशिया को अधिक लाभ हुआ क्योंकि वहां सस्ता श्रम, सरल कर कानून, कम शुल्क और तेज मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत वैश्विक व्यापार में अपने स्थान को मजबूत करे, लेकिन नौकरशाही, लालफीताशाही और भ्रष्टाचार इसके मार्ग में रुकावट डाल रहे हैं। अनुसंधान और नवाचार की कमी, साथ ही एफटीए समझौतों में असफलता, भारत को अन्य देशों की तरह सफलता दिलाने में विफल रही। जबकि अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर सख्त शुल्क लगा दिए, बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन के विकल्प की तलाश कर में रहीं, लेकिन यह अवसर भारत में नहीं आ सका। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7**

**वृष : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7**

**मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7**

**कर्क : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6**

**सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9**

**कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6**

**तुला : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7**

**वृश्चिक : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7**

**धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5**

**मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9**

**कुंभ : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9**

**मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6**

# अटल बिहारी वाजपेयी एक अजातशत्रु



**पूर्व** प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सही मायने में अजातशत्रु थे। उनसे जो कोई एक बार मिल लेता, उसे वे अपना बना लेते थे। आज अगर वे जीवित होते तो सौ साल के होते। 25 दिसंबर,1924 को ग्वालियर में जन्मे वाजपेयी जी ने 16 अगस्त,2018 को दिल्ली में अपनी अंतिम सांस ली। 93 साल के जीवन में वे 65 साल पूरी तरह से राजनीति में सक्रिय रहे। उन्होंने अलग तरह की राजनीति की। दिल्ली ही नहीं देश के अनेक हिस्सों में सैकड़ों लोग ऐसे मिल जाएंगे जो अटल जी से जुड़े किस्से सुनाने लगेंगे। अपने निधन से सालों पहले वे बीमार होने के चलते राजनीति से दूर हो गए थे, बावजूद इसके उनके सरकारी आवास पर उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहता था। यह जानकर लोगों को ताज्जुब होगा कि प्रधानमंत्री रहते हुए उनसे जो नेता सबसे ज्यादा मिलने जाते थे, उनमें एक नाम उनके भारी राजनीतिक विरोधी भाकपा महासचिव इन्द्रजीत गुप्त का था। उनके मित्रों की सूची में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला का नाम प्रमुख था। देश में कांग्रेस की सरकार थी और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए विपक्ष के नेता रहे अटल जी की अगुवाई में तब के विदेशमंत्री संयुक्त राष्ट्र गए थे। उन्हें देखकर पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के पसीने छूट गए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में अटल जी लखनऊ और गुजरात के गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे थे। लखनऊ में उनके सामने समाजवादी पार्टी ने फिल्म अभिनेता राज बब्बर को चुनाव लड़वाया। एक व्यवसायी जो एक मीडिया घराना भी चलाते थे, अटल जी को हराने के लिए हर प्रयास कर रहे थे। चुनाव में अटल जी की भारी जीत हुई। वे प्रधानमंत्री बने। कोई और होता तो उस व्यवसायी को परेशान करता। प्रधानमंत्री बनने के बाद अटल जी ने उनको समय देकर उनसे मुलाकात की। उसी मीडिया संस्थान के एक पत्रकार उनके साथ गांधीनगर गए हुए थे। गुजरात के तब के मुख्यमंत्री सुरेश मेहता ने अटल जी को खुश करने के लिए उस व्यवसायी के खिलाफ खिलाफ मुकदमा कायम करवाया था। अटल जी की चिंता उनके साथ गए उस मीडिया घराने के पत्रकार के नौकरी की थी। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी साथ गए दूसरे वरिष्ठ पत्रकार को दी। दिल्ली के अपने मित्र कांग्रेस नेता जग प्रवेश चन्द्र के अनुरोध पर उन्होंने एक विधायक की सदस्यता बचाई। अपनी विचारधारा के प्रति वे समर्पित थे। 1996 में उनकी सरकार केवल 13 दिन में चली गई। 27 मई,1996 को संसद में उन्होंने कहा कि सरकार बचाने के लिए वे विचारधारा से समझौता नहीं कर सकते। 1998 में वापस उनकी सरकार बनी जो 13 महीने चली और 1999 में बनी सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया।



**-मनोज मिश्र**

> 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 1974 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी तो उसके अध्यक्ष बने। वे पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से सांसद बने। 10 बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से लोक सभा के सांसद रहे।

उन्होंने 24 दलों के साथ मिलकर ऐतिहासिक सरकार चलाई और रिकार्ड काम किए। देश को चारों दिशाओं से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क परियोजना बनी। 1998 में पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किए गए। उससे खफा पाकिस्तान में कारगिल में हमला किया तो उसका मुंहतोड़ जबाब दिया गया। बावजूद इसके उन्होंने पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने की हर संभव प्रयास किया। दिल्ली से खुद प्रमुख नागरिकों के साथ बस से लाहौर की यात्रा की। उनकी कोशिश नवाज शरीफ का तख्तापलट होने और जनरल परवेज मुशर्रफ के अड़ियल रवैये से सफल नहीं हो पाई। पहले गैर कांग्रेसी नेता के रूप में उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री छह साल का कार्यकाल पूरा किया। वे कहा करते थे कि भारत को लेकर मेरी एक दृष्टि है-ऐसा भारत जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अटल जी की सोच को उन्नत तरीके से बढ़ाने में लगे हए हैं। अटल जी को देश के अनेक हिस्सों में सम्मानित किया जाता रहा। 1992 में उन्हें पद्म विभूषण और 2015 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

अटल जी न केवल लोकप्रिय नेता थे बल्कि कवि, लेखक पत्रकार भी थे। उन्होंने अपना सार्वजनिक जीवन पत्रकार के नाते शुरू किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ कर राष्ट्रधर्म, पाञ्चजन्य और वीर अर्जुन में पत्रकारिता की। 1951 से ही जनसंघ के स्थापना काल से जुड़े। संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहायक बने। फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सहयोगी बने। 1968 से 1973 तक जनसंघ के अध्यक्ष रहे। 1974 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय हुआ। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनी तो उसके अध्यक्ष बने। वे पहली बार 1957 में उत्तर प्रदेश के बलरामपुर से सांसद बने। 10 बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश के अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली से लोक सभा के सांसद रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उनसे प्रभावित होकर कहा था कि एक दिन वे देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उनके भाषण को सुनने के लिए देश के हर कोने में लोग देररात तक मीलों यात्रा करके आते थे। लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान ने संसद में अटल जी के भाषणों का किस्से सुनाए थे। अटल जी को राजनीति की जमीनी समझ भी गजब की थी। आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी को चुनाव के लिए तैयार करवाने वालों में अटल जी प्रमुख थे। उन्होंने जय प्रकाश नारायण और संघ नेताओं को विश्वास में लेकर ओम मेहता से इंदिरा गांधी पर चुनाव करवाने के लिए दबाव डलवाया। उन्हें पता था कि वे हारेंगी लेकिन उनके समर्थकों ने उन्हें बेहद लोकप्रिय बताकर चुनाव करवाने के लिए उन्हें तैयार किया। इसके चलते देश की राजनीति बदली।

जनता पार्टी सरकार के विदेश मंत्री के नाते पहली बार अटल जी ने संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण दिया। वे कार्यकताओं को खूब महत्व देते थे। हर रोज एक घंटा उनसे बिना पूर्व समय लिए कार्यकर्ता मिल सकते थे। किसी कार्यकर्ता के निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हर समय तत्पर रहते थे। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए विजय गोयल प्रधानमंत्री कार्यालय का मंत्री रहने के चलते उनके काफी करीबी रहे। वो कहते हैं कि अटल जी सही मायने में राष्ट्र पुरुष थे। लंबे समय तक सांसद , मंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद वे आजीवन फक्कड़ रहे। शुरूआती दिनों के उनके साथी और लोकप्रिय कवि, गीतकार गोपाल दास नीरज ने एक बार संस्मरण सुनाया था कि वे अटल जी के साथ आगरा किसी कवि सम्मेलन में गए। रेलगाड़ी लेट होने से वे सम्मेलन स्थल पर तब पहुंचे, जब आयोजन समाप्त हो चुका था। उन्होंने नीरज को तांगे का किराया देने को कहा तो उन्होंने पैसा होने से इनकार कर दिया। फिर वे आगरा में रहने वाली अपनी बहन के घर गए और उनसे मांगकर तांगे का किराया दिया। वे आजीवन अविवाहित रहे। उन्होंने देश को अपना परिवार माना और खुद अपनी मुंहबोली बेटी के साथ जीवन का अंतिम समय बिताया। देश के विभिन्न हिस्सों और लाल किले पर दिए भाषणों के अंश आज भी अनेक लोग दुहराते मिल जाएंगे। उनकी कविताएं बेहद लोकप्रिय हैं। उन्हें देश और दुनिया में लंबे समय तक लोकतंत्र से जुड़े हर मामले में याद किया जाता रहेगा और उनका उदाहरण दिया जाता रहेगा।

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### सख्त कार्रवाई हो

**बांग्लादेश** को 1971 में भारत ने मुक्ति वाहिनी की मदद से स्वतंत्रता दिलाई थी, लेकिन आज वहां के कट्टरपंथी हिंदू विरोधी हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। बांग्लादेश को यह याद रखना चाहिए कि वह कई मामलों में भारत पर निर्भर है। कट्टरपंथियों की धमकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। **-रवि, रांची**

## ट्वीट

**एमएसपी** की गारंटी और कर्ज. माफी समेत अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक है। सरकार को बातचीत करके अनशन खत्म करवाना चाहिए।

जायज मांगों के लिए किसानों को बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है। मैंने पहले भी कहा है और फिर दोहरा रहा हूं - जैसे मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर हुई, वैसे ही उसे इन मांगों को मानने के लिए मजबूर किया जाएगा। किसानों और देश के लिए बेहतर यही होगा कि देर करने की बजाय जल्द से जल्द मान ले।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# लोकप्रियता का आधार खो रहे नयी पीढ़ी के हीरो

**ऐसे प्रशंसक नहीं जो किसी खास हीरो की फिल्म रिलीज का इंतजार करें**

वरुण धवन

पुराने दिग्गज अभिनेताओं के मुकाबले में देखें तो आज के दौर के ज्यादातर हीरो का कोई फैन बेस नहीं है। चाहे वह वरुण धवन हो, चाहे आयुष्मान खुराना ,कार्तिक आर्यन,सिद्धार्थ मल्होत्रा या फिर शाहिद- काफी अनुभव के बाद भी ऐसे प्रशंसक नहीं जो इनकी फिल्म का इंतजार करें। अब वरुण धवन फिल्म “बेबी जॉन” के जरिए फिर दर्शकों से मुखातिब हैं।

असीम चक्रवर्ती

निश्चित तौर पर “पुष्पा-2” के बाद अभिनेता अल्लू अर्जुन के फैन बेस को एक बड़ा मजबूत आधार मिला है। दूसरी ओर वरुण धवन फिल्म “बेबी जॉन” के जरिए फिर दर्शकों की तरफ मुखातिब हैं। गौरतलब है इस फिल्म को लेकर यह तीसरी-चौथी बार उनकी धमाकेदार लॉन्चिंग हो रही है। यही नहीं, आजकल के कई नये हीरो की बात करें,तो कई-कई फिल्में करने के बाद भी उनका कोई प्रशंसक वर्ग नहीं बन पाता है। इनकी तुलना में पुराने दौर के किसी भी हीरो का नाम ले लीजिए,अपने-अपने दौर में इन सबका सशक्त फैन बेस होता था।

**सफलता की कसौटी पर नये दौर के हीरो**

बात नये दौर के हीरो वरुण धवन की करें तो उन्हें अपने दिग्गज पिता डेविड धवन की वजह से ही बॉलीवुड की जमीन बहुत अच्छी मिली मगर वह उसमें कुछ खास उगा नहीं पाए। हालांकि उनके पिता ने उन्हें स्थापित करने में कोई कोशिश बाकी नहीं रखी थी। कभी उन्हें गोविंदा की इमेज दी,तो कभी सलमान की,पर हर बार वह निरर्थक साबित हुए। उनके एक और गॉड फादर करण जौहर ने भी उन्हें स्थापित करने में कोई कमी नहीं बरती। लेकिन वरुण सशक्त पहचान नहीं बना पाए। बार-बार कुछ नया रूप धरने के बावजूद उनकी किसी भी नयी फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच कोई क्रेज नजर नहीं आता है। जोरदार प्रचार के बावजूद उनकी नयी फिल्म “बेबी जॉन” की रिलीज इससे पहले भी कई बार टल चुकी है। अब अंततः दर्शकों के बीच में यह आ रही है।

### युवा

**और भी कई हीरो हैं**

वरुण की तरह कई हीरो इसी तरह के लॉन्चिंग पैड से चलने की कोशिश करते हैं। अब जैसे कि अभिनेता मनोज बाजपेयी एक जिद की तरह कई बार हीरो बनने की काशिश करते हैं,मगर हर बार उन्हें हताश होकर अपने रुटीन ट्रैक पर वापस आना पड़ता है। कुछ माह पहले की अपनी एक फिल्म “भैयाजी” के साथ दमदार एंट्री लेनी चाही थी,मगर दर्शकों ने उन्हें पहले दिन ही जतला दिया कि आप एक अच्छे अभिनेता हैं,इसलिए दमदार कैरेक्टर ही आप पर फबता है। हीरो बनने की चाह में आपकी बेवजह की कोशिश किसी दर्शक को पसंद नहीं है। इसी तरह से प्रचार का सहारा लेकर काबिल एक्टर राजकुमार राव ने फिल्म “स्त्री-2” के बाद अपनी कीमत काफी बढ़ा दी थी,मगर इसके बाद आई “विकी और विद्या का वो वाला वीडियो” ने उन्हें समझा दिया कि वह अपने फैन बेस के आधार पर कोई फिल्म अब भी नहीं चला पाते हैं। देखा जाए तो आयुष्मान खुराना,विकी कौशल,कार्तिक आर्यन,सिद्धार्थ मल्होत्रा,शाहिद कपूर जैसे आजकल के ज्यादातर हीरो का कोई फैन बेस नहीं है। यहा तक कि इनमें उम्रदराज अभिनेता शाहिद कपूर अभी तक अपना प्रशंसक वर्ग तैयार नहीं कर पाए। पांच साल पहले की उनकी सफल फिल्म “कबीर सिंह” के बाद ऐसा लगा था कि शाहिद अपनी इस सुपर हिट फिल्म के सहारे अपनी इमेज को पुख्ता करेंगे। मगर इसके बाद वह फिर जर्सी,ब्लडी डैडी,तेरी बातों में उलझा” जैसी फिल्मों में उलझ कर रह गए। जबकि अभिनेता इतने अनुभव के बाद उम्दा एक्टर के तौर पर सामने आ ही जाता है।

**दिलीप, राज, देव, की अलग शान**

पुराने दौर के दिग्गज अभिनेताओं को उनके बाद के आए कई हीरो अपना प्रेरणा बताते है। उस दौर के तीन हीरो दिलीप कुमार,राज कपूर और देव आनंद का कोई सानी नहीं था। इनका अलग-अलग विस्तृत आकलन हमेशा चर्चा का विषय होगा। पर इनका जुदा अंदाज इनके फैन बेस का मुख्य आधार रहा है। जैसे कि राज साहब के गरीबीवाले अंदाज को ढेरों दर्शक पसंद करते थे। दूसरी ओर दिलीप कुमार ट्रेजड्री किंग के तौर पर दर्शकों के जेहन में छाए रहे। और देव साहब के लटकों-झटकों का अपना अलग मैनरिज्म था। और इन सबसे ऊपर थी इनकी एक्टिंग संपन्नता। इसी वजह से तीनों एक्टर का प्रभाव अभी तक है।

**धर्मेंद्र,राजेश,अमिताभ का जुदा अंदाज**

ये तीन महान एक्टर जब सक्रिय थे,तभी धर्मेंद्र,राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन आदि अपनी पुख्ता जगह बनाने की जद्दोजेहद कर रहे थे। इन तीनों ने फिल्म वर्ल्ड को उम्दा योगदान दिया है।

# कुंभ का महाविज्ञान-पंच महाभूतों का त्रिगुण संपन्न आधार

**संजय तिवारी**

**प्रयागराज** में संगम का तट पुनः ऊर्जा लिए प्रतीक्षा में है। 12 वर्ष बीत चुके। पृथ्वी, पवन, पानी, आकाश, वायु और अग्नि अपनी अपनी गति से रचना और विलय की यात्रा कर रहे हैं। जो निर्मिति है उसका शोधन होना है। इसी निर्माति में समस्त चराचर जगत है। इस निर्मिति का एक लय है, आधार है, अध्यात्म है, दर्शन है जिसे सनातन मनीषा महाविज्ञान की संज्ञा देती है। यह अद्भुत है। अद्वितीय है। विश्व की किसी सभ्यता के पास इसको समझने की सामर्थ्य नहीं। सनातन भारत की मनीषा ने इसका गूढ़ जान लिया है और सृष्टि के साथ ही इसके संस्कारयुक्त आकार , प्रकार और आयोजनों को स्थापित भी कर लिया है। सृष्टि में पिंड की स्थापना का आधार प्रति बारहवें वर्ष संशोधित और परिमार्जित होता है। यही कुंभ है।

सृष्टि के साथ साथ तीर्थ की यात्रा। अमृत घट का रहस्यमय स्वरूप। सृष्टि में तीन लोक। इन तीन में से एक लोक। इस एक लोक में तीर्थराज प्रयागराज । यहां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी का पवित्र संगम। ऐसे संगम तट पर महाकुंभ का अलौकिक समागम । समुद्र मंथन के कुंभ घट से जुड़े इस तीर्थ क्रम में अब तक लाखों पड़ाव बीत चुके हैं। युगों और कल्पों की इस यात्रा में यह संगम स्वरूप भारत के तीन घाटों की यात्रा कर अपनी संपूर्णता में प्रत्येक 12 वर्ष पर प्रयागराज में अवतरित होता है। गंगा , यमुना और सरस्वती के पावन संगम को यह साक्षी मान कर मासोपरांत विदा होता है। पृथ्वी पर उपस्थित मानव जाति इसके मर्म को समझने का प्रयास करती है। सनातन की यह अवधारणा नित प्रति नई व्याख्याओं के साथ आगे बढ़ती जाती है।

इस महाकुंभ के आयोजन का आधार सृष्टि के वे ही त्रिगुणात्मक अवयव हैं जिन्हें वेदों ने भी गाया है और गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी। तीन की इस आधार आंकिक योग से इतर इस सृष्टि और पूरे ब्रह्मांड में कुछ भी शेष है ही नहीं। इसी लिए सनातन संस्कृति और इसके समस्त शास्त्रों में सृष्टि और प्रकृति को त्रिगुणात्मक कहा गया है। इस त्रिगुणात्मक स्वरूप की व्याख्या आगे करेंगे लेकिन इसके तीन अंग कितने और किस रूप में व्यवस्थित हैं, उसको समझना जरूरी है।

यह कुंभ क्या है ? एक घट। यानी घड़ा। अमृत से भरा हुआ घट ही समुद्रंथन से प्राप्त हुआ था। उस घट में विद्यमान अमृत की प्राप्ति की इच्छा ने ही सुर और असुर संघर्ष को जन्म दिया। प्रत्येक 12 वें वर्ष, इस ब्रह्मांड की इस सृष्टि में पृथ्वी पर एक मात्र गंगा, यमुना और सरस्वती का यह संगम स्थल है जहां उस घट की अमृत की कुछ बूंदें यहां प्राप्त हो जाने की संभावना प्रबल रहती है। इन बारह वर्षों की अवधि के भीतर प्रत्येक तीन वर्ष पर यह आंशिक स्थिति हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में बनती है। इसीलिए इन तीन स्थानों पर क्रम से प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर अर्ध कुंभ आयोजित होते हैं।

### धर्म

**कुंभ और ब्रह्माण्ड**

कुंभ और इस ब्रह्मांड के संबंधों को भी समझने की जरूरत है। अंड शब्द का आशय एक कोष से है। ऐसा कोष जिसमें जगदनियंता परम ब्रह्म विराजमान हो। ब्रह्म जो अजन्मा है। अविनाशी है। उसी के कोष को ब्रह्मांड कहते हैं। अर्थात ब्रह्मांड में जो है वह ब्रह्म है, अविनाशी है, अमर है। इसीलिए सनातन शास्त्रों ने मनुष्य की व्याख्या करते समय इसे अमृतस्य पुत्राः की संज्ञा प्रदान की है। उस ब्रह्मांड का जो आकार है वह घट जैसा है। ऐसे घट के आकार वाले ब्रह्मांड का ही स्वरूप महाकुंभ अथवा कुंभ का आयोजन भी है।

इस कुंभ में भरे हुए अमृत की बूंद पाने को लालायित प्रेमी ही इस आयोजन के भागीदार होते हैं।

सनातन संस्कृति में कुंभ अर्थात घट या कलश का बहुत महत्व है। जन्म से मृत्यु तक के सभी शुभाशुभ संस्कारों में कुंभ (कलश) को स्थापित करने के पश्चात ही देव पूजन कर्म करने का विधान है। कलश या घट ही कुंभ है। ज्योतिष शास्त्र में बारह राशियों में से कुंभ एक राशि भी है। कुंभ का आध्यात्मिक अर्थ है ज्ञान का संचय करना, ज्ञान की प्राप्ति प्रकाश से होती है और कुंभ स्नान, दर्शन, पूजन से आत्म तत्व का बोध होता है। हमारे अन्दर ब्रह्माण्ड की समस्त रचना व्यापत है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार “यत पिण्डे, तत ब्रह्माण्डे, तत ब्रह्माण्डे, यत पिण्डे”, अर्थात जो मानव पिण्ड में है, वही ब्रह्माण्ड है और जो ब्रह्माण्ड में है, वही मानव पिण्ड में है। कुंभ, “घट” का सूचक है और घट शरीर का, जिसमें घट-घट व्यापी आत्मा का अमृत रस व्याप्त रहता है।

**अंड अर्थात अणु और इसके अंग**

जब कुंभ के आकार वाले ब्रह्मांड की चर्चा करते हैं तो इसके सूक्ष्म स्वरूप से चिंतन आरंभ होता है। सृष्टि में जो भी साकार है उसका निर्माण अणुओं से हुआ है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक सूक्ष्म के तीन गुण बताए गए हैं। इसी आधार पर प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी कहा गया। रज, तम, सत की संज्ञा वाले इन गुणों पर आगे चर्चा करेंगे।

अभी इतना संज्ञान में लेना आवश्यक है कि पश्चिम के आधुनिक विज्ञान ने भी सृष्टि के सूक्ष्म को तोड़ कर तीन हो गुण प्राप्त किया है जिन्हें आधुनिक विज्ञान की भाषा में हम इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संज्ञा देते हैं। इन्हीं तीन के आधार पर आज की आधुनिक दुनिया दौड़ रही है। सनातन संस्कृति में सृष्टि के आधार कारक स्वरूप तीन देव सुनिश्चित किए गए हैं जिन्हें क्रम से ब्रह्मा , विष्णु और महेश की संज्ञा दी गई है। जन्म के कारक ब्रह्मा जी हैं। जीवन के पोषक विष्णु जी हैं। मृत्यु के देव महेश हैं। आधुनिक विज्ञान के आधार अन्वेषण में प्राप्त इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के गुणों की विवेचना से स्पष्ट हो जाएगा कि हमारे सनातन शास्त्रों ने प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी क्यों कहा होगा। हमारे पूज्य ब्रह्मा, विष्णु और महेश की निरंतर उपस्थिति के कारण क्या हैं और ब्रह्माण्ड का सृष्टि पर्व कुंभ ही क्यों है।

## स्पीड न्यूज

### टीबी उन्मूलन के लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



बैठक में मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** टीबी उन्मूलन हेतु 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज के द्वारा उपायुक्त को जानकारी गई की 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक संचालित 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के तहत पूरे जिले में संभावित टीवी मरीजों की पहचान एवं उनके उपचार हेतु कार्य किया जा रहा है।अभियान के तहत टीबी रोग के लक्षण अथवा संभावित टीबी मरीजों का निशुल्क चेस्ट एक्स-रे व अन्य स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है। इस दौरान उपायुक्त ने जिला यक्ष्मा पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारियो के साथ समन्वय बनाते हुए अभियान के तहत कार्य करने एवं सीएसआर के माध्यम से भी अभियान को उद्देश्यों को पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन



अमित कुमार यादव व अन्य

**इचाक।** बरकट्ठा विधानसभा से तीसरी बार शानदार जीत दर्ज करने के उपरांत.. इचाक प्रखंड के पुनाई में संकटमोचन मंदिर के निकट भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय आभार सह अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव और चतरा विधायक जनार्दन पासवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समारोह में जनता व कर्मठ कार्यकताओं ने अतिथियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया.. ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत हुआ और फूल माला पहनाकर, शॉल, गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक अमित कुमार यादव जी इस स्नेह एवं प्रेम के लिए सभी का हृदय की गहराइयों से आभार जताया। अपने संबोधन में विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि ये हमारी जीत नही बल्कि आपसबो की जीत है, भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता सम्मान का हकदार है, जिस बूथ में प्रत्याशी नही भी जा पाते हैं वहाँ भी कार्यकर्ता अपने मेहनत से चुनाव जीतते हैं, कहा कि क्षेत्र की समस्याओं से हम अवगत हैं। सभी समस्याओं का समाधान होगा विश्वास रखें। मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** 19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2024 तक संचालित सुशासन सप्ताह के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' विषय पर सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दौरान जिला योजना पदाधिकारी संतोष कुमार भगत के द्वारा जानकारी दी गई की प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के निदेर्शानुसार 19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2024 तक प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान अभियान मोड में जन शिकायत मामलों अथवा सीपीग्राम पोर्टल पर आए मामलों को निष्पादित किया जाना है। सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी कार्यशाला एवं बैठक आयोजित की जा रही है।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से किसानों को जोड़ा जा रहा है : ममता



वितरण करते

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत सोमवार को चितरपुर पशु चिकित्सालय परिसर में (रेलवे ओवरब्रीज के समीप) मौजूद बतौर मुख्य अथिति रामगढ़ विधायक ममता देवी ने 23 बकरी एवं 10 सुकर लाभुकों के बीच वितरण किया। मौके पर विधायक ने कहा कि सरकार की यह योजना स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को जोड़ा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा देने और आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है।

## रामगढ़ बैंक ऑफ बड़ौदा में 1 लाख की छिनतई

खबर मन्त्र संवाददाता




**रामगढ़।** मेन रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में सोमवार को छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में बताया जा रहा है कि बैंक के अंदर पैसा जमा करने के दौरान एक दंपति पैसा जमा करने गये । उसी क्रम में उनके थैले से ब्लेड मारकर पैसे निकाल लिये गये। मामले की जानकारी के बाद पुलिस बैंक परिसर गई और घटना की जांच पड़ताल किया। वहीं, रामगढ़ थाना से महज 400 मीटर की दूरी पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में हुई इस घटना के बाद लोग सहमे हुए हैं। लोग पुलिस से शहर में गश्ती बढ़ाने और अपराधी तत्वों पर कारवाई की मांग कर रहे हैं।

### नवंबर माह में अपेक्षाकृत कम कार्रवाई पर उपायुक्त सख्त

# अवैध बालू उठाव व परिचालन पर सख्ती बरतने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने गुड गवर्नेंस वीक (सुशासन सप्ताह 19 से 24 दिसंबर) के तहत एजेन्डावार विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन की समीक्षा की। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त अवैध बालू के उठाव तथा परिचालन की सूचना पर उपायुक्त पुलिस तथा प्रखंड स्तर बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलास्तर के सभी चेक पोस्ट का सुचारू व गंभीरता से बालू से लदे वाहनों की जांच एवं परिचालन पर रोक लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बड़कागाँव/ कटकमदाग / सदर/ बरकट्ठा/ कटकमसांडी / पेलावल आदि से अवैध परिवहन की सूचनाएँ दैनिक समाचार पत्रों, स्थानीय प्रतिनिधियों एवं राज्य स्तर से लगातार प्राप्त हो रही है जिसकी रोकथाम जरूरी है।

विशेष शाखा, झारखण्ड, रॉची से प्राप्त पत्र के अनुसार बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से बालू उठाव कर कटकमदाग होते हुए बालू परिवहन का मामला प्रतिवेदित किया है तथा चौपारण थानान्तर्गत क्षेत्रों से भी नदियों से स्थानीय मिलीभगत कर बालू के अवैध परिवहन का मामला की जानकारी के आधार पर स्थानीय प्रशासन व पुलिस को टीम गठित कर नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे गतिविधियों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। खनन विभाग द्वारा बड़कागाँव/ चुरचू/ विष्णुगढ़/ चरही आदि क्षेत्रों से कोयला के अवैध खनन, परिवहन के संदर्भ में की गई कार्रवाई एवं रोकथाम की समीक्षा। आगे उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी खनिज से लदे वाहनों को ओभरलोड के मामले में पकड़े गये वाहनों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। अवैध खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु जिले के सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।




बैठक में उपायुक्त व अन्य

### ड्रिंक एंड ड्राइव पर भी अंकुश लगाने की आवश्यकताः उपायुक्त

उपायुक्त ने कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव एक गंभीर मामला है। आए दिन बेलगाम वाहनों से कई मासूम लोगों की दुःखद मृत्यु की सूचना समाचार पत्रों से प्राप्त होती है जिसपर अंकुश लगाना अनिवार्य है। नशे पर नकेल कसने के लिए नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया। नए वर्ष पर कई लोग बेतहाशा तेज गति से वाहनों को चलाते है और दुर्घटना के शिकार हो जाते है। उन्होंने ड्रिंक एंड ड्राइव की जांच के लिए ब्रेथ एनलाइजर का भी उपयोग करने को कहा। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के कई स्थानों में हो रहे अफीम की खेती को नष्ट करने की कारवाई नियमित रूप से की जा रही है,इस प्रकार की कारवाई को गतिमान बनाए रखना आवश्यक है। मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीएफओ पूर्वी, डीएमओ अजित कुमार,अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आइपीएस सुश्री श्रुति, सभी सीओ एवं थाना प्रभारी मौजुद रहे।

### बैठक में उपायुक्त ने म्यूटेशन पर गति लाने का दिया निर्देश

**हजारीबाग।** राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में हुई। राजस्व की बैठक में म्यूटेशन, ई कोर्ट, सरकारी परियोजनाओं के लिए भूमि हस्तांतरण, मुआवजा संबंधी मामलों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने अकारण 90 दिनों तथा 30 दिनों से ज्यादा म्यूटेशन के लंबित मामलों पर नाराजगी जाहिर करते हुए तीव्र गति से समय पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। म्यूटेशन के अत्यधिक लंबित वाले प्रखंडों के अंचलाधिकारियों को गंभीरता के साथ कार्य करने का सख्त निर्देश देते हुए कारवाई की बात कही। डीसी ने कहा कि म्यूटेशन से संबंधित मामलों में अगर किसी आवेदन को रिजेक्ट करते है तो उन आवेदनों पर पहले सेल्फ सेटिस्फाइड हो ले।

### अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगढ़।** एकल अभियान दक्षिण झारखंड संभाग रामगढ़ अंचल का अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 22 दिसंबर को सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ में संपन्न हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं ओंकार, गायत्री मंत्र , श्रीराम स्तुति के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथी के रूप में जिला संघ चालक शत्रुघन प्रसाद, कमल बगडीया, अमित सिन्हा, राजेश ठाकुर, अभिषेक जसवाल, विनीत मारवाह, राजेश मोदी, ओमप्रकाश कुशवाहा, रितेश कश्यप, डॉ नारायण सिंह, जन्मेंजय प्रताप, मनीष अग्रवाल, विनोद मिश्रा, धिरज पराशर, सुरेश गणक, उमा सिन्हा, वीणा सिंह, संजू प्रसाद, मालती गुप्ता, नीरज पाठक, राजेश साव, धनंजय पुटूस, आयोजन समिति अध्यक्ष विशाल जसवाल, सचिव अंकित रणर मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में रामगढ अंचल के संच रामगढ, गोला बरलंगा, पतरातू, भुरकुंडा, कुजू, माण्डू, सिल्ली, सोनाहातू, इन सभी संचों से कुल 274 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### वन भोज में शामिल हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सदस्य

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधा वर्मा की अगुवाई में महिला प्रकोष्ठ द्वारा स्थानीय छड़वा डैम में 22 दिसंबर को पारिवारिक वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ठंड के बावजूद काफी उत्साह के साथ भारी संख्या में महिला-पुरुषों के अलावा बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिवपुरी, रामनगर, न्यू एरिया, मंडई, विष्णुपुरी, दारू, चौपारण आदि के उप समितियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खेलकूद प्रतियोगिता, अंताक्षी, गीत-संगीत प्रतियोगिता का बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने भरपूर मनोरंजन किया। इसके बाद लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इससे पहले वनभोज कार्यक्रम का आरंभ भगवान चित्रगुप्त की आरती से हुई। चाय-नाश्ते के दौरान पारिवारिक परिचय का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को सफल सफल बनाने में मुख्य रूप से कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय, बैजनाथ लाल, नवल लाल, ललित मोहन प्रसाद, शशिकांत श्रीवास्तव, राजीव रंजनू समेत सैकड़ों कायस्थों ने सराहनीय योगदान दिया।

### बीएसएफ मेरू कैंप में झारखण्ड राज्य के विभिन्न केन्द्रीय संगठनों में

## चयनित अभ्यर्थियों को प्रदान किया गया नियुक्ति पत्र



मौके पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** सीमा सुरक्षा बल, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरू कैंप, हजारीबाग में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के आगमन पर के० एस० बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय एवं सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक, राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक व डी० के० प्रमाणिक, उप महानिरीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि माननीय अन्नपूर्णा देवी, महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। तदोपरांत उन्हे परिसर स्थित शान-ए-मगध अतिथि गृह में गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

## आर के आर्ट एवं प्रतिभा कला कुंज ने 6वीं पेंटिंग प्रतियोगिता में 718 बच्चों ने दिखाया हुनर

खबर मन्त्र संवाददाता



बुके देकर सम्मानित करते

**बरही।** आर के आर्ट एवं प्रतिभा कला कुंज के तत्वावधान में 22 दिसंबर को प्रखंड मैदान में 6वीं पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीपीओ बरही अजित कुमार विमल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा मालती देवी, ब्रह्मदेव केशरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, व्यवसायिक संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, जीप सदस्या प्रीति गुप्ता, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, कामेश्वर सिंह, डॉ. उमेश कुमार दास, चंचला कुमारी, मनोज उपाध्याय, मुन्ना यादव, शैलेन्द्र गुप्ता, सिराज खान, और रवि केशरी मौजूद रहे। मंच संचालन प्रमोद सिंह और रवि केशरी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने बच्चों के उत्साह और उनकी कला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जीप सदस्य प्रीति गुप्ता और बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी सहित कई अन्य वक्ताओं ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। गुरुदेव गुप्ता, देवधारी प्रजापति, और मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने भी प्रतियोगिता की सराहना की। प्रतियोगिता के जज के रूप में हजारीबाग के आर्टिस्ट टिंकू, रामगढ़ की निधि कुमारी और हजारीबाग के गोपी कृष्णा ने बच्चों की पेंटिंग का मूल्यांकन किया। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये नगद, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये नगद, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट, तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये नगद, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्राप्त किया।

## परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल कुजू में बड़े ही धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक शैलेंद्र कुमार सभी को क्रिसमस की बधाइयां दी और अपनी शुभकामनाओं में हमें यह संदेश दिया।

उन्होंने बताया कि क्रिसमस प्रेम का त्यौहार है और हमें भी अपने पड़ोसियों से प्रेम और अपने दुश्मनों को माफ करते हुए अपने हृदय को शुद्ध और साफ करना है।

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)**

पत्रांक–10/लेखा विविध–13/2016 रांची, दिनांक–

**सूचना**

अपर सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, रॉंची हेतु 01 (एक) अदद Tablet क्रय किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

1. iPad Pro M4 Chip - 01 अदद (Wifi, Storage-12/256 GB, Display-13inch)

- उक्त Tablet का मूल्य 1.00 (एक लाख)+जी0एस0टी0 अलग से के अंतर्गत होना चाहिए।
- iPad के Authorize Dealer को प्राथमिकता दी जाएगी।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता अपना–अपना कोटेशन नोटिस प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के अंदर शिलबन्द लिफाफा में अवर सचिव, **कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रॉंची** के पदनाम से लेखा शाखा में जमा कर सकते हैं।

ह0/–
(शिव किशोर मिश्र)
सरकार के अवर सचिव

PR 342654 Agriculture(24-25)#D

**कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय**
**सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची।**

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना (द्वितीय आमंत्रण)/
PR No.-340567 Water Resource (2024-25)D

पुनः अति अल्पकालीन

ई– निविदा प्रसंग सं0– WRD/IMD/RANCHI/08/2024–25

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | लतरातु जलाशय योजना के बॉंया Outlet Gate का Emergent कार्य । |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 4,55,854.00 (चार लाख पचपन हजार आठ सौ चौवन रूपये) मात्र। |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 01 (एक माह)। |
| 4. | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 9,200.00 (नौ हजार दो सौ रूपये) मात्र। |
| 5. | परिमाण विपत्र का मुल्य (रूपये में) | रू0 750.00 (सात सौ पचास) मात्र। |
| 6. | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 24–12–2024 (11:00 बजे पूर्वाह्न ) |
| 7. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 01–01–2025 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 8. | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 03–01–2025 (10:30 बजे पूर्वाह्न ) |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची। |
| 10. | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 0651–2912296 |
| 11. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची ।

PR 342723 (Irrigation) 24-25 (D)

**कार्यपालक अभियन्ता काकार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना — Annexure1

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/RAMGARH F2 - 12/2024-25 (3rd Call) दिनांक– 23.12.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | DMFT न्यास परिषद् से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 3 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 26.12.2024 2:00 बजे अपराह्न |
| 4 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 02.01.2025 5:00 बजे अपराह्न |
| 5 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 04.01.20252:00 बजे अपराह्न |
| 6 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़। |
| | (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई–मेल | मो0–06553–231173 eemidramgarh24408@gmail.com |

| क्र० | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 12/12 | Gola | Saragdih | Construction of Boudary wall at High School, Dimra, Saragdih, Gola | 2772300 | 5000 | 06 (छः) माह |

नोट– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 342700 Minor Irrigation (24-25)_D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

ई– अति अल्पककालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RE-RDD/SD/HZB/25/2024-25 (3rd call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDD/SD/HZB/25/03/2024-25 (3rd call) | बड़कागांव | हजारीबाग जिला के बड़कागांव प्रखण्ड में आंगो पंचायत में ग्राम उरेज एवं पचंडा के बीच हहारो नदी पर पुल निर्माण। | 5,37,74,300.00 | 10,75,500.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.01.2025
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 03.01.2025 से दिनांक 13.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –15.01.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8.परिमाण बिपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 342713 (Rural Development)24-25*D

# पर्यावरण विज्ञान की पढ़ाई और गंभीरता

विश्व भर में खासकर भारत में पर्यावरण की क्षति किस कदर हुई है, यह तय मौसम में व्यापक बदलाव और असमय लाखों की संख्या में हुई मौत से समझा जा सकता है। सिडनी जैसे विकसित शहर में नल खुले रखने पर जुर्माना की बात करना एक और खतरनाक संकेत दे रहा है। अमेरिका के 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टिट्यूट' की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वायु प्रदूषण के कारण 2017 में 12 लाख लोग मारे गए। वर्तमान में वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण दक्षिण एशिया में बच्चों की औसत जीवन प्रत्याशा में ढाई साल की कमी आएगी, जबकि नियंतण्र जीवन प्रत्याशा में 20 महीने की कमी आएगी। ये सारी बातें एक बार फिर इसलिए चर्चा के केंद्रबिंदु में हैं क्योंकि हाल ही में विविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के विविद्यालयों में अनिवार्य रूप से पर्यावरण विषय को पढाने को कहा है।यूजीसी का यह फैसला स्वागतयोग्य है, मगर अभी भी यह निर्णय कई बिंदुओं पर अधूरा है। प्रदूषण की मार का नियंतण्र तौर पर हर आम और खास किस तरह सामना कर रहे हैं, यह सबके सामने है। सो सिर्फ रूटीन पढाई करके आप पर्यावरण को बेहतर नहीं बना सकते हैं। इसके लिए पढाई के तौर-तरीकों को बदलना होगा। उसके आयामों को 360 डिग्री बदलने की जरूरत है। इसके लिए सालों पुराने पाठ्यक्रम को नये कलेवर में लाना होगा। हमारे देश में यह कमी है कि हम अपने कोर्स में जल्दी-जल्दी बदलाव नहीं करते हैं, जबकि हमारी सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और प्रशासकीय समस्याएं गतिशील हैं। हमें इस जड़ता को खत्म करना होगा। विदेशों में सालों-साल तक चलने वाले कोर्स का कोई अस्तित्व ही नहीं है। वहां तो हर साल विषयों के कोर्स में बदलाव किए जाते हैं। वहां सेशन शुरू होने के पहले ही संक्षेप में बता दिया जाता है कि इस साल क्या-क्या पढाया जाएगा? इसके उलट हमारे यहां 15 साल 20 साल पुराने कोर्स अभी भी पढाए जाते हैं।



कई कोर्स तो इतने पुराने हो गएहैं कि अब उनकी वर्तमान समय में कोई प्रासंगिकता नहीं रह गई है। इसे समझने की आवश्यकता है। आशय यह है कि गैर महत्त्वपूर्ण पाठ्यक्रम को खत्म करना होगा। कुल मिलाकर नये पाठ्यक्रम के लिए लचीला रुख अपनाना होगा। यह कहा जा सकता है कि प्रकृति की सुरक्षा के लिएयुवा और छात्रों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। नई पीढी को बोरियत से बाहर निकालना समय की मांग है। अगर इसमें व्यापक तौर पर तब्दीली नहीं लाई गई तो पठन-पाठन के जरिये बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगी।पिछले कई साल से यूजीसी विविद्यालयों-शिक्षण संस्थानों-कॉलेजों को पत्र लिखकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने हुए अंडर ग्रेजुएट स्तर पर पर्यावरण विज्ञान विषय को अनिवार्य रूप से पढाने के आदेश दिए गए, लेकिन बताया जाता है कि देशभर के कुल 706 विविद्यालयों में से 306 विविद्यालयों ने इस विषय को अभी तक शुरू नहीं किया है। शैक्षणिक स्तर पर यह लापरवाही चिंता के साथ-साथ निराशा का माहौल भी पैदा करती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। ऐसा भी देखा गया है कि कई विविद्यालयों-संस्थानों ने पर्यावरण विज्ञान विषय शुरू तो किया है, मगर वह मनमाने तरीके से इस विषय को पढ़ा रहे हैं। जबकि यूजीसी ने कहा है कि पर्यावरण अध्ययन पर मॉड्यूल को पढ़ाने का काम उन शिक्षकों को सौंपने की जरूरत है, जो यूजीसी द्वारा निर्धारित योग्यताएं पूरी करते हैं। पर्यावरण विज्ञान विषय को पढ़ाने के लिए उसी विषय में उच्च उपाधि प्राप्त शिक्षकों की नियुक्ति करना अपेक्षित है, लेकिन यह विषय दूसरे विषयों के स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त शिक्षकों से पढ़वाया जा रहा है, जिसके चलते पर्यावरण विज्ञान के उच्च उपाधि प्राप्त उम्मीदवार बेरोजगारी होकर भटक रहे हैं। कहने का तात्पर्य है कि शिक्षा से जुड़े नीतिकार और विशेषज्ञों को यह दायित्व समझना होगा और जिम्मेदारी के साथ देश की बेहतरी के लिए भविष्य के बेहतरीन छात्र तैयार करने होंगे। इसको हमारी दिन-प्रतिदिन की जो समस्या है, उससे जोड़ना होगा, कनेक्टिविटी बढ़ानी होगी।

एक और अहम सुझाव यह है कि पर्यावरण या प्रदूषण की समस्या को हमें स्वास्य से जोड़ना होगा। जब तक प्रदूषण के दुष्परिणामों की जानकारी जनता को नहीं होगी, तब तक उसमें बेहतरी की गुंजाइश नहीं के बराबर होगी। हम अक्सर देखते हैं कि किडनी/लीवर आदि गंभीर बीमारियां प्रदूषण और खराब पानी और खानपान की वजह से होती हैं। अगर प्रदूषण के बारे में लोग जागरूक होंगे तो तस्वीर निश्चित तौर पर बदल सकती है। पराली जलाने, जंगलों की अंधाधुंध कटाई के दुष्परिणामों को जनता को बताने की जरूरत है। यानी कई स्तर पर काम करने से बेहतर परिणाम आएंगे।

# गणित का ज्ञान टेक्नोलॉजी और कंपटीशन में रखेगा आगे

**बृजमोहन ओझा**

**आज** के टेक्नोलॉजी और प्रतियोगिता के दौड़ में युवाओं अपने कैरियर के लिए पहले ही से सोचने लगते हैं वर्तमान समय में युवाओं को गणित को एक विषय या कैरियर के रूप में पढऩे की जरूरत है।

जब हम अपने परिवेश एव दिनचर्या को देखते हैं तो पाते हैं कि हमारे जीवन के प्रत्येक क्षण और आसपास गणित की गणित है। आर्यभट्ट भास्कराचार्य रामानुजन जैसे गणितज्ञ भारत भूमि के रत्न थे गणितज्ञों का भूमि रहा है भारतीय वेदों में र्विणत गणितीय विश्लेषण आज भी रहस्यमय है भारतीय संस्कृत ग्रंथों में आधुनिक गणित से लेकर विज्ञान पर्यावरण जल संरक्षण परंपरा एवं संस्कृति को जीवंतता प्रदान करने वाला अद्भुत सूत्र दिए हुए हैं। दुर्भाग्य है कि देश पर राज करने वाले अंग्रेजी हुकूमत और अंग्रेजों के गुलाम ने संस्कृत को कठिन विषम और विद्वानों की भाषा बताकर इसे प्राथमिक शिक्षा और आम आदमी से दूर कर दिया। गणित को सामान्यतः लोग एक कठिन विषय मानते हैं क्योंकि गणित के आधारभूत नियम सूत्रों से दूर भागते हैं। गणित को सबसे कठिन विषय माना जाता है। लेकिन एक ताजा शोध में पता चला है कि गणित के सूत्र में मौजूद अंकों और अक्षरों का जटिल सिलसिला मस्तिक में आंनद के वैसे ही अनुभूति पैदा करते हैं, जैसे एक शानदार कलाकृति को देखकर या महान संगीतज्ञ का संगीत सुनकर पैदा होती है। नई तकनीक क्रांति की वजह से गणित का सर्वाधिक विकास पिछले



30/40 वर्षों में हुआ वर्तमान समय में युवाओं के पास गणित में कैरियर बनाने के काफी अच्छे और बहुत मौके हैं। गणितज्ञों के पास कैरियर की संभावनाएं जारी रहती है क्योंकि उच्च स्तर के विशलेषणात्मक सोच कौशल की आवश्यकता होने के बाद उन्हें अत्यधिक मांग की जाती है। गणितज्ञों को लगभग सभी निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्रों के संगठन में रोजगार मिलता है। गणित अध्ययन के बाद युवा उद्योग बैंकिंग सेवाओं की विषय के रूप में स्थापित कर सकते हैं। आज युवाओं को गणित में उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान करने के लिए विश्व स्तर के अनेक संस्थान देश में मौजूद है । भारत में 135 से अधिक विश्वविद्यालय हैं जो गणित से जुड़े हुए कोर्स चलाते हैं स्नातक स्तर पर गणित की शिक्षा देने वाले विश्वस्तरीय संस्थान इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट बैंगलोर कोलकाता एवं चेन्नई मैथमेटिकल इंस्टीट्यूट चेन्नई हैं।

**स्नातक डिग्री के प्रमुख संस्थान –**

इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट (आईएसआई), बेंग्लुरु : यहां से आप बी.मैथ डिग्री हासिल कर सकते हैं. इस संस्थान में दाखिले के लिए पहले स्क्रीनिंग टेस्ट देना पड़ता है.

- चेन्नई मैथमैटिकल इंस्टीट्यूट (सीएमआई), चेन्नई : सीएमआई से आप मैथ और कम्प्यूटर साइंस में बीएससी डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। यह संस्थान लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद दाखिला देता हैं।

**गणित में बीएससी डिग्री**

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), कानपुर : यहां दाखिला लेने के लिए पहले आईआईटी जेईई देना होता है।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी), बेंग्लुरु : संस्थान में दाखिले के लिए आईआईटी जेईई का आयोजन किया जाता है।

गणित में मास्टर डिग्री

- चेन्नई मैथमैटिकल इंस्टीट्यूट (सीएमआई), चेन्नई : यहां मई के अंतिम दिनों में एडमिशन टेस्ट का आयोजन होता है।
- इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टीट्यूट (आईएसआई), नई दिल्ली : यहां भी एडमिशन टेस्ट द्वारा प्रवेश मिलता है।
- यूनिर्विसटी ऑफ हैदराबाद : यहां लिखित परीक्षा और इंटरव्यू द्वारा दाखिला होता है।

एमएससी-पीएचडी यहां से कर सकते हैं-

- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फन्डामेन्टल रिसर्च (टीआईएफआर), मुंबई
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैथमैटिकल साइंस (आईएमएससी), चेन्नई
- हरीश चंद्र रिसर्च इंस्टीट्यूट (एचआरआई), इलाहाबाद।

गणित से प्रमुख करियर इस प्रकार हैं:

**गणितज्ञ :** गणितज्ञों को गणित का अध्ययन अथवा अनुसंधान करना होता है। वे गणित के अनसुलझे रहस्यों को उजागर करने का प्रयास करते हैं।

**शिक्षण :** गणित के शिक्षकों की मांग कल भी थी, आज भी है और भविष्य में भी रहेगी। गणित पूरी स्कूली शिक्षा में एक मुख्य विषय होता है। यदि आपमें संख्याओं के प्रति गहरा आकर्षण है और छात्रों को पढ़ाने में आपकी रुचि है, तो आप शिक्षण के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। **सॉफ्टवेयर इंजीनियर :** भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की न केवल भारत में बल्कि विश्व भर में धूम मची हुई है। वैश्विक आईटी इंडस्ट्री भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को रोजगार देने के लिए बाहें फैलाए खड़ी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर सॉफ्टवेयर के प्रयोग तथा उनकी प्रणाली का सृजन, परीक्षण, विश्लेषण व मूल्यांकन करने के लिए कम्प्यूटर विज्ञान और गणितीय विश्लेषण के सिद्धांतों को कार्यान्वित करते हैं।

**बैंकिंग :** वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के चलते बैंक तेजी से अपनी शाखाएं बढ़ा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के हजारों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। गणित में महारथ रखने वाले युवा बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं।

**चार्टर्ड अकाउंटेंट :** उदारीकरण के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास के चलते अकाउंट्स तथा फाइनेंस के क्षेत्र में करियर ने खूब लोकप्रियता अर्जित की है। इस क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट का एक अत्यधकि प्रतिष्ठित करियर विकल्प है।

**कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट :** कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट के लिए सॉफ्टवेयर, अनुसंधान, शिक्षा, सिक्यूरिटी, बैंकिंग, अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर विज्ञान, भौतिकी, तकनीकी शाखाओं आदि में रोजगार के ढेरों अवसर हैं। अधिकांश सिस्टम्स एनालिस्ट लागत-लाभ व निवेश पर मुनाफा का विश्लेषण तैयार करने के लिए विशिष्ट प्रकार की कम्प्यूटर प्रणालियों पर कार्य करते हैं और मैनेजरों को यह निर्णय लेने में सहायता करते हैं कि या प्रस्तावित टेक्नोलॉजी वित्तीय दृष्टि से कारगर होगी या नहीं।

## कांवड़ यात्रा मार्ग के लिए यूपी सरकार की 33,000 पेड़ काटने की योजना

**उत्तर प्रदेश** सरकार ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को बताया है कि गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर को जोड़ने वाली 111 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा मार्ग परियोजना के लिए 33,000 से ज्यादा बड़े पेड़ों को काटा जाएगा। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, जीटी ने इस मामले की सुनवाई के लिए 8 जुलाई की तारीख तय की है। उस दिन जीटीअध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव, अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल सरकारी अधिकारियों से इस बारे में और जानकारी मांगेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राज्य सरकार को इन जिलों में परियोजना के लिए 1,10,000 पेड़ और पौधे काटने की अनुमति दी थी। ट्रिब्यूनल ने इस मामले को स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पर्यावरण मंत्रालय, लोक निर्माण विभाग और तीनों जिलों के जिलाधिकारियों से इस बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। हालांकि, सरकार ने कुछ जानकारी दी है, लेकिन ट्रिब्यूनल ने और अधिक विस्तृत विवरण देने को कहा है।

ये कांवड़ यात्रा मार्ग साल 2018 में प्रस्तावित किया गया था। ये पश्चिमी यूपी और उत्तराखंड के जिलों से होकर गुजरने वाली ऊपरी गंगा नहर के रास्ते का विकल्प है। 2020 में, सरकार की व्यय और वित्त समिति ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी थी। इस मार्ग पर 10 बड़े पुल, 27 छोटे पुल और एक रेलवे ओवरब्रिज बनाए जाएंगे। गौर करने वाली बात ये है कि गंगा नहर पर बने ज्यादातर पुल 1850 के आसपास बनाए गए थे।

## एक घर, लाखों बल्ब और गिनीज रिकॉर्ड

**क्रिसमस विशेष**

**टिमोथी** और ग्रेस गे का घर, जो क्रिसमस के समय लाखों पर्यटकों का आकर्षण बन जाता है। इस घर में जलने वाले 7,20,420 बल्ब एक जादुई माहौल तैयार करते हैं, जो संगीत और रंगों के साथ बदलते रहते हैं। शुरूआत में, इस दंपति ने अपने पहले बच्चे के जन्मोत्सव पर घर को सजाया था, लेकिन धीरे-धीरे यह शौक गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। 2012 में उन्होंने रिकॉर्ड अपने नाम किया और तब से उनका नाम लगातार इसमें शामिल है।

गांव का एक घर अपनी जगमगाहट के कारण गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। इस अनूठे प्रकाशमान घर के कारण एक छोटा-सा गांव क्रिसमस के अवसर पर चर्चित पर्यटन स्थल बन जाता है। गांव की आबादी तो वह मुश्किल 4600 लोगों की है, लेकिन क्रिसमस के दौरान यहां 60000 पर्यटकों का रेला उमड़ पड़ता है जो सिर्फ इस घर की रोशनी को देखने के लिए आते हैं।

**लाखों बल्बों वाला मायालोक**

जी हां, हम बात कर रहे हैं न्यूयॉर्क के ग्रामीण डचेज काउंटी के यूनियन वाले में मौजूद दंपति टिमोथी और ग्रेस गे के घर की। यूनियन वाले गांव की अंधेरे माहौल से दूर से किसी प्रकाश स्तंभ की तरह चमकता हुआ दिखता है उनका यह अनूठा घर ।

इस घर में 7,20,420 बल्ब जलते हैं। ये बल्ब एक साउंड ट्रैक से जुड़े हुए हैं और करीब ढाई सौ गीतों की धुन पर बार-बार रंग बदलते हैं। इससे माहौल पूरा जादुई और मनोरंजक हो जाता है। यहां एक तालाब है जिसके ऊपर एक बड़ा-सा ग्लोब, हार्ट, तारे और इंद्रधनुष लटकाए गए हैं। जाहिर है ये सभी रंग-बिरंगे बल्बों से बने हुए हैं। इनका प्रतिबिंब जब जल में पड़ता है तो लगता है मानो हम किसी मायालोक में आ गए हैं।

**बेटे के जन्मोत्सव से शुरूआत**

पति और पत्नी यानी टिमोथी और ग्रेस गे ने सबसे पहले अपने इस घर में को 1995 में रोशन किया था। यह मौका था उनके पहले बच्चे के जन्मोत्सव का। अपनी खुशी का इजहार करने के लिए इस दंपति ने अपने घर को 600 रंग-बिरंगे बल्बों से सजाया था। कुछ वर्षों बाद शौक-शौक में उन्होंने अपने 1.7 एकड़ में विस्तृत आवासीय परिसर के सामने तालाब के आसपास मौजूद पेड़ों और झाड़ियां को भी मिनी बल्बों की झालर से सजा दिया।

**रिकॉर्ड की धुन को किया साकार**

वर्ष 2011 में उन्हें पता चला कि ऑस्ट्रेलिया का एक दंपति भी अपने घर को लाइटों से सजाता है, जिनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। उस दंपति से वे सिर्फ कुछ बल्बों की दूरी पर हैं। फिर क्या था टिमोथी और ग्रेस गे ने यह रिकार्ड अपने नाम करने की ठान ली। अपनी मेहनत से 2012 में उन्होंने यह रिकॉर्ड हासिल कर लिया। सन? 2013 में 1 वर्ष के लिए वे पिछड़ गए थे मगर 2014 से अब तक उनका ही नाम गिनीज बुक में दर्ज है। अपने इस अनूठे शौक के कारण इस दंपति की ख्याति राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गई है और उनके साथ-साथ उनका गांव भी दुनिया भर में चर्चित हो गया है।

# ग्राहक सशक्तिकरण ही 'ग्राहक संप्रभुता' का मार्ग

**(ग्राहक दिवस/24 दिसंबर/विशेष)**

**दिनकर जी सबनीस**

**भारतीय** चिंतन के दृष्टिकोण से अर्थव्यवस्था के केंद्र बिंदु 'ग्राहक संप्रभुता' पर विचार करने से पहले 'ग्राहक' शब्द का अर्थ समझना आवश्यक है। क्योंकि वैश्विक ग्राहक आंदोलन 'ग्राहक' को बाजार में की जाने वाली खरीद-बिक्री की गतिविधियों तक ही सीमित रखता है। जबकि 'ग्राहक' शब्द अंग्रेजी में 'उपभोक्ता' या 'कस्टमर' का पर्याय नहीं है। इसे हिंदी शब्द 'उपभोक्ता' का पर्याय भी नहीं माना जा सकता। 'उपभोक्ता' शब्द उपभोग की अवधारणा से लिया गया है, जबकि 'ग्राहक' शब्द प्राप्त करने या स्वीकार करने की क्रिया से उत्पन्न हुआ है। दोनों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर है। उपभोग असीमित है और आवश्यकता के बजाय क्षमता को संतुष्ट करता है, जबकि प्राप्ति आवश्यकताओं की पूर्ति तक सीमित है। आवश्यकता पूरी होने पर संतुष्टि प्राप्त होती है।

'ग्राहक' शब्द सुनकर वास्तव में विचार यह होना चाहिए कि ग्राहक ही अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। ग्राहक केवल वस्तुओं और सेवाओं के खरीदार नहीं हैं। ग्राहक आर्थिक ढांचे का केंद्रीय तत्व हैं। ग्राहक की मांग ही उत्पादन प्रक्रिया की शुरूआत करती है, और यही मांग अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखती है। ग्राहक की प्राथमिकताएं और शक्ति अर्थव्यवस्था को दिशा देती हैं। अगर ग्राहक उत्पादों या सेवाओं के प्रति उत्साह नहीं दिखाते हैं तो उद्योग और व्यवसाय मंदी का अनुभव कर सकते हैं, जिससे अंततः उत्पादन में कमी और अर्थव्यवस्था में संभावित ठहराव आ सकता है। इसका मतलब है कि आर्थिक समृद्धि के लिए ग्राहक का आत्मविश्वास और क्रय शक्ति आवश्यक है।

आर्थिक परिदृश्य में विभिन्न बाजार विकल्पों की उपलब्धता बढ़ रही है, परन्तु ग्राहक को प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। उनकी जरूरतें और प्राथमिकताएं अद्वितीय हैं। इसलिए, सरकार और विभिन्न व्यवसाय अपने ग्राहक अनुभव और संतुष्टि पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतियां तैयार करते हैं। इस संदर्भ में ग्राहक की संप्रभुता का उल्लेख भी महत्वपूर्ण है। ग्राहकों के पास अब ज्ञान और विकल्प दोनों हैं और वे इनका उपयोग संतोषजनक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए करते हैं। उनके लिए अपने अधिकारों और विकल्पों के बारे में जागरूक होना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे न केवल उनकी संप्रभुता मजबूत होती है, बल्कि अर्थव्यवस्था भी सशक्त होती है।

अंततः हम कह सकते है, 'ग्राहक' अर्थव्यवस्था के विकास और सुधार के लिए जरूरी कुंजी हैं। उनकी संतुष्टि और भरोसा दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। किसी भी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ग्राहक की सक्रिय भागीदारी एक अनिवार्य शर्त है। लेकिन, वर्तमान में वैश्विक आर्थिक गतिविधियां ग्राहक की अनदेखी करते हुए संचालित की जा रही हैं। पारदर्शिता का पूर्ण अभाव है। यही कारण है कि दुनिया की अधिकांश अर्थव्यवस्था इस समय संकट में हैं। सरकार, उत्पादक, कॉरपोरेट और व्यापारी 'ग्राहकों' को अंधेरे में रखकर न केवल उनका शोषण कर रहे हैं, बल्कि अर्थव्यवस्था के पोषक तत्वों को भी नष्ट कर रहे हैं। वे भूल जाते हैं कि जैसे ही ग्राहक का बाजार से भरोसा डगमगाता है, वैसे ही मंदी की काली छाया बाजार को अपनी चपेट में लेने लगती है। ऐसी स्थिति में अर्थव्यवस्था के सभी घटक प्रभावित होने लगते हैं और वे ग्राहकों को बाजार की ओर आकर्षित करने के लिए अप्राकृतिक तरीकों का सहारा लेते हैं।

पश्चिमी दुनिया में ग्राहकों की प्रकृति, व्यवहार और विशेषताओं के कारण बाजार मंदी से उबर जाते हैं, लेकिन इसकी कीमत ग्राहकों को चुकानी पड़ती है, जो लगातार कर्ज के बोझ तले दबते जाते हैं। इसके विपरीत हमारे देश में ग्राहक, भारतीय ग्राहक आंदोलनों और सांस्कृतिक प्रवृत्तियों से प्रभावित होकर अपनी आवश्यकताओं को सीमित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सरकार विभिन्न वित्तीय संस्थानों के माध्यमों से ग्राहकों को अपनी जरूरत बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आसान पूंजी और ऋण उपलब्ध कराने के बाद भी स्थानीय ग्राहक अपनी जरूरतें बढ़ाने में बहुत कम रुचि दिखाते हैं, क्योंकि वे अपने कर्ज का बोझ नहीं बढ़ाना चाहते। भारतीय बाजार में ग्राहक मांग बढ़ाने के कृत्रिम तरीकों से दूर रहते हैं। हालांकि, यह स्पष्ट है कि बाजार की समृद्धि पूरी तरह से ग्राहक के व्यवहार और आवश्यकताओं पर निर्भर करती है।

इसके बावजूद वर्तमान में सरकार, उत्पादक और व्यापारी ग्राहक की अनदेखी कर रहे हैं। हालांकि, ग्राहक आंदोलनों के प्रचार-प्रसार और ग्राहक कार्यकताओं की सतर्कता के कारण, ग्राहक सहायता के नाम पर कुछ कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश कार्यक्रम ग्राहक की समस्या को हल करने के बजाय उसे और जटिल बनाते नजर आते हैं। वे ग्राहक की समस्याओं को सुनते नहीं हैं, बल्कि ग्राहक को अपनी समस्याओं को अपने तैयार किए गए ढांचे में बांधने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे समस्या-समाधान की आड़ में उनका ध्यान भटक जाता है। उत्पादक वस्तुओं का निर्माण करते हैं और सेवा प्रदाता ग्राहक को सेवाएं प्रदान करते हैं। ग्राहक को इन वस्तुओं और सेवाओं की आवश्यकता होती है। इसलिए दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। फिर इस प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव क्यों है? उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं के मुनाफे पर ग्राहकों को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, इस मुनाफे की सीमा निर्धारित होनी चाहिए। आजकल ग्राहकों का शोषण करने के लिए नई-नई मार्केटिंग तकनीक अपनाई जा रही है। यह शोषण बंद होना चाहिए। ग्राहक आंदोलन वस्तुओं को सस्ता बनाने के बारे में नहीं है, यह 'उचित मूल्य पर उचित वस्तु' की वकालत करता है। जब कोई ग्राहक किसी उत्पाद के लिए निमार्ता द्वारा मांगी गई पूरी कीमत चुकाता है, तो उसे ऐसा उत्पाद मिलना चाहिए जो निमार्ता द्वारा वादा किए गए गुणों को पूरा करता हो। वे उत्पाद की गुणवत्ता से समझौता क्यों करें? ग्राहक उत्पाद के लिए चुकाई गई कीमत का पूरा मूल्य चाहता है, थोड़ा भी कम नहीं। यही परिस्थितियां हैं जो बाजार में टकराव का माहौल बनाती हैं।

नीतिगत विषय तो यह है कि 'ग्राहक' आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बिंदु होने तथा आर्थिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण संप्रभुता होना चाहिए। ये गतिविधियां पर्दे के पीछे नहीं, बल्कि पारदर्शी तरीके से संचालित होनी चाहिए। इन आर्थिक गतिविधियों में ग्राहक को शामिल होना चाहिए। आर्थिक गतिविधियां त्रिकोणीय (सरकार, उत्पादक और व्यापारी) नहीं होनी चाहिए। वे चतुर्भुज (सरकार, उत्पादक, व्यापारी और ग्राहक) होनी चाहिए। अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से और स्थायी रूप से विकसित करने के लिए यह एक आवश्यक शर्त है। इसके अभाव में सरकार, उत्पादक और ग्राहक के बीच टकराव जारी रहेगा, जो देश और उसकी अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक नहीं है। यह अलग बात है कि आज ग्राहक आंदोलन इतना संगठित या मजबूत नहीं है कि वह सीधे आर्थिक गतिविधियों में हस्तक्षेप कर उन्हें पंगु बना सके।

हालांकि, ग्राहकों को संगठित करने के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रयास सफल हो रहे हैं। वर्तमान समय की आवश्यकता है कि ग्राहकों को आर्थिक व्यवस्था के नीति निर्धारण में शामिल करना और उन्हें उनका उचित स्थान देना, प्राथमिकता होना चाहिए और आर्थिक ढांचे के सभी घटकों को साथ मिलकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। (केन्द्रीय संगठन मंत्री एबीजीजी)

# मनचलों की हरकत थमने का नाम नहीं ले रही

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** पुलिस की कड़ी चेतावनी के बाद भी मनचलों की हरकत थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को एक नाबालिक छात्रा से एक मनचले द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला पिठोरिया थाना क्षेत्र के कोकदोरो ग्राम में सामने आया। इस संबंध में जानकारी के अनुसार कोकदोरो ग्राम निवासी 42 वर्षीय जियाउल नामक मनचले ने अपने पड़ोस में रहने वाली एक 17 वर्षीय नाबालिक छात्रा से छेड़खानी व अश्लील हरकतें किया गया। मनचला इससे पहले भी कई बार नाबालिक को गंदे ईशारे किया करता था। इस हरकत से तंग आकर सोमवार को भुक्तभोगी छात्रा और उसके परिजन पिठोरिया थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। मामले को पिठोरिया पुलिस काफी गंभीरता से ली और आरोपी को पकड़ने का हर संभव कोशिश किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। भुक्त भोगी द्वारा दर्ज बयान के अनुसार कोकदोरो मदनपुर के 17 वर्षीय छात्रा शाम को अकेले अपने रसोई घर में खाना बना रही थी उसकी मां गांव में ही कहीं गई हुई थी। जबकि उनके विकलांग पिता और दो छोटी बहनें घर पर ही



थी इसी क्रम में आरोपी किचन में घुसकर नाबालिक छात्रा से अश्लील हरकतें करने लगा इसे देख भुक्तभोगी ने शोर मचाया। शोर सुन नाबालिग के चाचा और उसकी छोटी बहनें दौड़ कर बाहर आई तब तक मनचला वहां से फरार हो चुका था। यह मामला मोहल्ले में भी आग की तरह फैल गया। मोहल्ले के कई लोगों ने इस मामले को दबाने का अथक प्रयास किया पर भुक्तभोगी और उसके परिजन उनकी एक ना सुने और शुक्रवार को थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया। पिठोरिया पुलिस मामले को दर्ज कर कोर्ट में नाबालिग छात्रा का फर्द बयान दर्ज कराई है। जो भी हो इलाके में मनचलों की हरकतें खूब आम हो गई है। स्कूल और+2 इंटर कॉलेज पिठोरिया में भी मनचलों की हरकतें आए दिन सुनने को मिलती है विशेष कर बच्चियों का कॉलेज और स्कूल आने के समय और बच्चियों का स्कूल छुट्टी होने के बाद घर जाने के समय मनचलो द्वारा बच्चियों को सुनसान जगह में खूब होडिंग और परेशान किए जाते हुए आमतौर से मनचलों को देखा जाता है ऐसे समय में इन जगहों पर पुलिस का पेट्रोलिंग अति आवश्यक है लेकिन अभी तक पिठोरिया पुलिस द्वारा इस तरह का कोई व्यवस्था नहीं किया गया है जिससे सड़क के मनचले का हौसला और भी चरम पर है छोटी-छोटी घटनाएं और छेड़खानी तो रोजाना हुआ करती है पर पुलिस को किसी बड़े घटना या कोई बड़े अनहोनी होने का शायद इन्तजार है तब पिठोरिया पुलिस की ऑख खुलेगी।

# डीएमएफटी व केंद्रीय सचिवालय के प्रशाखा पदाधिकारियों ने खलारी प्रखंड का किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता



खलारी में योजनाओं की जानकारी लेते पदाधिकारी।

**खलारी।** डीएमएफटी व केंद्रीय सचिवालय के प्रशाखा पदाधिकारियों ने खलारी प्रखण्ड के क्रियाशीलता संचालित योजनाओं की जानकारी लिया। डीएमएफटी व केंद्रीय सचिवालय प्रशाखा के टीम ने मायापुर पंचायत के दुल्ली में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं तथा मनरेगा,प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि का भौतिक निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने योजना से संबंधित व लाभान्वित लाभुकों से योजना संबंधी जानकारी ली गई। वही डीएमएफटी एवं मत्स्य विभाग के अभिसरण से संचालित केज कल्चर ध्यामधामियां का भ्रमण किया, तथा उसके लाभुक समिति से इसके क्रियान्वयन के बारे में संक्षिप्त जानकारी ली गई। पदाधिकारियों ने पुनःमायापुर के ग्राम दुली में पर्यटक स्थल सर्वधर्म स्थल का भ्रमण किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार,कनीय अभियंता रमेश कुमार, पंचायत सचिव,ग्राम रोजगार सेवकलालमोहन रजक, डीएमएफटी से प्रिया श्रुति, सौरव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# विवाद में एक की मौत एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** सिल्ली थाना अन्तर्गत हलमाद गांव के पारिवारिक विवाद में एक की मौत एवं एक घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हलमाद निवासी सुखदेव गोराई ( 60 वर्ष) एवं भतीजा दिनेश गोराई (20 वर्ष )के बीच किसी बात को लेकर मारपीट शुरू हो गया। यह देख दिनेश के पिता दिगंबर गोराई भी मारपीट में शामिल हो गया। मारपीट के दौरान टांगी से मारकर सुखदेव गोराई का हत्या कर दिया। जबकि इस घटना में दिनेश गोराई को भी गंभीर चोटें आई और जख्मी हो गया। इसकी सूचना सिल्ली थाना को मिलते ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जहां पिता एवं पुत्र को गिरफ्तार कर लिया एवं मृतक को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से मारपीट में किए गए तीन टांगी जप्त कर लिया। सिल्ली पुलिस की देखरेख में घायल का इलाज सिंगपुर नर्सिंग होम किया जा रहा है। इस मामला को लेकर सिल्ली थाना में कांड संख्या 110/24 दिनांक 23 /12/ 2024 के तहत भादवि 103 ( 1/238/3 )केश दर्ज किया गया।

# डीएवी स्कूल में मनाया गया प्री क्रिसमस उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



डीएवी विवेकानंद स्कूल में क्रिसमस डे मनाते।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के बिनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार स्कूल परिसर में प्री क्रिसमस उत्सव मनाया गया। जिसमें संदीप सिंह, गुलशन कुमार, जयंतो चौधरी, सलमान अंसारी, अंशु पाठक, राज महतो, और अरिंदम राय ने सांता क्लॉज बनकर बच्चों के बीच टॉफियां और उपहार देकर खुशियां बंटी। इस मौके पर विद्यालय में बच्चों द्वारा केक काटा गया क्रिसमस गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अरुणिमा खेस और सोमी खाखा ने बच्चों को क्रिसमस की कहानी बताई और प्रेयर कराया। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय एकता पर जोर देते हुए सभी विद्यार्थियों से सभी धर्मों के प्रति सदभाव एवं आस्था रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत त्योहारों का देश है। यहां के लोग सभी धर्मों का त्योहार को सभी धर्म के लोग मिल जुलकर मनाते हैं और खुशियां बांटते हैं यही हमारे देश की खूबसूरती और धरोहर है। मौके पर शिक्षक,प्रियंका सिंह, अनिल, रंजन चंद्रा, संदीप सिंह, फातिमा एक्का, कमला, ज्योति धीर, हंसिका, शुशीला, आरती, निर्मला, अनीता, रवि सिंह, सोमी खाखा, सीमा, प्रिस्का, अंजलिका, सविता गुप्ता, अरुणिमा, सावित्री, विजय महतो, गुलशन कुमार, गायत्री देवी, तारा देवी, खुशबू, संचिता, भारती,हेमंत कुमार, शैली गुप्ता, राम सिंह,रानी सिंह, निर्मला लकड़ा, सुषमा मिश्रा अंजू पांडे, रियांशु पांडे, प्रियंका गागरी, अमित कुमार,अजय कुमार, मोनी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

# पतरातु एफसी और एसएफसी सिकिदिरी की टीम क्वार्टर फाइनल में

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब सिकिदिरी की ओर से आयोजित11वें सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबॉल टूनामेंट में सोमवार को सिकिदिरी के फुटबाल मैदान में खेले गए पहले मैच में पतरातु एफसी की टीम ने एफसी टाटीसिलवे की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर ली है ।खेल के पहले हाफ में पतरातु एफसी की ओर से प्रेम मुंडा ने16 वें मिनट में दर्शनीय गोल दाग कर अपनी टीम के 1-0 से बढ़त दिला दी ।टाटीसिलवे एफसी की ओर से रणधीर कुमार ने 23 वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम को मैच का परिणाम पेनाल्टी शूटआउट से निकला ।बेहतर प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि वाईबीएन यूनिवर्सिटी के चेयर मैन रामजी यादव ने पतरातु एफसी के खिलाड़ी प्रेम मुंडा को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया ।वहीं दूसरे मैच में एसएफसी सिकिदिरी की टीम ने दलादिली एफसी की टीम को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर गई। सिकिदिरी से विवेक बेदिया ने 60 वें और विकास भोगता ने 62 वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 2-0 से बढ़त दिला दी। सिकिदिरी के विकास भोगता को शानदार प्रदर्शन के लिए दूसरे मैच के मुख्य अतिथि कल्याण कर्मकार बोर्ड झारखंड के सदस्य पारसनाथ भोगता ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। संचालन प्रवक्ता शिवधर रजवार ने किया। इस मौके पर विशेष अतिथि साहब राम भोगता, विधायक प्रतिनिधि अजगूत करमाली, राजनंदन साहू, मुकेश यादव व नंदलाल राम, सोमनाथ मुंडा, अध्यक्ष राजेश पाहन,सचिव प्रकाश कुमार यादव, संरक्षक फारुक खान, बलराम साहू, अनिल ठाकुर उपस्थित थे।

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री का पुतला फूंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर/चान्हो।** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को मांडर चौक में डॉ भीम राव अंबेडकर को लेकर की गयी टिप्पणी के विरोध में देश के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला फूंका गया। इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ता गृहमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रखंड मुख्यालय से मांडर चौक पहुंचे और वहां गृहमंत्री का पुतला फूंका। प्रखंड कॉंग्रेस कमिटी बैनर तले आज सोमवार को गृह मंत्री अमित शाह के बयान की निंदा की गई। विरोध में अमित शाह का पुतला दहन किया गया प्रखंड अध्यक्ष मो इस्तेयाक ने कहा डॉ भीमराव आंबेडकर पूरे देश के लिये आदर्श हैं वहीं चान्हो प्रखंड के चान्हो चौंक मे डॉ भीम राव अंबेडकर को लेकर की गयी टिप्पणी के विरोध और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के विरुद्ध गलत एफ आई आर के विरोध में चान्हो प्रखंड कॉंग्रेस कमिटी के द्वारा गृह मंत्री अमित साह का पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन कार्यक्रम में रशीद अंसारी, मो खालिद, नसीम अंसारी, सरिता तिग्गा, एहसान अन्सारी, इश्तियाक अंसारी, होसे उरांव, अर्जुन महतो, जमील अख्तर, सुका उरांव, चमरा उरांव, हसीब अंसारी, जमील मलिक, इरशाद खान शिव उरांव, अब्दुल्लाह अंसारी दिलीप सिंह किशोर भगत दिनेश राम जीवन मिंज, दिलीप राम, गेयास अहमद, अफसर अंसारी, मोरहा उरांव, रामदेव राम, हरी राम, तजमुल अंसारी, जुलफान अंसारी, साबिर अंसारी, वसंत राम, शिबू रमेश राम, सहीम अंसारी, लाइक अहमद, तबरेज खान, हफीजुल अंसारी, अरविंद, नेपाल उरांव, निधियां उरांव, इसतखर अंसारी, अनिल उरांव, जुमन खान, रोपना उरांव अली हसन मंजूर अंसारी सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कला प्रेमी स्व. विजय महतो स्मृति मेला की तैयारी बैठक की गई



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली/मुरी।** 22 दिसंबर 2024 को नव वर्ष के शुभ अवसर पर आगामी 01 जनवरी 2025 को सुरगुंजाडीह, लोटा में आयोजित कला प्रेमी स्व. विजय महतो स्मृति मेला की तैयारी बैठक हरिदास मुंडा की अध्यक्षता में रखी गई है। संचालन विकास कुमार महतो ने किया। बैठक में सर्व सम्मति से मेला कमिटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, उपाध्यक्ष विकास कुमार महतो, सचिव लखीराम महतो, उप सचिव पशुपति महतो, कोषाध्यक्ष अर्जुन राम महतो, उप कोषाध्यक्ष पांडव महतो, एवं संरक्षक लोटा पंचायत पूर्व मुखिया रविंद्र नाथ मुंडा, दशरथ महतो, हरिदास मुंडा, राधिका महतो, को बनाया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से पंचपरगना ऑल आर्टिट्स एसोसिएशन के सचिव बजरंग पातर मुंडा, देवेंद्र नाथ महतो, सरोज सिंह, रविंद्र नाथ महतो, निर्देशक निलकांत यादव, उप निर्देशक परशुराम महतो लोकप्रिय कलाकर लखीराम नायक, दिनेश कुमार महतो, गुहिराम स्वाँसी, रामवृक महतो, साथ ही लोटा पंचायत पूर्व मुखिया रविंद्र नाथ मुंडा, समाजसेवी राधिका महतो, मंटू कालिंदी, पूर्व शिक्षक गणेश महतो, वैधनाथ महतो, लसुवा महतो, लंबोदर महतो, नेपाल महतो, लम्बोदर मुंडा, रतन लाल महतो, हरेन महतो, नरहरि मुंडा चन्द्र मोहन महतो, कन्तु महतो, कृष्ण मुंडा, आशीष महतो इत्यादि कलाकार बंधु गण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## रोहणी पीओ से मिले सीएमयू के प्रतिनिधिमंडल

**खलारी।** कोल फील्ड मजदूर यूनियन रोहिणी शाखा के प्रतिनिधि मंडल पीओ राजेंद्र प्रसाद सिंह से मिल कर रोहिणी परियोजन के समस्याओ पर चर्चा किया गया। रोहणी परियोजना पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने सीएमयू के साथी को आश्वासन दिया और यूनियन से सहयोग का अपेक्षा की। मौके पर ध्वजा राम धोबी, नंदू मेहता, प्रधान मुंडा, बिरमल कुमार, रविंदर गंझू, एमडी आलम, सोनू राम, अरुण उरांव, भीम सिंह, सुरेश गंझु सहित अन्य लोग मिले।

## नेशनल नेटबॉल 2024 के लिए बेड़ो टीम रवाना



कोच के साथ रवना होते नेटबॉल की टीम।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** छत्तीसगढ़ में आयोजित नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में खेलने के लिए सोमवार को बेड़ो से नेटबॉल की बालक व बालिका की 18 खिलाड़ियों की टीम कोच शशि गोप के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हो गई। जिसमें प्रखंड मुख्यालय स्थित एस एस प्लस टू से आस्था कुमारी, कविता कुमार, सुषमा टोप्पो, सपना मिंज शिवानी कुमारी, पूनम उरांव, रीमा यादव, आकाश उरांव, दीपक टोप्पो व सुनील उरांव मॉडल स्कूल से लव महतो, त्रिशूत्री नाग व नूतन लकड़ा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से निखिल खलखो व शुभम कच्छप होली कॉन्वेंट से रोहित उरांव डीएवी विवेकानंद स्कूल से रिया यादव और केसीबी कॉलेज से संगीता उरांव कुल ये सभी खिलाड़ी नेटबॉल कोच शशि गोप के अधीन परीक्षण लेते हैं। जो सभी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर राज्य स्तर के प्रतियोगिता में पदकधारी होकर अब राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन दिखाने जा रहे हैं।वही झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बड़ाइक ने सभी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामना दी।

## खलारी : 103 लोगो ने रक्तदान किया

**खलारी।** रक्तदान शिविर लगाकर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की जो सेवा सिविल सोसाइटी खलारी-डकरा के लोग मिलकर कर रहे हैं यह बहुत ही प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। इस अभियान से मानवीय सेवा के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बेहतरीन काम हो रहा है,उक्त बातें एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने कही। वे रविवार डकरा डिस्पेंसरी भवन में आयोजित रक्तदान शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केडीएच पीओ अनील कुमार सिंह ने कहा कि समय के साथ सोसायटी के सदस्य रक्तदान के क्षेत्र में अपने अभियान का विस्तार कर रहे हैं।

# दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल का 25वां वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल कंदरी चौक, मांडर में विद्यालय का 25 वां वार्षिक उत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति डॉक्टर त्रिवेणी साहू, विशिष्ट अतिथि डॉ आर के झा, प्राचार्य डीपीएस सेल टाउनशिप रांची, नीरज सिन्हा प्राचार्य, फिरायालाल पब्लिक स्कूल रांची, राजेश पिल्लई प्राचार्य केरली पब्लिक स्कूल रांची, डॉक्टर बबन प्राचार्य सेवन स्टार अकैडमी हेहल, एलेक्सिया बेक, प्राचार्य संत एनी कान्वेंट स्कूल मांडर, अराफात हसन प्रबंधक मुनम पब्लिक स्कूल हजारीबाग एवं छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा के द्वारा किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर राजेश दत्त ने विद्यालय के 25वीं वर्षगांठ पर विद्यालय के द्वारा संपूर्ण विवरण प्रस्तुत किया। कुलपति महोदय झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम से पूर्व सभी सम्मानित अतिथियों का विद्यालय के निदेशक डॉ.राजेश दत्त ने शॉल एवं पौधा भेंटकर सम्मानित भी किया। मौके पर कार्यक्रम मे उपस्थित भाजपा झारखंड युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर एवं भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने भी विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के अवधेश दत्त, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, शमशेर खान, विजय कुमार एवं अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# संजना कुमारी ने जीता ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बिलारी गांव निवासी अनीता देवी की पुत्री संजना कुमारी ने मध्यप्रदेश के देवास में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल के अंडर-19 ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पूरे पिपरवार एवं झारखंड का नाम रोशन किया। पांच खिलाडियों ने क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया, संजना ने हरियाणा को 2-1 से हराते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं राजस्थान को, प्री क्वार्टर फाइनल मेंअपने नाम किया, इस प्रतियोगिता में प्रवेश किया। दोनों खिलाडियों को संजना ने अंडर-40 किलोग्राम व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूल एवं में सबसे पहले दिल्ली को, इसके साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास बाद तेलंगाना को, सेमीफाइनल में सोरेन सहित सचिव उमाशंकर सिंह, आंध्रप्रदश को हरा कर फाइनल में राज्य परियोजना के निदेशक शशि प्रवेश किया। वहीं अमन मुंडा ने रंजन, धीरसेन सोरेंग, पूर्व विधायक प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राम, प्रेम कुमार, अमर महतो, सरवन महतो सहित अन्य कई लोगों ने बधाई दी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

**खलारी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा एवं उपाध्यक्ष अवधेश सिंह ने सामूहिक रूप से भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यार्थियों द्वारा गणित के अध्ययन से मस्तिष्क में तर्क करने की आदत स्थापित करने की विधि,आगमनात्मक तथा प्रायोगिक- व्यवहारिक गणित का प्रयोग, दैनिक जीवन में गणित का महत्व, संख्याओं, मात्राओं, परिमाणों, रूपों और उनके आपसी रिश्तों, गुण, स्वभाव इत्यादि का अध्ययन से संबंधित चित्र प्रदर्शनी, वैदिक गणित के मॉडल व प्रश्न मंच, सूत्र, भाषण, सीधी व उल्टी गिनती, पहाडा, गणित दौड़ व आलू दौड़ जैसे प्रतियोगिताओं में कुल 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रमुख मोहन राय हरिनंदन नोनिया एवं हेमंत कुमार यादव के अलावा विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकेतर कर्मचारी अहम भूमिका रही।

# भारथी कॉलेज ने माहेर अनाथालय के बच्चों संग मनाया क्रिसमस गैदरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड एवं डी.एल.एड. के छात्र-छात्राओं के द्वारा माहेर अनाथालय के बुजुर्गों एवं बच्चों के साथ क्रिसमस गैदरिंग सह नव वर्ष कार्यक्रम का आयोजन बीजुपाड़ा स्थित माहेर परिसर में धुमधाम से किया गया। इस आयोजन में न केवल छात्र-छात्रा बल्कि व्याख्याता छात्र कल्याण अध्यक्ष के साथ-साथ महाविद्यालय के शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या भी मौजुद थी। शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या दीपाली पराशर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष महाविद्यालय में ही क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया जाता था लेकिन इस वर्ष माहेर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया ताकि अनाथालय में रह रहें सभी सदस्यों में खुशी देखी जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि माहेर अनाथालय के बच्चों व बुजुर्गो में खुशी देखकर सच्ची खुशी मिलती है। छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ. उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का निर्णय सामाजिक व सांस्कृतिक



दृष्टिकोण से महाविद्यालय द्वारा लिया गया निर्णय एक सराहनीय कदम है। महाविद्यालय प्रबंधन की ओर से वहां के सदस्यों को कबंल व मफलर तथा नास्ता का प्रबंध किया गया।

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने संगीत, नृत्य व नाटक के माध्यम से माहेर परिवार के सदस्यों का खुब मनोरंजन किया मौके पर इस कार्यक्रम में बीएड विभागाध्यक्ष राकेश कुमार राय, आई.क्यू.ए.सी. कॉर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता, व्याख्याता विवेक राज जयसवाल, रिभा कुमारी, कार्यालय अधीक्षक एस.एन. सहाय, कर्मचारीगण चदनं झा, सलमान, इमरोज, आदि लोगों ने भाग लिया। प्रोजेक्ट कॉडिनेटर झारखंड माहेर इनचार्ज सिस्टर साइसी ने महाविद्यालय प्रबंधक, व्याख्याता गण एवं विद्याथीयों सहित सभी को सह दिल से अभार व्यक्त कि साथ ही उन्होंने भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आग्रह की है ताकि बच्चों की भी प्रतिभा निखर सके व्याख्याता गण और सभी परिवारों को अभार व्यक्त किया। मंच का संचालन तनू और सालिनी द्वारा किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### श्रीलंका ने एकदिवसीय टीम की घोषणा की

**कोलंबो।** श्रीलंका ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी हैं। चैरिथ असलांका की अगुआई वाली इस टीम में लाहिरू कुमारा, ईशान मलिंगा और वानिंदु हसरंगा को शामिल किया गया है।

### फोंसेका ने जीता नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब

**जेद्दा (सऊदी अरब)।** ब्राजील के जोआओ फोंसेका ने अमेरिकी लर्नर टीएन को हराकर नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार को खेले गये खिताबी मुकाबले में 18 वर्षीय ब्राजीलियाई खिलाड़ी फोंसको ने अमेरिका के लर्नर टिएन को 2-4, 4-3 (10-8), 4-0, 4-2 से हराया। इस जीत के साथ ही वह यह स्पर्धा जीतने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गये है। इससे पहले 2019 में जैनिक सिनर 21 वर्ष की आयु में कम उम्र में यह खिताब जीता था।

### गुजरात को हराकर दिल्ली सेमीफाइनल में

**पुणे।** दबंग दिल्ली केसी ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में सोमवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 129वें मैच में गुजरात जाएंट्स को 45-31 के अंतर से हराते हुए सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया है। हरियाणा स्टीलर्स के बाद अब दिल्ली ने 15 मैचों से अजेय रहने के कीर्तिमान के साथ सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। दिल्ली को 22 मैचों में 13वीं जीत दिलाने में आशू मलिक (14), आशीष (7) और नवीन (6) का अहम रोल रहा। दूसरी ओर, गुजरात के लिए डिफेंडर जीतेंद्र यादव (7) और हिमांशु (5) ने नेतृत्व किया। गुमान और राकेश को पांच-पांच अंक मिले।

### मणिपुर ने महिला फुटबॉल टूनार्मेंट जीता

**नारायणपुर।** मणिपुर ने सोमवार को ओडिशा को कांटे की टक्कर में 1-0 से हराकर 29 वां राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता जीत लिया। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में आयोजित राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन आज खिताबी मुकाबले के साथ हो गया।

### हरियाणा ने गोवा को आठ विकेट से हराया

**जयपुर।** अंकित कुमार (नाबाद 128) और हिमांशु राणा (101) की शानदार शतकीय पारियों के दम पर हरियाणा ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप ए मुकाबले में गोवा को आठ विकेट से हरा दिया है। गोवा के 271 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी हरियाणा के अंकित कुमार हिमांशु राणा बेहतरीन शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिये 192 रनों की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। 28वें ओवर विकास सिंह ने हिमांशु राणा को आउट कर गोवा को पहली सफलता दिलाई। हिमांशु राणा ने 80 गेंदों में 12 चौके और चार छक्के लगाते हुए (101) रन बनाये। इसके बाद पार्थ वत्स (27) रन बनाकर आउट हुये।

# चौथे टेस्ट में बुमराह और स्मिथ पर रहेंगी नजरें

एजेंसी

**मेलबर्न।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ पर 26 दिसंबर से मेलबर्न में होने वाले चौथे टेस्ट में नजरें होंगी। यह दोनों ही बल्लेबाज अहम उपलब्धियां हासिल करने के करीब हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का चौथा मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।



**200 विकेट पूरे करने के करीब बुमराह**

बुमराह इस सीरीज में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और टेस्ट में 200 विकेट पूरे करने से सिर्फ छह विकेट दूर हैं। बुमराह अगर टेस्ट में 200 विकेट पूरे कर लेते हैं तो वह ऐसा करने वाले भारत के पांचवें तेज गेंदबाज होंगे। अब तक कपिल देव, ईशांत शर्मा, जवागल श्रीनाथ और मोहम्मद शमी ही ऐसा कर सके हैं। ओवरऑल कुल 11 भारतीय गेंदबाज ही यह उपलब्धि हासिल कर सके हैं।

**स्मिथ दस हजार रन पूरे करने से 191 रन दूर**

दूसरी तरफ, ब्रिसबेन में शतक लगाने वाले आस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्मिथ टेस्ट में 10000 रन पूरे करने से 191 रन दूर हैं। अगर वह ऐसा करने में सफल रहे तो टेस्ट में 10000 रन बनाने वाले चौथे आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज होंगे। अब तक एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग ही ऐसा कर सके हैं। दिलचस्प बात यह है कि स्मिथ अपने करियर में छह बार टेस्ट में 191 या इससे ज्यादा रनों की पारी खेल चुके हैं। स्मिथ ने 2014 में एमसीजी पर 192 रन बनाए थे और भारत के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई थी।

**टेस्ट से पहले चोट की समस्या से जूझ रही टीम**

भारतीय टीम चौथे टेस्ट से पहले चोट की समस्या से जूझ रही है। बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चोटिल हो गए थे। रोहित को रविवार को अभ्यास के दौरान घुटने में चोट लगी थी। रोहित से पहले भारतीय टीम के बल्लेबाज केएल राहुल भी अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे। राहुल के हाथ में चोट लग गई थी जिसके बाद फिजियो को मैदान पर आना पड़ा था।

## बुमराह से निपटने के लिए रणनीति तैयार कर ली है : सैम कोंस्टास

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के सैम कोंस्टास के लिए कुछ साल पहले तक क्रिसमस की पूर्व संध्या का मतलब घर के पिछवाड़े में अपने भाई के साथ क्रिकेट खेलने होता था लेकिन अब यह 19 वर्षीय बल्लेबाज भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के लिए दुनिया के सबसे घातक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से निपटने की रणनीति बना रहा है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पांच मैच की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से यहां खेला जाएगा। कोंस्टास ने कहा, मैंने बुमराह से निपटने के लिए रणनीति तैयार कर ली है लेकिन यहां मैं उसका खुलासा नहीं करूंगा। मैं गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश करूंगा। कोंस्टास को नाथन मैकस्वीनी की जगह आस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है जिन्हें पहले तीन टेस्ट मैच में बुमराह ने पांच में से चार पारियों में आउट किया। इसके बाद उन्हें आस्ट्रेलिया की टीम से बाहर कर दिया गया। बुमराह उन दो अभ्यास मैच में नहीं खेले थे जिनमें कोंस्टास ने रन बनाए थे। उन्होंने कहा, सभी अच्छे गेंदबाज हैं। वह सभी विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और मैं उनकी चुनौती का सामना करने के लिए उत्सुक हूं। कोंस्टास से पूछा गया कि कुछ साल पहले तक वह क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्या करते थे, उन्होंने कहा, मैं अपने भाई के साथ घर के पिछवाड़े में क्रिकेट खेलता था और खूब खाना खाता था। इतनी छोटी उम्र में टेस्ट क्रिकेट खेलने का मौका मिलना शानदार है तथा देश का प्रतिनिधित्व करने का मेरा सपना सच हो गया। कोंस्टास के टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का गवाह बनने के लिए उनका पूरा परिवार मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर मौजूद रहेगा। उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता के आने से यह मेरे लिए विशेष दिन बन गया है।



■ इस मैच में पूरी संभावना है कि 19 साल के सैम कोंस्टास ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू करें

### शमी अगले दो टेस्ट के लिए अनफिट घोषित

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी आस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जाएंगे। बीसीसीआइ ने सोमवार को इस तेज गेंदबाज की फिटनेस पर जानकारी दी और उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दो टेस्ट के लिए अनफिट घोषित किया। हाल ही में तीसरे टेस्ट मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के अधिकारियों से शमी की फिटनेस पर स्थिति स्पष्ट करने कहा था और अब भारतीय बोर्ड ने उन्हें अनफिट करार दिया। शमी को घुटने की चोट के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। शमी पिछले साल वनडे विश्व फाइनल के बाद से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं और उन्होंने रणजी ट्रॉफी के जरिये मैदान पर वापसी की थी। शमी घरेलू क्रिकेट में खेल रहे हैं और बीसीसीआइ की मेडिकल टीम लगातार उन पर नजरें रखी हुई थी।

### तनुश कोटियन भारतीय टीम में होगा शामिल

**नयी दिल्ली।** अश्विन के संन्यास लेने के बाद टीम इंडिया ने अपनी टेस्ट टीम में एक आश्चर्यजनक बदलाव किया है। मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे मैच से पहले मुंबई के स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर और अनकैप्ड खिलाड़ी तनुश कोटियन को आस्ट्रेलिया की टीम में शामिल होने के लिए तैयार किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार कोटियन को मेलबर्न में भारतीय टीम में शामिल होने के लिए पहली बार बुलाया गया है और वह मंगलवार को आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे। जब उन्हें बुलाया गया, तब ऑफ स्पिनर अहमदाबाद में थे और मुंबई के लिए विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे थे। हालांकि आधिकारिक घोषणा अभी भी बाकी है। कोटियन ने खुद को भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक बेहतरीन ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर के रूप में स्थापित किया है। उनके कौशल ने उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली इंडिया ए टीम में जगह दिलाई।

### पांच खेलों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया हुई निश्चित

**देहरादून।** उत्तराखंड में अगले वर्ष प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत, सोमवार को गेम्स टेक्निकल कंडक्ट कमेटी ने पांच खेलों के लिए पंजीकरण प्रणाली सुनिश्चित कर ली। यह प्रक्रिया निश्चित करते हुए कमेटी ने राज्य खेल संघों के लिए प्रविष्टि की अंतिम तिथि भी निर्धारित कर दी है। राज्य खेल संघों को तीन चरणों में तीन से 13 जनवरी तक प्रविष्टि सुनिश्चित करनी होगी।

## विनोद कांबली की अचानक बिगड़ी तबीयत, हालत गंभीर

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार खिलाड़ी विनोद कांबली को सप्ताहांत में तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक्स पोस्ट के अनुसार, सचिन तेंदुलकर के लंबे समय के साथी कांबली को शनिवार देर रात ठाणे के आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया। आईएएनएस की इस पोस्ट में आगे कहा गया है, 52 वर्षीय विनोद कांबली की हालत अब स्थिर है, लेकिन गंभीर बनी हुई है। कांबली की समस्या और मौजूदा स्थिति के बारे में अभी तक कोई विस्तृत जानकारी नहीं है। सोमवार को एक प्रशंसक ने कांबली का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्हें अंगूठा दिखाते हुए देखा जा सकता है। हाल ही में कांबली का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसने उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर अटकलों को जन्म दिया। हाल के वर्षों में कई स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने वाले पूर्व भारतीय स्टार को हाल ही में मुंबई के शिवाजी पार्क में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में देखा गया था, जहां दिवंगत क्रिकेट कोच रमाकांत आचरेकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया।



## विजय हजारे ट्रॉफी : ईशान का धमाकेदार शतक, मणिपुर हारा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जयपुर के डॉ. सोनी स्टेडियम में सलामी बल्लेबाज ईशान किशन का बल्ला गरजा है। विजय हजारे ट्रॉफी के तहत मनीपुर के खिलाफ खेले गए मुकाबले में झारखंड के कप्तान ने 78 गेंदों पर 134 रन बनाकर अपनी टीम को 29वें ओवर में जीत दिला दी। ईशान के सामने मनीपुर के गेंदबाज टिक ही नहीं पाए। उन्होंने रैक्स राजकुमार और सुल्तान की जमकर पिटाई की। उन्होंने 78 गेंदों पर 16 चौके और 6 छक्कों की मदद से 134 रन बनाए। इससे पहले खेलते हुए मनीपुर की टीम ने जोन्सन सिंह के 69 रनों की बदौलत 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 253 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी झारखंड को ओपनिंग बल्लेबाज ईशान और उत्कर्ष से सहयोग मिला और टीम ने आसानी से 8 विकेट से जीत हासिल कर ली।




नतीजा : झारखंड 8 विकेट से जीता
प्लेयर ऑफ द मैच : ईशान किशन

**मनीपुर : 253/7 (50 ओवर)**

ओपनर कर्णजीत और बसीर रहमान ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़े। कर्णजीत ने 24 तो रहमान ने 26 रन बनाए। इसके बाद प्रियोजीत सिंह ने एक छोर संभाला और 49 गेंदों पर 43 रन की पारी खेली और टीम स्कोर 100 पार कराया। मध्यक्रम में जॉनसन सिंह ने 82 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 69 रन बनाए जबकि जोतिन ने 29 गेंदों पर 35 रन बनाकर स्कोर आगे बढ़ाया। अहमद शाह ने 16 तो किशन सिंघा ने 14 रन बनाकर स्कोर 253 तक पहुंचा दिया। उत्कक्ष सिंह ने 21 रन देकर 2 तो अंकुल रॉय ने 47 रन देकर 2 विकेट लीं।

**झारखंड : 255/2 (28.3 ओवर)**

254 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड को ओपनर और कप्तान ईशान ने तूफानी शुरूआत दी। उन्होंने 22.5 ओवर में ही टीम का स्कोर 196 पर ला खड़ा कर दिया। उनके साथ उत्कर्ष सिंह ने 64 गेंदों पर 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 68 रन बनाए। जबकि ईशान ने 78 गेंदों पर 16 चौके और 6 छक्कों की मदद से 134 रन बनाए। यह लिस्ट ए क्रिकेट में उनका छठा शतक रहा। उनके बाद कुमार कुशाग्र ने 15 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 26 तो अंकुल रॉय ने 14 गेंदों पर 17 रन बनाकर टीम को 29वें ओवर में जीत दिला दी।

## आस्ट्रेलियाई महिला टीम ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी

**वेलिंगटन।** एश्ले गार्डनर (74), फोबे लिचफील्ड (50) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद एनाबेल सदरलैंड, अलाना किंग (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत आस्ट्रेलिया की महिला टीम ने सोमवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड को 75 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। एनाबेल सदरलैंड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। आस्ट्रेलिया के 290 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए बेला जेम्स और अमेलिया केर की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 43 रन जोड़े। नौवें ओवर में सदरलैंड ने बेला जेम्स (24) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिय 63 रनों की साझेदारी हुई। 20वें ओवर में सदरलैंड ने सूजी बेट्स (53)को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में अमेलिया केर (22) रनआउट होकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद कप्तान सोफी डिवाइन (25), ब्रुक हैलीडे (27) रन बनाकर आउट हुई। मैडी ग्रीन 35 गेंदों में (39) रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड के निचले क्रम का कोई भी बल्लेबाज आस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सका। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 43.3 ओवर में 215 के स्कोर पर सिमट गई। आस्ट्रेलिया के लिए एनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग ने तीन-तीन विकेट लिये। किम गर्थ और डार्सी ब्राउन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। एलिसा हीली और फोबे लिचफील्ड की आस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़े।




### दिल्ली ने मप्र को 79 रनों से शिकस्त दी

**हैदराबाद।** अनुज रावत (78), सार्थक रंजन (41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद नवदीप सैनी (चार विकेट) और ऋतिक शौकीन (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दिल्ली ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप ई मुकाबले में मध्यप्रदेश को 79 रनों से शिकस्त दी। नवदीप सैनी को बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। 212 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी मध्यप्रदेश के लिए हर्ष गवली और शुभ्रांशु सेनापति की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिये 68 रन जोड़े। 13वें ओवर में ऋतिक शौकीन ने हर्ष गवली को (42) को आउट कर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 23वें ओवर में प्रिंस यादव ने शुभ्रांशु सेनापति (55) को आउटकर दिया।

### श्रेयस ने हारा मैच मुंबई को जितया

**नयी दिल्ली।** अहमदाबाद के मैदान पर विजय हजारे ट्रॉफी के तहत खेले गए अहम मुकाबले में कप्तान श्रेयस अय्यर ने ताबड़तोड़ पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिल दी। हैदराबाद के खिलाफ 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई के एक समय 67 रन पर ही 6 विकेट गिर चुके थे। कप्तान श्रेयस ने बल्लेबाजी के लिए हार्दिक, शेडगे और शार्दुल को ऊपर भेजा लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। आखिर 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए श्रेयस ने मात्र 20 गेंदों पर 4 चौके और तीन छक्कों की मदद से 44 रन बनाकर अपनी टीम को 26वें ओवर में जीत दिला दी। कप्तान को तनुष कोटिया का भी सहयोग मिला जिन्होंने 37 गेंदों पर 39 रन बनाए।

### गुजरात ने उत्तराखंड को हराया

**जयपुर।** आर्य देसाई (106) की शतकीय और उमंग कुमार (87) की अर्धशतकीय पारियों के प्रियजीत सिंह जाडेजा (चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत गुजरात ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप ए मुकाबले में उत्तराखंड को पांच विकेट से हरा दिया। आर्य देसाई को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। गुजरात के 280 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी उत्तराखंड की शुरूआत खराब रही और उसने 21 रन अपने सलामी बल्लेबाज अवनीश सुधा (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रविकुमार समर्थ ने युवराज चौधरी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिये 68 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में चिंतन गजा ने युवराज चौधरी (50) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

# अभूतपूर्व उपलब्धियों के साथ भारतीय खेलों के लिए 2024 रहा उल्लेखनीय वर्ष

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय खेलों के लिए वर्ष 2024 एक यादगार वर्ष रहा है जिसमें देश ने वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व सफलता हासिल की। पेरिस पैरालिंपिक खेलों में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन से लेकर शतरंज में ऐतिहासिक जीत और खेलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने तक भारत ने कई क्षेत्रों में अपनी बढ़ती ताकत का प्रदर्शन किया है।

अभूतपूर्व पहलों और एथलीट सशक्तिकरण पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने वाली ये उल्लेखनीय उपलब्धियां खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं। भारत ने पेरिस ओलिंपिक खेलों 2024 में अपनी भागीदारी एक रजत और पांच कांस्य सहित छह पदकों की शानदार जीत के साथ पूरी की। इस उपलब्धि में निशानेबाजी की अहम भूमिका रही जिसमें एथलीट मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले ने तीन कांस्य पदक जीते। इसके अलावा नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में रजत पदक जीता, अमन सेहरावत ने कुश्ती में कांस्य पदक जीता और भारतीय हॉकी टीम ने सफलतापूर्वक अपना कांस्य पदक बरकरार रखा।

राष्ट्रीय गौरव के इस क्षण में सभी पदक विजेता एथलीटों को 15 अगस्त 2024 को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की। 28 अगस्त से 08 सितंबर 2024 तक आयोजित पेरिस पैरालिंपिक 2024 खेलों में भारत ने अपने अब तक के सबसे बड़े दल के साथ इतिहास रच दिया। एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदक जीते और पदक तालिका में 18वां स्थान हासिल किया। यह ऐतिहासिक प्रदर्शन पैरालंपिक इतिहास में देश की अब तक की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि है। फिडे शतरंज ओलिंपियाड और



विश्व शतरंज चैंपियनशिप हंगरी के बुडापेस्ट में 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड में देश की शतरंज प्रतिभा ने नई ऊंचाइयों को छुआ। जहां भारतीय पुरुष और महिला शतरंज टीमों ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। गुकेश डी, प्रग्गनानंद आर, अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती जैसे शानदार खिलाड़ियों वाली पुरुष टीम ने प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाकर 11 में से 10 मैच जीते और अंतिम दौर में स्लोवेनिया को हराया। गुकेश डी और अर्जुन एरिगैसी ने अपने असाधारण प्रदर्शन के लिए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीते। हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली आर, दिव्या दशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की भारतीय महिला टीम ने शुरूआती झटकों से उबरते हुए फाइनल राउंड में अजरबैजान को हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के युवा शतरंज खिलाड़ियों की ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की और विजयी टीमों को नयी दिल्ली में सम्मानित किया जिसमें भारतीय शतरंज इतिहास में इस उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मनाया गया।

एक असाधारण उपलब्धि के तहत डी. गुकेश ने सिंगापुर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को हराकर 2024 में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन के रूप में भी इतिहास रच दिया। अस्मिता महिला लीग पूरे देश में 20 खेल विधाओं में आयोजित की गई हैं जिसका उद्देश्य छोटे शहरों और गांवों से भी महिला एथलीटों को शामिल करना है। अब तक आयोजित 766 प्रतियोगिताओं में 83,763 महिला एथलीटों ने इस पहल में भाग लिया है जिससे खेलों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। कीर्ति (खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन) कार्यक्रम ने पूरे भारत में युवा खेल प्रतिभाओं की पहचान करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। आधुनिक तकनीक और सर्वोत्तम विधियों का उपयोग करते हुए कार्यक्रम के दो चरण पूरे हो चुके हैं। 9 से 18 वर्ष की आयु के बीच स्कूल जाने वाले बच्चों की पहचान करने के लिए देश भर में 1.8 लाख से अधिक दक्षता परीक्षण आयोजित किए गए हैं जिससे एक निर्बाध और कुशल प्रतिभा पहचान प्रणाली सुनिश्चित हुई है। रीसेट (पूर्व खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण) कार्यक्रम 29 अगस्त 2024 को पूर्व खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया था। यह कार्यक्रम पूर्व खिलाड़ियों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करता है जिससे उन्हें विभिन्न करियर क्षेत्रों में अधिक रोजगार योग्य बनाया जा सके। अब तक 18 विषयों में 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 30 प्रशिक्षुओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर लिया है।

# आरबीएम की बैठक में आंदोलन की रणनीतियों पर बनी सहमति

सीसीएल प्रबंधन के विरुद्ध उफान पर विस्थापितों का आक्रोश



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सोमवार को कथारा स्थित जीएम ग्राउंड में रैयत विस्थापित मोर्चा की एक अहम बैठक मोर्चा के जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिस बैठक का संचालन शाने रजा द्वारा किया गया। बैठक में सीसीएल कथारा प्रबंधन की नितियो के साथ साथ रैयतो और विस्थापितों को उनका हक व अधिकार कैसे दिलाई जाये इन बातो पर गहन मंथन हुआ। बैठक में सैकड़ों की संख्या में खेतको, असनापानी, चांपी, अंबाटोला के अलावे दर्जनों विस्थापित गांवो के प्रतिनिधि और पीड़ित शामिल थे। घंटो चले इस बैठक में मुख्य रुप से रैयतो और विस्थापितों को हक व अधिकार दिलाने का मुद्दा छाया रहा। काफी लंबी विचार विमर्श के बाद चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने की रणनीति पर सर्व सम्मति बनी। मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे मोर्चा के अध्यक्ष अंसारी ने मोर्चा की प्रतिबद्धता को दुहराते हुए कहा कि रैयत विस्थापित मोर्चा रैयतो और विस्थापितों को उनका हक व अधिकार दिलाने के लिए हर तरह के आंदोलन को कटिबद्ध है। कहा कि अगर रैयतो विस्थापितों को उनका हक व अधिकार चाहिए तो एकजुटता अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में अपनी सरकार है और मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माननीय फागु बेसरा जी सरकार का हिस्सा है यानी मंत्री है। आप सिर्फ एक जुट रहे मोर्चा सीसीएल प्रबंधन को घुटने पर लाकर खड़ा करने का काम करेगी। इस बैठक में उपरोक्त नेताओं के अलावे रुस्तम अंसारी, सकलैन अंसारी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बोकारो : झारखंड +2 शिक्षक संघ ने गणितज्ञ रामानुजन को किया याद



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड +2 शिक्षक संघ बोकारो ने देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को श्रद्धापूर्वक याद किया। संघ ने संयुक्त सचिव डॉ शक्ति पद महतो एवं गणित की विदुषी सदस्या डॉ रीना कुमारी के संयुक्त संयोजकत्व में सतनपुर रोड स्थित उनके आवास पर कार्यक्रम आयोजित कर गणित के जादूगर रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए, उनके व्यक्तित्व कृतित्व संघर्षों एवं उपलब्धियों को आदर सहित याद किया। सभी पदाधिकारियों ने रामानुजन को भारत माता का सच्चा सपूत बताया एवं उनकी उपलब्धियों को पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय करार दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं सचिव डॉ अवनीश कुमार झा ने आह्वान किया कि आचार्य रामानुजन के सपनों को साकार करने के लिए हम सभी शिक्षक तन-मन-धन से विद्यार्थियों को शिक्षा दें एवं उनको श्रेष्ठ नागरिक बनने में मदद करें। मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह सचिव डॉ अवनीश कुमार झा कोषाध्यक्ष राजदेव साहू संयुक्त सचिव राजेश कुमार विश्वकर्मा संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार सदस्य राजेश महतो मनीषा प्रिया, पुष्पा कुमारी विश्वकर्मा राकेश सिन्हा रामबिलास महतो शामिल थे।

## एक नजर में

### तेनुघाट अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गयी शपथ



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा ने नवनिर्वाचित सदस्य को बधाई दी और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर अधिवक्ता संघ के सदस्य का शुक्रगुजार हूं। वहीं नवनिर्वाचित सदस्य को कहा कि मैं चाहूंगा कि वे संघ को विकास की ओर ले जाए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा ने शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा, मनोज कुमार एवं बिनोद कुमार गुप्ता को धन्यवाद ज्ञापन दिया। संघ को एक साथ लेकर चलूंगा और उनके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा। महासचिव वकील प्रसाद महतो ने कहा कि अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने एक बार पुनः मुझपर विश्वास कर चुना उसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं। शपथ ग्रहण एवं गोपनीयता की शपथ चुनाव पदाधिकारी प्रबोध कुमार महथा के द्वारा कराया गया। नवनिर्वाचित सदस्य में सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा, उपाध्यक्ष वेंकट हरि विश्वनाथन, महासचिव वकील प्रसाद महतो, संयुक्त सचिव प्रशासन शंकर ठाकुर, संयुक्त सचिव पुस्तकालय राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव, उपकोषाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य निरंजन कुमार महतो, धर्मवीर कुमार जयसवाल, शारदा देवी, नरोतम प्रसाद एवं अनील कुमार प्रजापति ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण एवं गोपनीयता की शपथ के बाद सभी सदस्यों को श्री महथा ने प्रमाण पत्र भी दिया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद नवनिर्वाचित सदस्य को उपस्थित सभी संघ के सदस्य ने बधाई दी। इस अवसर पर चुनाव पदाधिकारी बिनोद कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, मजहर जानी सहित संघ के सदस्यगण मौजूद थे।

### गोमिया मे कांग्रेस के वनभोज मे शामिल हुए मंत्री



**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड में आयोजित कांग्रेस पार्टी के वनभोज सह मिलन समारोह में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार पर हर घर नल जल योजना की राशि 52 सौ करोड़ नहीं देने का आरोप लगाया। मंत्री ने कहा कि राशि नहीं मिलने के कारण राज्य में पेयजलापूर्ति योजनाएं बाधित हो रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक केंद्र सरकार से धनराशि नहीं मिलती, तब तक नल जल योजनाओं में देरी होगी। यह कार्यक्रम आईईएल के कोनार नदी स्थित इंटेक वेल में आयोजित किया गया। जिसमें मंत्री ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उत्पाद विभाग का राजस्व वसूली लक्ष्य 27 हजार करोड़ रुपये है, और इसे बढ़ाकर 30 हजार करोड़ रुपये तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय ने कहा कि यह आयोजन चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहने और मंत्री से मिलने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर प्रमोद सिंह, रामकिशुन राम, अंजनी त्रिपाठी, कृष्णा सिंह, अभय सिन्हा, उर्मिला देवी, फिरोज खान, सोहन साव, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष लुदु मांझी, अमित पासवान, मुखिया बंटी उरांव, शांति देवी, मुमताज आलम, लेखराज चौहान, शम्बू यादव, और घनश्याम महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रेलवे डीआरएम से युवा व्यवसाई संघ फुसरो के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात




**बेरमो।** धनबाद रेलवे मंडल के डीआरएम से युवा व्यवसाई संघ के प्रतिनिधि ने मिलकर फुसरो बाजार में अतिक्रमण की करवाई की जानकारी दी। इस करवाई के लिए डीआरएम ने आश्वस्त किया कि बाजार हित में उचित निर्णय लिया जाएगा। उक्त वार्ता में संघ के अध्यक्ष वैभव चौरसिया, सचिव बैजू मालाकार, कोषाध्यक्ष राकेश मालाकर उपस्थित थे।

### बोकारो रोटरी ने क्रिसमस के उपलक्ष्य में बच्चों के साथ बांटी खुशियां



**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने क्रिसमस के उपलक्ष्य में साल के अंतिम कार्य दिवस पर रोटरी प्ले स्कूल अलगोड़ा में विशेष आयोजन किया। कार्यक्रम में एमजीएम स्कूल के प्रतिष्ठित प्राचार्य और रोटेरियन जकारिया के परिवार के सदस्यगण रोटेरियन अशोक तनेजा अशोक जैन पूनम त्रेहन अनिल त्रेहन मोहन सर और अन्य लोगों ने इस खुशी के अवसर पर भाग लेकर प्यार और सकारात्मकता का संदेश फैलाया। आयोजन का मुख्य आकर्षण छह ट्राइसाइकिलों का दान था जिसे रोटेरियन जकारिया अशोक जैन और सुरेश अग्रवाल ने दिया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने भाग लेने वाले रोटेरियनों और अतिथियों को धन्यवाद दिया और कहा कि हम बच्चों और पूरे समाज के जीवन में सार्थक बदलाव लाने में विश्वास रखते हैं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### बहादुरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा चेकनाका




**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के नेशनल हाईवे 32 बहादुर से दांतु के बीच आए दिन हो रहे सड़क हादसों को लेकर नेशनल हाईवे संख्या 23 बहादुरपुर में चेकनाका लगाया गया है। कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बताया कि नेशनल हाईवे बहादुरपुर के आस पास कुछ दिनों से काफी संख्या में सड़क हादसे हो रहे है इस मद्देनजर बोकारो एसपी के निदेर्शानुसार उक्त स्थान पर चेकनाका लगाया गया है। उन्होंने कहा चेकनाका लगाए जाने से वाहन चालक थोड़ी धीमी गति से वाहन चलाएंगे। साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों से भी अवगत कराया जाएगा जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी। महतो ने बताया चेकनाका होने से दुर्घटनाओं के अलावे अपराध अवैध ढुलाई इत्यादि पर भी लगाम लग जाएगा।

### तेलियाडीह के प्रसेन्नजीत दो दिनों से लापता



**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र अंतर्गत टांगटोना पंचायत के तेलियाडीह गांव निवासी मधुमंगल पाण्डेय के 32 वर्षीय पुत्र प्रसेन्नजीत पांडेय उर्फ विक्की शनिवार की सुबह करीब 6 बजे से ही लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रसन्नजीत पाण्डेय के पिता मधुमंगल पाण्डेय तथा अन्य रिश्तेदारों ने सभी सम्बंधी के घर कसमार जरीडीह पेटरवार रामगढ़ रांची बोकारो सहित कई अन्य जगहों पर खोजा गया। पर कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इधर माता पिता समेत परिजनों का रो-रोकर हाल बुरा है। प्रसेन्नजीत पाण्डेय के पिता मधु मंगल पाण्डेय ने बताया कि उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है और उसका कद करीब 6 फीट है। परिजनों ने बताया कि तीन साल पूर्व रांची स्थित कांके से मानसिक संतुलन बिगड़ने का इलाज चला था। फिलहाल प्रसेन्नजीत पांडेय स्वस्थ्य थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता प्रकाश ने कैंसर पीड़िता से मुलाकात कर आर्थिक मदद की



बेरमो। भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह सोमवार को दुग्दा स्थित रिटायर्ड कॉलोनी निवासी भाजपा कार्यकर्ता संजय प्रसाद उर्फ बुल्ला की अस्वस्थ माता जी का हालचाल जानने रांची स्थित रांची कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र पहुंचे। इस दौरान प्रकाश ने परिवार को इलाज के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। साथ ही उन्होने अस्पताल प्रबंधन से बेहतर इलाज के लिए आग्रह किया। प्रकाश सिंह ने कहा कि बेरमोवासियों के सुख दु:ख में हमेशा साथ खड़े हैं और जहां तक संभव है मदद करते रहेंगे।

### हाथी के हमले से एक व्यक्ति की हुई मौत



बेरमो। डुमरी के बेलाटांड में हाथियों के हमले से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। घटना मधुबन थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि रात के 2 बजे घर के परिवार वाले घर में सो रहे थे तभी चार हाथियों का झुंड घर के समीप पहुंचा और पहले घर को तोड़ा। इसी दौरान जब घर वालों की नींद खुली तो वह हाथी को देखकर भागने लगे वही भागने के क्रम में हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति को अपने चपेट में ले लिया और कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। फिलहाल घटना के बाद से लोगों में आक्रोश है और लोग गिरिडीह डीएफओ को घटना स्थल पर बुलाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस और वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है।

### घटक दलों में सामंजस्य के अभाव से भाजपा हुई पराजित : अशोक चौधरी



बोकारो। स्थानीय सेक्टर 12 स्थित जदयू कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए जदयू नेता पूर्व बियाडा अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि आज की वर्तमान विषाक्त राजनीति में भी जनता दल यू ही देश की एकमात्र पार्टी है जिसने परिवारवाद का पोषण नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार तो इससे दूर हैं ही और पार्टी को भी इससे अछूता रखा है। बीते हुए विधानसभा चुनाव की समीक्षा के सवाल पर चौधरी ने कहा कि बोकारो में विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा लड़ चुके भाजपा के प्रत्याशी तथा भाजपा के साथी करेंगे लेकिन इतना मैं कहना चाहूंगा कि यहां के चुनाव में एनडीए के घटक दलों में सामंजस्य का अभाव दिखा। चौधरी ने कहा कि मैया योजना इस चुनाव में राजनीतिक दृष्टिकोण से इंडिया गठबंधन को सत्ता में वापस आने में बहुत मददगार साबित हुआ है। चौधरी ने कहा कि जदयू प्रदेश अध्यक्ष सांसद खीरू महतो संगठन मजबूती के सवाल के अलावा बीते विधानसभा चुनाव में राजग में जदयू के टिकट की हिस्सेदारी के सवाल पर बुरी तरह विफल रहे हैं। बैठक में डॉ के कुमार प्रवीण कुमार नेपाल महतो पानू महतो शंकर स्नेही सिंह बाल्मीकि सिंह करमचंद महतो हरवंश चौधरी जनार्दन चौधरी तारकेश्वर प्रसाद जोगिंदर केवट सत्य नारायण प्रसाद अशोक, महेंद्र प्रसाद संजय महतो गौतम महतो गोविंद ठाकुर महेंद्र गोप आदि शामिल थे।

# साहिबगंज : रेलवे की ओर से की जा रही जमीन की घेरा बंदी कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध

>> जिरवाबाड़ी चानन एवं कबूतर खूपी की और जाने वाली रास्ते को विभाग की ओर से घेराबंदी का कार्य शुरू किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** दोनों रेलवे की ओर से तीसरी लाइन बिछाने की कवायदा शुरू हो चुकी है। जिसको लेकर रेलवे की ओर से जमीन का घेरा बंदी शुरू किया गया है। इसी के तहत साहिबगंज जिला स्थित जिरवाबाड़ी चानन एवं कबूतर खूपी की और जाने वाली रास्ते को विभाग की ओर से घेराबंदी का कार्य शुरू किया गया इसके बाद ग्रामीण ने विरोध जताते हुए कार्य को बंद कर नपी कर कार्य करने को कहा गया। सैकड़ो ग्रामीण के साथ बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गणेश तिवारी भी वहां मौजूद थे उन्होंने बताया कि कबूतरखोपी, सक्रूगढ़, चानन की ओर जाने वाली एकमात्र सड़क है जिसको रेलवे के द्वारा घेराबंदी किया जा रहा है जबकि यह सड़क पर नगर परिषद के द्वारा सड़क निर्माण भी कराया जा चुका है उस समय तक रेलवे ने अपनी दावेदारी पेश नहीं की लेकिन आज रेलवे के द्वारा घेराबंदी किया जा रहा है जिससे कि गांव में रहने वाले हजारों हजार लोगों का आवागमन बाधित हो जाएगा। इस मामले में विभाग को सोच समझकर समाज के हित को देखते हुए कार्य करना चाहिए। वहीं उन्होंने आगे बताया कि नक्शा के अनुसार रेलवे का रेलवे ट्रैक के मिडिल बिंदु से 43 फीट जमीन निकलता है, लेकिन वह अपना कार्य 60 फीट पर कर रहा है जो सरासर गलत है। कई घंटे तक विरोध करने के बाद रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर चितरंजन मंडल आरपीएफ सब इंस्पेक्टर सरोज सिंह कांस्टेबल जितेंद्र कुमार मनीष कुमार एवं अन्य पदाधिकारी वहां पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की इसके बाद नगर परिषद के अमीन को बुलाया गया। अमीन के द्वारा बताया गया कि रेलवे ट्रैक के मिडल प्वाइंट से मापी करने के बाद रेलवे का जमीन 43 फीट निकलता है वहीं अन्य 11 फीट की सड़क जमीनी नक्शा में दशार्या गया है लेकिन वह अभी तक यह क्लियर नहीं हो पाया है कि वह जमीन राज्य सरकार का है या फिर रेलवे का इसको लेकर अंचल से पंजी 2 में देखने के बाद बताना संभव होगा। वही इसकी जानकारी मिलने के बाद रेल विभाग के एईन मौके पर पहुंचे ग्रामीण एवं पदाधिकारी से मामले की जानकारी ली। वहीं उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि ट्रैक के मिडल प्वाइंट से नाप कर जितना अपना विभाग का जमीन होता है वहीं से कार्य करना है हालांकि उन्होंने बताया कि रेलवे के द्वारा जो कागजात है उसके अनुसार 54 फीट रेलवे की जमीन पड़ती है फिर भी ग्रामीणों की संतुष्टि के लिए इसे मापी कराया जाएगा। वहीं इन सभी बातों के बीच ग्रामीण महिला बताती है कि यह एकमात्र हम लोगों का रास्ता है जिससे कि हम लोग आसानी से सड़क पर निकल सकते हैं अगर यह रास्ता बंद हो जाता है और हम लोगों के घर में बच्चे बीमार पड़ जाते हैं या किसी तरह की अनहोनी हो जाती है तो ऐसी स्थिति में अस्पताल ले जाते ले जाते मर जाएगा। एक मात्र रास्ता है जिस ओर से हमारे मोहल्ले में एंबुलेंस आ सकता है नहीं तो दूसरा कोई रास्ता नहीं है जो इस और एंबुलेंस आ सके इस मामले में सरकार को ध्यान देना चाहिए। मौके पर मनोज तांती, गणेश तिवारी, देव कुमार ठाकुर, रवि कुमार, दरोगा यादव, पिंकू चौधरी, पूर्व वार्ड पार्षद लोक नाथ चौधरी, एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# गोड्डा : छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की दी गयी जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी एवं नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने प्लस टू उच्च विद्यालय के कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति के साथ सड़क सुरक्षा से सम्बंधित नियमों को पालन करने की दिशा मे प्रशंसनीय कदम उठाया हैं। बच्चों मे बढ़ते नशे के बढ़ते प्रचलन से युवा वर्ग दिशा विहीन हो रहे हैं स्कूल प्रबंधन शिक्षक बच्चों के माता पिता द्वारा बच्चों की निगरानी के साथ पुलिस की भूमिका भी अहम हो जाता हैं। नशे के आदि होने पर अपराध की दुनियां की ओर अपना कदम बढ़ा देते हैं, नशे के कारोबारी इस व्यवसाय से बहुत शीघ्रता से धनवान बनने के सपने देखने लगते हैं।

स्कूली बच्चे इनके प्रमुख शिकार होते हैं। जब नशे के आदि बने छात्र सड़कों पर यात्रा करेंगे तो फिर कहां उन्हें ट्रैफिक का ज्ञान रह जाता हैं और कानून का। बच्चों पर निगरानी का दायित्व मा पिता घर के अन्य सदस्य, वर्ग शिक्षक, स्कूल प्रबंधन के साथ पुलिस की जिम्मेदारी बनती हैं। सभी के सहयोग से ही ये बुराई समाज से दूर की जा सकती हैं।

# साहिबगंज में फेरी सेवा संचालन संबंधी बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय में फेरी संचालन संबंधी कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक आहूत की गई। उपायुक्त द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज से फेरी संचालन हेतु अब तक किये गये कार्यों की समीक्षा हेतु जानकारी प्राप्त की। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि साहेबगंज-मनिहारी अंतर-राज्यीय फेरी घाट के संचालन हेतु तैयारियों के क्रम में कार्रवाइयां की गई है। बताया गया कि आम सूचना निर्गत करके इच्छुक जहाज मालिकों से अपने जहाजों को फेरी के परिचालन हेतु भाड़े पर देने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस प्रकार कुल चार प्रस्ताव प्राप्त हुए है। इन प्रस्तावों की संवीक्षा हेतु समिति की बैठक प्रस्तावित थी। परन्तु वांछित संख्या में समिति सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण इस संविक्षा को स्थगित करना पड़ा। इन प्रस्तावों की जांच तदुपरांत नियोजित की जाने वाली जहाजों का चयन किया जाना शेष है। इसके आलोक में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि पारदर्शिता एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से श्रेयस्कर होगा कि प्राप्त प्रस्तावों की संवीक्षा एवं तदुपरांत जहाजों का चयन अपर समाहर्त्ता, साहेबगंज की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा किया जाय। उक्त समिति की बैठक अपर समाहर्ता कार्यालय, साहेबगंज में आहूत होगी, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज को प्राप्त हुए सभी प्रस्तावों में सन्निहित प्रत्येक जहाज की पृथक-पृथक संवीक्षा करेगी तथा यह विनिश्चय करेगी कि संबंधित जहाज परिचालन योग्य उपयुक्त है या नहीं एवं अपने इस विनिश्चय को अभिलेखित करेगी। उपायुक्त द्वारा इस विषय में जानकारी मांगी गयी कि भाड़े पर दिये जाने वालों जहाजों के मालिकों को भुगतेय राशि का विनिर्धारण किसके द्वारा किया जायेगा। जिसके संबंध में एसडीओ साहेबगंज द्वारा अनुरोध किया गया कि उक्त दर के निर्धारण हेतु एक समिति की संसूचना की गई है। उपायुक्त द्वारा यह भी शुल्कों की वसूली की प्रक्रिया एवं माध्यम के विषय में भी जानकारी की अपेक्षा व्यक्त की गई कि जिसके आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी, द्वारा उपायुक्त से निवेदन किया गया कि मालवाहक वाहनों एवं यात्रियों से वसूल किये जाने वाले शुल्कों को नगद एवं डिजिटल दोनों ही माध्यमों से प्राप्त किया जायेगा। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवल गर्ग, अपर समाहर्ता गौतम भगत, एसडीओ आंगरनाथ स्वर्णकार, डीटीओ मिथिलेश चौधरी, छुटेश्वर कुमार दास, अनिल कुमार, आशुतोष कुमार, सीओ बास्की नाथ टुडू व अन्य उपस्थित रहे।

# डीपीएस बोकारो के पुराने विद्यार्थियों का समागम, स्मृतिधारा का हुआ विमोचन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के भूतपूर्व विद्यार्थियों के आयोजित सम्मेलन स्मृति-धारा में सभी ने अपने आह्लादित हो अपने पुराने शिक्षकों का आशीर्वाद लिया तथा कौतूहल उत्साह और पूरी उत्सुकता के साथ अपने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। भावनात्मक स्मृतियां संजोए अपने अतीत में जाकर वे अपने क्लासरूम खेल के मैदान सभागार सहित स्कूल कोने-कोने को निहारते देखे गए। उन्होंने आपस में अपने विचार व अनुभव साझा किए। उस समय के विद्यालय के शिक्षक और वर्तमान में स्कूल के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार वयोवृद्ध शिक्षिका शीला राय शर्मा डॉ एसएस महापात्रा एवं डॉ अरुणजी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। बच्चों ने विद्यालय के इस संस्थापक बैच के पुरातन छात्र-छात्राओं के सम्मान में आर्केस्ट्रा और मनोरम नृत्य तथा संगीत विभाग के शिक्षकों ने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति की। मौके पर प्राचार्य डॉ गंगवार ने भूतपूर्व विद्यार्थियों से आज के बच्चों का मार्गदर्शन कर उनका भविष्य संवारने की दिशा में उनसे सहयोग की अपील की। पुराने शिक्षक डा अरुण श्रीमती शर्मा एवं श्री महापात्रा ने भी उस जमाने के अपने विचार साझा किए। मौके पर एक स्मारिका मेमोरी बिलिया-स्मृतिधारा का विमोचन भी किया गया। उपस्थित भूतपूर्व विद्यार्थियों में आशीष वर्मा, अमरेश ओझा कुमार रंजन, डॉ मनोज श्रीवास्तव तुषार सिंह, अनुपमा राजीव रंजन प्रणव झा नितिन चरण गौतम मृत्युंजय डॉ सुमित सेठ डॉ सुष्मिता प्रकाश संजू सिन्हा जया सिंह आदि शामिल रहे। अंत में प्राचार्य डॉ गंगवार ने सभी को स्मृति-फलक भेंट कर सम्मानित किया।

# साहिबगंज : सदर अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज (मंडरो)।** जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू की अध्यक्षता में सदर अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में समिति के माननीय सदस्यों ने भाग लिया और अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। मोनिका किस्कू ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाई गई त्रुटियों और कमियों पर विशेष ध्यान दिया गया। जिप अध्यक्ष ने सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। जिप अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत और नागरिकों के लिए सुलभ बनाना हमारी प्राथमिकता है।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान किया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया। राज्यसभा सचिवालय ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति ने राज्यसभा का सत्रावसान कर दिया है। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवम्बर को शुरू हुआ था और 20 दिसम्बर को राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी थी।

### राष्ट्र ने किया चौधरी चरण सिंह को नमन

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह को उनकी 122 वीं जयंती पर भावपूर्ण नमन किया। मुख्य समारोह राष्ट्रीय राजधानी में चौधरी चरण सिंह के समाधि स्थल किसान घाट पर आयोजित किया गया जहां श्री धनखड़ ने श्रद्धासुमन अर्पित किये। उनके साथ केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। कई सांसदों, पूर्व सासंदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश,श्री चौधरी और महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### सरकार ने 38 आईपीएस का किया प्रमोशन, 08 डीआईजी बनाये गये

**पटना।** बिहार में भारतीय पुलिस सेवा (भापुसे) के 38 अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है। राज्य सरकार ने 8 अधिकारियों को डीआईजी रैंक में प्रमोशन दिया है। वही 3 तीन आईपीएस अधिकारी को आईजी रैंक में प्रमोट किया गया है। बिहार सरकार ने जिन आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिला है उनमें सुधीर कुमार पोरिका, चंदन कुमार कुशवाहा, हर किशोर राय, सत्य प्रकाश, आशीष भारती, राकेश कुमार और राजेंद्र कुमार भिल्ल और स्वप्ना मेश्राम जी का नाम शामिल है। इन सभी को डीआईजी में प्रमोट किया गया है। वही आईपीएस दलजीत सिंह, विवेक कुमार और रणजीत कुमार मिश्रा आईजी बनाये गये हैं।

### जीएनएम की छात्रा ने पंखे से लटक दी जान

**भागलपुर।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र स्थित डीआईजी आवास के समीप एक लॉज में जीएनएम की छात्रा ने पंखे से झूल कर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि मृतका अपने बहन साक्षी के साथ किराए के मकान में रहकर पढ़ाई करती थी। मृतका की बहन साक्षी सुबह जब नहाने के लिए गई तो इधर फंदे से झूलकर उसने आत्महत्या ली। जब साक्षी वापस आई तो कमरे में फंदे से लटकता हुआ कंचन का शव देखा।

# बर्फ की चादर में लिपटा शिमला, पर्यटकों का पैसा वसूल

### क्रिसमस से पहले बर्फबारी से पर्यटकों के चेहरे खिले हैं

एजेंसी



**शिमला।** मौसम विभाग का अनुमान एकदम सटीक बैठा और दोपहर से पहले हिमाचल के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गयी। राजधानी शिमला और आस-पास के इलाकों में भी बर्फ की चादर बिछ गयी। बर्फबारी के कारण पर्यटकों के चेहरे खिले हुए हैं। मौसम विभाग ने इस हफ्ते 3 और दिनों में बर्फबारी का अनुमान लगाया है। क्रिसमस और नए साल को देखते हुए इन दिनों कई पर्यटक हिमाचल का रुख कर रहे हैं। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर सोमवार को बर्फबारी के वक्त कई पर्यटक मौजूद थे। बर्फबारी के बाद रिज मैदान का नजारा देखने लायक था।

बर्फ के फाहों के बीच पर्यटक झूमते-नाचते नजर आये, क्योंकि कईयों ने पहली बार बर्फबारी देखी जो इस नजारे को कैमरे में कैद करने से भी नहीं चूके।

कई पर्यटकों ने बताया कि वो कई साल से शिमला आ रहे हैं लेकिन कभी ऐसा नजारा नहीं देखा। पहली बार बर्फ देखने को मिल रही है। जब शिमला आये थे तो लगा नहीं था कि बर्फबारी होगी लेकिन आज हो गयी और पूरा पैसा वसूल हो गया है। हम मनाली भी गए वहां भी बर्फ देखी और यहां भी स्नोफॉल का दीदार कर रहे हैं। मौसम को देखते हुए ही हमने अपना ट्रिप प्लान किया था और प्लान कामयाब रहा क्योंकि हम बर्फबारी में एन्जॉय कर रहे हैं।

**कैसा रहेगा आने वाले दिनों का मौसम :** मौसम विभाग ने 23 दिसंबर को बर्फबारी का अनुमान लगाया था और हुआ भी ठीक वैसा ही। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 7 दिनों में भी मौसम ऐसा ही बना रहेगा. मौसम विभाग ने 24 दिसंबर को भी मध्य पर्वतीय और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का अंदेशा जताया है। इसके अलावा 27 और 28 दिसंबर को प्रदेश भर के कई इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान है।

शिमला के ऊपरी इलाकों के साथ-साथ, लाहौल स्पीति, कुल्लू, किन्नौर आदि जिलों में कई इलाकों का तापमान शून्य और माइनस तक भी पहुंच चुका है. ताबो में सोमवार का न्यूनतम तापमान माइनस 10.2, कुकमसेरी में माइनस 3.7 और कल्पा में माइनस 2.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### शिमला में बिछी बर्फ की सफेद चादर

एक अन्य पर्यटक ने कहा कि ठंड लग रही है लेकिन बर्फबारी में मजा आ रहा है। हमने सुना था कि यहां क्रिसमस पर बर्फबारी होती है और इसी उम्मीद से शिमला आये थे और देखिये हमारी किस्मत से क्रिसमस से दो दिन पहले ही बहुत अच्छी बर्फबारी हो रही है। इस साल दिसंबर में ये दूसरा मौका है जब शिमला और हिमाचल के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी हुई है। कई सालों के बाद दिसंबर में बर्फबारी का दीदार हुआ है. क्रिसमस से दो दिन पहले हुई इस बर्फबारी से इस बार व्हाइट क्रिसमस की उम्मीद जाग गयी है। हर साल लाखों पर्यटक इस सीजन में हिमाचल आते हैं। पर्यटन कारोबारियों को उम्मीद है कि बर्फबारी के बाद क्रिसमस और न्यू ईयर पर टूरिस्ट की तादाद में इजाफा होगा।

# शेख हसीना और बेटे पर हुआ बांग्लादेश में करप्शन का केस

खबर मन्त्र संवाददाता



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें दिन-ब दिन बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ जहां बांग्लादेश सरकार ने उन्हें ढाका भेजने के लिए भारत सरकार को डिप्लोमैटिक नोट भेजा है, वहीं वहां के एक भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने उनके और उनके बेटे सजीब अहमद वाजेद के खिलाफ रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए हुई डील में करप्शन के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बांग्लादेश के एंटी करप्शन कमीशन ने आरोप लगाया है कि रूसी और भारतीय फर्मों द्वारा बनाए जा रहे रूपपुर न्यूक्लियर प्लांट डील में बड़े पैमाने पर करप्शन हुआ है।

एंटी करप्शन कमीशन ने सोमवार को कहा कि खुले स्त्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार यह प्रोजेक्ट वित्तीय अनियमितताओं से भरा है। इसलिए, अधिकारियों की एक विशेष टीम उन आरोपों की जांच कर रही है, जिसमें कहा गया है कि हसीना, वाजेद और हसीना की भतीजी ट्यूलिप सिद्दीक, जो ब्रिटेन की राजकोष मंत्री हैं, ने मलेशिया के बैंक खातों के माध्यम से 12.65 अरब डॉलर मूल्य के परमाणु ऊर्जा परियोजना में 5 अरब डॉलर का गबन किया है। ब्रिटेन की 42 वर्षीय सांसद ट्यूलिप सिद्दीक ने साल 2013 में रूस और बांग्लादेश के बीच न्यूक्लियर प्लांट की डील कराने में बड़ी भूमिका निभाई थी। आरोप है कि उनके परिवार ने इस प्रोजेक्ट में अरबों का घोटाला किया है। अगस्त में पद छोड़ने और ढाका से भागने के बाद से भारत में रह रहीं हसीना या उनकी अवामी लीग पार्टी की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बता दें कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने में भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं।

### प्रत्यर्पण की यूनुस सरकार की मांग की पुष्टि पर टिप्पणी से इनकार

विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के मामले में सोमवार को नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से एक आधिकारिक अनुरोध प्राप्त होने की पुष्टि की है। विदेश मंत्रालय ने एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है लेकिन उन्होंने कहा कि नई दिल्ली ने फिलहाल इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।अधिकारी ने कहा,"ऑन रिकॉर्ड और विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता के हवाले से हम पुष्टि करते हैं कि हमें प्रत्यर्पण अनुरोध के संबंध में आज बांग्लादेश उच्चायोग से एक नोट वर्बल प्राप्त हुआ है। इस समय, हमारे पास इस मामले पर टिप्पणी देने के लिए कोई सूचना नहीं है।

### किशनगंज में दीवार गिरने से तीन की मौत, एक जख्मी

**किशनगंज।** बिहार में किशनगंज जिले के बहादुरगंज थानाक्षेत्र के मुख्य बाजार झांसी रानी चौक के समीप दुर्गा मंदिर के पास रविवार की रात दीवार गिरने से तीन की मौत हो गई है। जबकि, एक जख्मी है। स्थानीय लोगों ने सभी लोगों को इलाज के लिए बहादुरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डाक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि, एक की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई है। एक घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में ही चल रहा है।

घटना के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। जबकि, पूरे गावं मे मातम का माहौल बना हुआ है। मृतक की पहचान मो. आलम, मो. शाहीद आलम, भरत कुमार सभी बहादुरगंज निवासी के रूप मे हुई है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इंकार कर दिया है। घायल की पहचान मो. मुन्ना, बहादुरगंज निवासी के रूप मे हुई है।

### सीएम नीतीश प्रगति यात्रा के पहले दिन पहुंचे वाल्मिकीनगर, कार्यकताओं ने किया स्वागत



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के पहले दिन सोमवार को पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मिकीनगर पहुंचे हैं। यहां मुख्यमंत्री का जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकताओं और अधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।


मुख्यमंत्री आवास से नीतीश कुमार सीधे पटना एयरपोर्ट पहुंचे। हवाईअड्डे पर उनके स्वागत की जबरदस्त तैयारी की गई थी। जदयू विधायक और कार्यकर्ता हवाई अड्डा पर मौजूद थे। सभी ने मुख्यमंत्री को प्रगति यात्रा के लिए विदा किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिन में कार्यक्रम के बाद रात में वाल्मीकि नगर में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रगति यात्रा के दूसरे दिन 24 तारीख को मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा पूर्वी चंपारण पहुंचेगी। मोतिहारी में कार्यक्रम के बाद पटना वापसी का कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उनके कैबिनेट मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत पार्टी के अन्य नेता भी वाल्मिकीनगर पहुंचे हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान 781 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसमें सबसे महत्वपूर्ण योजन ऊर्जा विभाग की है। आजादी से लेकर आज तक बिजली से वंचित लोगों के 139 करोड़ की राशि से ऑन ग्रिड बिजली मुहैया कराया जाएगा।

# बीते सप्ताह की तबाही से निकला बाजार

एजेंसी




**मुंबई।** अमेरिका में महंगाई में नरमी आने से अगले वर्ष ब्याज दर में कटौती बढ़ने की उम्मीद से विश्व बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग, धातु, रियल्टी और सर्विसेज समेत सोलह समूहों में हुई दमदार लिवाली से आज बाजार बीते सप्ताह की तबाही से बाहर निकला तथा सेंसेक्स और निफ्टी आधी फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 498.58 अंक अर्थात 0.64 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,540.17 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 165.95 यानी 0.7 प्रतिशत की उड़ान भरकर 23,753.45 अंक पर पहुंच गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में घट-बढ़ रहा। इससे मिडकैप 0.10 प्रतिशत बढ़कर 46,274.31 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत का गोता लगाकर 54,817.91 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4218 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1638 में लिवाली जबकि 2449 में बिकवाली हुई वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियां हरे जबकि अन्य 18 लाल निशान पर बंद हुईं।

### मुख्यमंत्री योगी ने महाकुम्भ की तैयारियों का लिया जायजा, दिया निर्देश

# महाकुम्भ के कार्यों को समय से पूरा करें



**प्रयागराज।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को महाकुम्भ से जुड़ी तैयारियों का जायजा लेने संगमनगरी पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम अरैल स्थित टेंट सिटी का जायजा लिया। इसके उपरान्त दशाश्वमेध घाट पहुंचे, इसके बाद उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय में अफसरों संग बैठक की। उन्होंने स्वरूपरानी अस्पताल के न्यू ओपीडी ब्लॉक और बर्न वार्ड का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री योगी का हेलीकॉप्टर डीपीएस ग्राउंड में उतरा। यहां से सीधे वह अरैल घाट पर तैयार हो रहे टेंट सिटी पहुंचे और समय के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने उन्हें तैयारियों के बारे में जानकारी दी। इसके उपरांत मुख्यमंत्री गंगा तट पर स्थित दशाश्वमेध घाट पहुंचे। यहां पर उन्होंने पूरे विधि विधान से महादेव का पूजन कर आरती उतारी। पूजन करने के बाद योगी का काफिला मेला प्राधिकरण कार्यालय पहुंचा। जहां मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ बैठक करके महाकुम्भ के तैयारियों की जानकारी ली।

मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने तैयारियों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, नंद गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ सांसद प्रवीण पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, हर्षवर्धन बाजपेई, दीपक पटेल, महापौर गणेश केसरवानी आदि उपस्थित रहें। योगी ने अधिकारियों से मेले की तैयारियों के बारे में चर्चा की। प्रोजेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को परियोजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें रिवर फ्रंट, नागवासुकी मंदिर घाट पर हुए कार्यों के साथ, दारागंज, संगम क्षेत्र, अलोपीबाग फ्लाईओवर से लेकर पांटून पुल निर्माण आदि के बारे में जानकारी दी गई।

# शारदा सिन्हा से जाकिर हुसैन तक, साल 2024 में कई हस्तियों ने दुनिया को कहा अलविदा



**साल** 2024 को खत्म होने में बस कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। नया साल नई ताजगी और नई शुरूआत के साथ दस्तक देने को तैयार है। हालांकि, कई गम हैं, जो कभी भर नहीं पाएंगे। इस साल मनोरंजन जगत की कई हस्तियों ने दुनिया को अलविदा कह दिया। इस सूची में जाकिर हुसैन से लेकर शारदा सिन्हा तक का नाम शामिल है, जिन्हें हमने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

**जाकिर हुसैन:** दुनिया को अलविदा कहने वाले सितारों की लिस्ट में तबला के महान कलाकार और 'उस्ताद' जाकिर हुसैन का नाम शामिल है। फेफड़े की खतरनाक बीमारी इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से जंग लड़ रहे उस्ताद ने 73 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उस्ताद का 15 दिसंबर को निधन हो गया था। हुसैन का सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था।

**शारदा सिन्हा:** छठ गीतों को एक नया आयाम देने वाली अभिनेत्री शारदा सिन्हा ने 5 नवंबर को आखिरी सांस ली। मल्टीपल मायलोमा (एक प्रकार का ब्लड कैंसर) से जंग लड़ रही बिहार की स्वर कोकिला ने 72 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया था। सिन्हा का नई दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा था।

**रोहित बल:** इस साल दुनिया को अलविदा कह देने वाले सितारों की सूची में फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर फैशन डिजाइनर रोहित बल का नाम शामिल है। बल ने 1 नवंबर को अंतिम सांस ली। उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिस वजह से उनका निधन हो गया। उन्हें साउथ दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रोहित बल 63 वर्ष के थे।

**बिजली रमेश:** तमिल फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता बिजली रमेश का 26 अगस्त को निधन हो गया था। लीवर फेल होने की वजह से उन्होंने 46 वर्ष की आयु में दुनिया को अलविदा कह दिया।

**उस्ताद राशिद खान:** भारतीय शास्त्रीय गायक उस्ताद राशिद खान का 55 वर्ष की आयु में 9 जनवरी को निधन हो गया था। कैंसर से पीड़ित उस्ताद का कोलकाता के एक अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

**ऋतुराज सिंह:** टीवी जगत के मशहूर अभिनेता ऋतुराज सिंह का 20 फरवरी को 59 साल की उम्र में निधन हो गया था। अभिनेता अपने मुंबई स्थित घर में थे, जहां देर रात उन्हें हार्ट अटैक आया और उन्हें बचाया नहीं जा सका।

**गणेशन महादेवन:** तमिल फिल्मों और टीवी शोज में बेहतरीन काम कर लोकप्रिय हुए अभिनेता का 9 नवंबर को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे अभिनेता का चेन्नई स्थित आवास पर इलाज चल रहा था।

**पंकज उधास:** मशहूर गजल गायक पंकज उधास का 72 साल की उम्र में 26 फरवरी को निधन हो गया। वह पैंक्रियाटिक कैंसर से पीड़ित थे।

**अतुल परचुरे:** मनोरंजन जगत के लोकप्रिय अभिनेता और कॉमेडियन अतुल परचुरे का 57 वर्ष की आयु में 14 अक्टूबर को निधन हो गया। स्वास्थ्य समस्याओं की वजह से अभिनेता मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती थे।

**विकास सेठी:** टीवी इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता विकास सेठी का 8 सितंबर को नासिक में 48 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। अभिनेता को दिल का दौरा पड़ा था।

**सुहानी भटनागर:** आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'दंगल' में बबीता फोगाट का किरदार निभाकर लोकप्रिय हुईं अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 वर्ष की आयु में 16 फरवरी को निधन हो गया। अभिनेत्री की डमेर्टोमायोसाइटिस से निधन हो गया। (डमेर्टोमायोसाइटिस एक रेयर बीमारी है, जिसमें मांसपेशियों में सूजन पड़ जाती है और त्वचा में चकत्ते पड़ जाते हैं)।

**डॉली सोही:** सर्वाइकल कैंसर से जंग लड़ रही टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री डॉली सोही का 8 मार्च को 48 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

